CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

मुरादाबाद, मंगलवार 16 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 122 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव ने भाजपा के चुनावी गणित पर उठाए सवाल पेज 2



भारत पहली बार स्क्वॉश वर्ल्ड कप चैंपियन बना खेल टाइम्स



हवा-हवाई हुए हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा के जुमले सम्पादकीय



पहले से थी ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमला करने की आशंका पेज 12

# ‘मोदी तेरी कब्र खुदेगी’ नारे को लेकर संसद में हंगामा

## नड्डा बोले- राहुल गांधी-सोनिया गांधी माफी मांगें, प्रियंका बोलीं- रैली में किसने कहा, हमें नहीं मालूम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के 11वें दिन, सोमवार को दोनों सदनों में भाजपा सांसदों ने कांग्रेस की रैली में पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी का मुद्दा उठाया। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम के खिलाफ ऐसी बातें करना, उनकी मौत की कामना करना शर्मनाक है।

नड्डा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है कि 140 करोड़ भारतीयों और विश्व के सबसे प्रसिद्ध नेता को इस तरह के नारों का सामना करना पड़ रहा है। पीएम के खिलाफ नारेबाजी और माफी की मांग लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। दोनों सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई थी, लेकिन शोर-शराबे के कारण 10 मिनट भी चर्चा नहीं हो पाई और कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी -शेष पृष्ठ दो पर



**पीएम के खिलाफ ऐसी बातें करना, उनकी मौत की कामना करना शर्मनाक है... – जेपी नड्डा**




**रैली में स्टेज से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा, फिर पता चला कि किसी ने इंटरव्यू में कहा है, भाजपा को खुद नहीं पता किसने नारेबाजी की... -प्रियंका गांधी**

### मुगलों की राह पर कांग्रेस, जल्द दफन होंगे, राहुल कर रहे औरंगजेब जैसा काम: भाजपा

**नई दिल्ली।** मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारों की वजह से कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली विवादों में आ गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली में जाते समय मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाए। यह रैली दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को हुई। बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि एक बार फिर कांग्रेस का चरित्र सामने आ गया है। वे मोदी जी की मौत की कामना कर रहे हैं। उनकी मुस्लिम लीग और माओवादी सोच सबके सामने आ गई। मोदी की कब्र खोदने की बात करने वाली पार्टी खुद दफन हो जाएगी। राहुल गांधी के नेतृत्व में -शेष पृष्ठ दो पर

### सरकार खुद ही संसद नहीं चलाना चाहती : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव तथा लोकसभा में पार्टी की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि सरकार के मंत्री ही संसद को बाधित कर रहे हैं और इससे लगता है कि सरकार ही खुद संसद नहीं चलाना चाहती है। श्रीमती वाड्रा ने सोमवार को यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने प्रश्नकाल बाधित किया है। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही उन्होंने सदन की कार्यवाही को बाधित करना शुरू किया, जिसके कारण हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### घने कोहरे के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर 80 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को घने कोहरे के कारण 80 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं और कम से कम पांच को नजदीकी शहरों के लिए डायवर्ट किया गया है। हवाई अड्डे की वेबसाइट के अनुसार, 80 से अधिक घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें सोमवार को रद्द रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक कम से कम पांच आगमन उड़ानों को दूसरे शहरों में उतारा गया है। दिल्ली हवाई अड्डे की ओर से सोशल मीडिया पर दोपहर बाद 1:03 बजे की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया गया है कि अब स्थिति में सुधार हो रहा है लेकिन पहले से बड़ी संख्या में उड़ान भरने का इंतजार कर रहे विमानों के कारण स्थिति सामान्य होने में और समय लग सकता है। टाटा समूह की एयर इंडिया ने भी अपनी वेबसाइट पर सुबह 10:48 बजे तक उड़ानों के रद्द होने की जानकारी दी है। दिल्ली के अलावा उत्तर भारत के अन्य शहरों से भी उड़ानों के रद्द होने की जानकारी मिली है। इस मौसम में सोमवार को पहला दिन था जब दिल्ली हवाई अड्डे पर कोहरे का असर देखा गया है।

### पूर्व सांसद डा. रामविलास दास वेदांती का निधन

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व सांसद डा. रामविलास दास वेदांती का निधन हो गया है। रीवा मध्य प्रदेश में एक कथा महोत्सव के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका निधन हो गया। 67 वर्षीय रामविलास दास वेदांती का मंदिर आंदोलन में अहम योगदान रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ के गुरु अवैद्यनाथ स्वामी परमहंस के साथ-साथ रामविलास दास वेदांती 90 के दशक में मंदिर आंदोलन के अग्रणी थे। वह 1996 व 1998 में दो बार सांसद भी रहे हैं। उनका पार्थिव शरीर देर शाम तक अयोध्या पहुंचेगा। मंगलवार की सुबह 10:00 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। अंतिम यात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी शामिल होने की संभावना है।

### भाजपा ने पीयूष गोयल को तमिलनाडु का चुनाव प्रभारी बनाया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने सोमवार को तमिलनाडु और असम विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए। कामर्स और इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल को तमिलनाडु के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त किया। वहीं, भाजपा सांसद बैजयंत पांडा को असम विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों राज्यों में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। तमिलनाडु के लिए केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय सहकारिता एवं उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल को चुनाव सह-प्रभारी बनाया गया है। राज्य में फिलहाल द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और कांग्रेस की सरकार है। वहीं असम में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुनील कुमार शर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री दर्शनाबेन जारदोश को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# अमीरों की विशेष पूजा से भगवान का विश्राम भंग, सुप्रीम कोर्ट नाराज

## बांके बिहारी मंदिर पर अधिकारी-उप्र सरकार तलब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों में पैसे देकर कराई जाने वाली ‘विशेष पूजाओं’ को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। सोमवार (15 दिसम्बर) को शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसी प्रथाओं के कारण देवता के विश्राम समय में बाधा पड़ती है, जो परंपरा और धार्मिक मर्यादा के खिलाफ है। यह टिप्पणी वृंदावन स्थित प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी जी मंदिर में दर्शन समय और पूजा पद्धतियों में बदलाव को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान की गई।

इसी के साथ अदालत ने याचिका पर अधिकारियों से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और विपुल एम. पंचोली शामिल थे, उन्होंने इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार और सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय मंदिर प्रबंधन समिति को नोटिस जारी किया है। मामले की -शेष पृष्ठ दो पर

- भगवान को भी चैन से सोने नहीं देते: सीजेआई
- बांके बिहारी के दर्शन की टाइमिंग बढ़ाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त
- मैनेजमेंट कमेटी को नोटिस

### इंडिगो संकट: सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इन्कार

**कोर्ट ने याचिकाकर्ता से दिल्ली हाईकोर्ट जाने को कहा**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इंडिगो की हजारों फ्लाइट कैंसिल किए जाने के मामले में दखल देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने याचिकाकर्ता से दिल्ली हाईकोर्ट जाने को कहा। कोर्ट ने यह भी कहा कि सभी मुद्दे दिल्ली हाईकोर्ट के सामने विचाराधीन हैं। वे भी संवैधानिक कोर्ट हैं। अगर आपकी शिकायत का वहां समाधान नहीं होता है, तो आपका यहां स्वागत है। इंडिगो के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि डीजीसीए ने फ्लाइट कैंसिल होने और यात्रियों को होने वाली समस्याओं की जांच के लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई है। डीजीसीए की ओर से एविएशन नियमों में बदलाव चलते दिसम्बर के पहले हफ्ते में इंडिगो में क्रू मेंबर्स की भारी कमी हो गई थी। इसके कारण एक से 10 दिसम्बर के बीच इंडिगो की 5000 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हुई थीं।

# पहलगाम में आतंकवादी हमले की साजिश पाकिस्तान में रची गई

शाह टाइम्स ब्यूरो




- एनआईए ने 1597 पन्नों के आरोपपत्र में आतंकी संगठन एलईटी और टीआरएफ के नामों के साथ सबूत पेश किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले के मामले में सात आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी)/द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के सदस्य भी शामिल हैं। आरोपपत्र में पाकिस्तान की साजिश, आरोपियों की भूमिका और मामले से जुड़े सहायक सबूतों का विस्तृत विवरण दिया गया है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी की चार्जशीट में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए- तैयबा /टीआरएफ को पहलगाम हमले की योजना बनाने, उसमें सहयोग करने और उसे अंजाम देने में उसकी भूमिका के लिए एक कानूनी इकाई के रूप में आरोपित किया गया है। सोमवार को जम्मू स्थित एनआईए विशेष न्यायालय में दायर 1,597 पृष्ठों के आरोपपत्र में पाकिस्तानी हैंडलर आतंकी साजिद जट्ट का नाम भी आरोपी के रूप में शामिल है। एनआईए के आरोपपत्र में उन तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी हैं जो घातक आतंकी हमले के कुछ हफ्तों बाद जुलाई 2025 में श्रीनगर के दाचीगाम में ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए थे। तीनों की पहचान फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है। लश्कर-ए- तैयबा/टीआरएफ और उपर्युक्त चारों आतंकवादियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023, शस्त्र अधिनियम, 1959 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। एनआईए ने चार्जशीट में आरोपियों के खिलाफ भारत के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के लिए भी दंडात्मक धाराओं का प्रयोग किया है। बता दें कि पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा धर्म आधारित लक्षित हत्याओं वाले इस हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय नागरिक की मौत हो गई थी। एनआईए ने पिछले लगभग 8 महीनों तक चली गहन वैज्ञानिक जांच के माध्यम से मामले आरसी-02/2025/एनआईए/जेएमयू में साजिश का पता पाकिस्तान से लगाया है, जो भारत के विरुद्ध आतंकवाद को लगातार प्रायोजित कर रहा है।

# हापुड़ में 85 लाख की लूट

- मुनीम की चलती बाइक पर बदमाशों ने मारी लात, तमंचा दिखा ले गए पिट्ठू बैग में रखे रुपये

**पिलखुवा।** हापुड़- गाजियाबाद हाईवे पर सोमवार को सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास घी तेल व्यापारी के मुनीम से तमंचे के बल पर 85 लाख रुपये लूट लिए गए।

बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार दादरी निवासी अजय पाल घी तेल व्यापारी गोपाल के यहां मुनीम का कार्य करते हैं। सोमवार को वह हापुड़ के दो व्यापारियों के यहां से रुपये वसूल कर बाइक से वापस लौट रहे थे। एक व्यापारी से 55 लाख और दूसरे व्यापारी से 30 लाख रुपये लेकर वह हाईवे के रास्ते गाजियाबाद जा रहे थे। जैसे ही अजय पाल सरस्वती अस्पताल के पास फ्लाईओवर पर पहुंचे, तभी पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी बाइक में लात मारकर उसे गिरा दिया। इससे पहले अजय पाल संभल पाते बदमाशों ने तमंचा निकालकर डराया और रुपयों से भरा बैग छीन लिया। इसके बाद दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में जांच शुरू की। हाईवे पर दिनदहाड़े हुई लूट से व्यापारियों में दहशत का माहौल बन गया।

### पूर्व आईएएस राज कुमार गोयल ने मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में शपथ ली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्री राज कुमार गोयल को केंद्रीय सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) के रूप में ‘पद की शपथ’ दिलाई। सूचना आयोग में श्री गोयल के शामिल होने से उम्मीद है कि लंबे अंतराल के बाद केंद्रीय सूचना आयोग पूरी तरह से काम करना शुरू कर देगा। उनकी नियुक्ति को पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने मंजूरी दी थी।



**उत्तराखंड के अल्मोड़ा की निवासी कविता चंद ने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन पर सफलतापूर्वक तिरंगा फहराया।**

### अनिल अंबानी मामले में पूर्व यस बैंक सीईओ राणा कपूर से ईडी ने की पूछताछ

**नई दिल्ली।** मशहूर उद्योगपति अनिल अंबानी से जुड़े पीएमएलए (धनशोधन निवारण अधिनियम) मामले की चल रही जांच में सोमवार को यस बैंक के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी राणा कपूर सोमवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय मुख्यालय में पेश हुए। ईडी का आरोप है कि कपूर और अंबानी के बीच एक क्विड प्रो. क्वो (किसी चीज़ के बदले कुछ) समझौता हुआ था, जिससे यस बैंक को खासा वित्तीय नुकसान हुआ। ईडी के अनुसार जब राणा कपूर यस बैंक के प्रमुख थे, तब 31 मार्च 2017 तक रिलायंस अनिल अंबानी समूह (एडीएजी) में बैंक का जोखिम लगभग 6,000 करोड़ रुपये का था।

# लगातार दूसरे महीने आम आदमी को राहत, 0.32% रही मुद्रास्फीति दर

शाह टाइम्स ब्यूरो



- थोक मुद्रास्फीति की दर नवम्बर में लगातार दूसरे महीने शून्य से नीचे

**नई दिल्ली।** खाने-पीने की चीजों और ईंधन एवं बिजली वर्ग की वस्तुओं की कीमतों में सालाना आधार पर गिरावट के कारण थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर नवम्बर में शून्य से 0.32 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई।

देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में नई पीढ़ी के सुधारों के बाद यह लगातार दूसरा महीना है जब थोक मुद्रास्फीति शून्य से नीचे रही है। इससे पहले अक्टूबर 2025 में थोक मुद्रास्फीति शून्य से 1.21 प्रतिशत कम थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि नवम्बर में खाद्य वस्तुओं की थोक मुद्रास्फीति शून्य से 2.60 प्रतिशत कम रही है जो अक्टूबर में शून्य से 5.04 प्रतिशत नीचे रही है। नवम्बर 2024 की तुलना में नवम्बर 2025 में प्याज की थोक कीमत 64.70 प्रतिशत, आलू की 36 प्रतिशत, सब्जियों की 20.23 प्रतिशत और दालों की 15.21 प्रतिशत कम हुई है। गेहूं, धान और फलों के दाम में भी सालाना आधार पर गिरावट रही है। खाने-पीने की चीजों की अलावा थोक में ईंधनों की कीमतों में भी भारी गिरावट देखी गई है। कच्चा तेल के दाम 13.92 प्रतिशत कम हुए। पेट्रोल 1.75 फीसदी और डीजल 1.64 फीसदी सस्ता हुआ। रसोई गैस की कीमत में 12.78 फीसदी की गिरावट आई है। अन्य वस्तुओं की कीमतें भी या तो एक साल पहले के मुकाबले कम हुई हैं या उनकी वृद्धि दर कम रही है। इससे पहले 12 दिसम्बर को जारी खुदरा महंगाई के आंकड़ों में भी इसकी दर 0.71 प्रतिशत रही थी। रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गत 5 दिसम्बर को जारी मौद्रिक नीति समीक्षा बयान में चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान घटाकर दो प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बयान जारी करते हुए कहा था कि चालू वित्त वर्ष की 31 दिसम्बर को समाप्त हो रही तीसरी तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति 0.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मुद्रास्फीति 3.9 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में चार प्रतिशत रहने की संभावना है।

# मनरेगा स्कीम की जगह लेगा विकसित भारत ‘जी राम जी’

- मोदी सरकार नया बिल ला रही
- प्रियंका गांधी बोलीं: महात्मा गांधी का नाम क्यों हटा रहे

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून मनरेगा को खत्म कर नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने जा रही है। इसे मौजूदा शीतकालीन सत्र में चर्चा के लिए सूचीबद्ध भी किया गया है।

बिल की कॉपी सोमवार को लोकसभा सांसदों के बीच सर्कुलेट की गई है। इसका नाम ‘विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) बिल, 2025’ रखा गया है। नए बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य ‘विकसित भारत 2047’ के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी। इधर कांग्रेस ने सरकार के फैसले का विरोध किया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### कफ सिरप मामले में कुंडली खंगालने में जुटी एजेंसियां

**वाराणसी।** कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमें सरगना शुभम जायसवाल के कई ठिकानों और घर पर छापा मारकर करीबियों तथा परिजनों से पूछताछ कर रही हैं। वहीं विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने शुभम जायसवाल के ससुराल पहुंचकर पूछताछ की। ड्रग विभाग की टीमें भी लगातार शैली ट्रेडर्स से जुड़ी फर्मों की जांच कर रही हैं। वाराणसी, जौनपुर, चंदौली, लखनऊ और गाजियाबाद समेत कई जिलों में पुलिस शुभम जायसवाल के साथ काला कारोबार करने वालों को रडार पर रखे हुए है। ईडी और एसआईटी टीम ने शुभम जायसवाल के अमर नगर में सोनिया रोड स्थित ससुराल पहुंचकर साले और परि. जनों के बैंक खातों तथा प्रॉपर्टी दस्तावेजों की जांच की। बताया जा रहा है कि शुभम ने काला धन प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त में भी लगाया है। एसआईटी के अनुसार शुभम से जुड़े सभी कारोबारियों से बारी-बारी पूछताछ और रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

### यूपी से गुजरने वाली 24 ट्रेनें रद्द, ठंड और कोहरे बना कारण

**नई दिल्ली।** रेलवे ने ठंड और भारी शीतलहर के मद्देनजर 24 ट्रेनों को दो से ज्यादा महीनों के लिए रद्द कर दिया है। रेलवे के इस फैसले के चलते यूपी के यात्रियों को अच्छी-खासी परेशानी उठानी पड़ सकती है। साथ ही पहले की बनी-बनाई यात्रा की योजनाएं बिगड़ सकती हैं। यूपी में इन दिनों ठंड और को. हरे का डबल अटैक है। तापमान गिरकर 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। विजिबिलिटी भी खासी प्रभावित हुई है, कई जिलों में ख़श्यता शून्य रिकॉर्ड किया गया है। इसका असर यातायात पर भी पड़ रहा है, खासकर रेल यातायात की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

# यूपीपीएससी के बाहर प्रतियोगी छात्रों का प्रदर्शन

■ पुलिस से झड़प, हटाने के लिए हल्का बल प्रयोग किया

**प्रयागराज, वार्ता**

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग (यूपीपीएससी) की भर्ती परीक्षाओं में कथित भ्रष्टाचार को खत्म करने और पारदर्शिता की मांग को लेकर प्रतियोगी छात्र-छात्राओं ने सोमवार को आयोग पर प्रदर्शन किया। अपने हाथों में पोस्टर बैनर लेकर छात्र-छात्राओं ने लोक सेवा आयोग के गेट नंबर 2 के बाहर धरना दिया और आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रतियोगी छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर हाथों में पोस्टर बैनर ले रखे थे। प्रतियोगिता छात्र छात्राओं की मांग की है कि आयोग भर्ती परीक्षाओं की संशोधित आंसर सीट की जारी करे। इसके अलावा श्रेणी वार अभ्यर्थियों का कट ऑफ मार्क्स भी जारी करे। प्रतियोगी छात्र हुंकार मंच समेत कई प्रतियोगी छात्र संगठनों ने आंदोलन समर्थन दिया है। प्रतियोगी छात्रों के महा आंदोलन को लेकर पुलिस और प्रशासन पहले से अलर्ट मोड में था, जिसके चलते लोक सेवा आयोग के पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। मौके पर पुलिस, पीएसी के साथ ही आरएएफ को तैनात किया गया था। आयोग के खिलाफ धरना प्रदर्शन और आंदोलन कर रहे प्रतियोगी छात्रों को पुलिस ने फिलहाल बलपूर्वक हटा दिया है। धरने से हटाने के दौरान छात्रों से पुलिस की झड़प भी हुई। पुलिस ड्रोन कैमरे से भी छात्रों के इस आंदोलन की निगरानी कर रही है। मौके पर कई थानों की पुलिस फोर्स और कई एसीपी तैनात किए गए हैं।

### छात्रों के साथ मारपीट भाजपा के सत्ता अहंकार का द्योतक: अखिलेश

**लखनऊ।** प्रयागराज में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलनरत छात्रों के साथ दुर्व्यवहार की निंदा करते हुए समा. जवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बेरोजगारी की पीघ से गुजर रहे युवाओं के साथ अमानवीय तरीके से मारपीट भाजपा के सत्ता अहंकार का प्रतीके है। यादव ने यहां एक बयान में कहा कि लोक सेवा आयोग में भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्र-नौजवानों के साथ अमानवीय और दुर्व्यवहार करने का जो काम उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है, वह भाजपा का सत्ता का अहंकार है, जो अमानुषिक बनकर अपनी ताकत दिखा रहा है।

# कम नहीं है भाजपा में नए प्रदेशाध्यक्ष की चुनौतियां

**शाह टाइमस ब्यूरो**



■ अगले वर्ष प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भी नेतृत्व चयन में अहम कारक रहे, सरकार के साथ संतुलन भी बैठाना होगा

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को पार्टी में उत्तर प्रदेश का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा के इस फैसले को 2024 के लोकसभा चुनावों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन और 2027 के विधानसभा चुनावों की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

नए प्रदेश अध्यक्ष के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। इसके अलावा अगले वर्ष प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भी नेतृत्व चयन में अहम कारक रहे। ऐसे में पार्टी ने एक बार फिर ओबीसी नेतृत्व को आगे कर सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश की है। नामांकन के बाद पंकज चौधरी ने कहा कि जो पार्टी दायित्व देती है, उस पर निष्ठा से कार्य करना ही कर्तव्य है। मैं कार्यकर्ताओं के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा और उनकी बात सुनूंगा। दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से सांसद रहे हैं और फ़िलिहाल गोरखपुर शहरी सीट से विधायक हैं, इसी जिले की पड़ोसी सीट महाराजगंज से पंकज चौधरी सांसद हैं। उनके सामने एक बड़ी चुनौती योगी के साथ तालमेल बैठाना भी है। इस फैसले के साथ ही राज्य में पार्टी के सबसे अहम संगठनात्मक पद को लेकर चल रही महीनों की अटकलों पर विराम लग गया। पंकज चौधरी भाजपा के 15वें प्रदेश अध्यक्ष होंगे और वह प्रदेश में पार्टी की कमान संभालने वाले चौथे कुर्मी नेता बने हैं। पंकज चौधरी को संगठन और सरकार दोनों का अनुभवी नेता माना जाता है। साल 2021 से वो केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री हैं और वर्तमान में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री की ज़िम्मेदारी संभाल रहे हैं।

पार्टी संगठन में भी उनकी पकड़ मजबूत रही है। राजनीतिक विश्लेषक ने कहा कि भाजपा नए समीकरण की तलाश कर रही है, लेकिन इससे बहुत फ़ायदा होने की उम्मीद नहीं है। भाजपा साल 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे से डरी हुई है। इस फ़ैसले की वजह यह है कि पंकज चौधरी कुर्मी जाति से आते हैं, जिनका प्रदेश के कई जिलों में प्रभाव माना जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है, ये समझ से परे है कि पूर्वांचल से मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने का क्या औचित्य है, यह ज्यादातर ऑप्टिक्स का मामला लगता है। राजनीतिक हलकों में पंकज चौधरी योगी के विरोधी माने जाते हैं। हालांकि मुख्यमंत्री के कद के आगे उनकी बराबरी नहीं है। इसके अलावा वो कुर्मियों के सर्वमान्य नेता नहीं हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में सभी दलों से जीतने वाले सांसदों में 11 कुर्मी समुदाय से आते हैं। इस समुदाय की आबादी का गैर-आधिकारिक आंकड़ा क़रीब 7 फ़ीसदी माना जाता है।

## लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित कर बोले योगी

# नेहरू के कारण मिला उग्रवाद व अलगाववाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



नेहरू ने जम्मू कश्मीर को इतना विवादित करने का कार्य किया कि वह भारत को लगातार डसता रहा लौह पुरुष ने हमेशा विभाजन का विरोध किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कारण कश्मीर से देश को उग्रवाद, अलगाववाद प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का यशस्वी नेतृत्व और लंबे समय तक प्राप्त होता, लेकिन देश का दुर्भाग्य रहा कि 15 दिसम्बर 1950 को उनका नश्वर शरीर जवाब दे गया। उनकी स्मृतियां, देश के प्रति सेवाएं व योगदान चिरस्मरणीय अध्याय बन गया। देश वर्तमान भारत के शिल्पी के रूप में सदैव लौहपुरुष का स्मरण करेगा। योगी ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के करमसद में सामान्य किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने परिश्रम से उच्च शिक्षा अर्जित की। इसके पीछे उनका उद्देश्य आजीविका प्राप्त कर विदेशी हुकुमूत की नौकरी करना नहीं, बल्कि देश- दुनिया को समझकर अपनी प्रतिभा व ऊर्जा का लाभ भारत मां के चरणों में समर्पित करना था। देश जब आजाद हो रहा था, उस समय उन्होंने पुरजोर तरीके से भारत के विभाजन का विरोध किया। उन्होंने 567 रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया। योगी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर रियासत कहां शामिल हो, इसे लेकर असमंजस की स्थिति थी, तब जवाहर लाल नेहरू ने कहा कि मैं पहल करूंगा। जम्मू कश्मीर पं. नेहरू के हाथों में था, लेकिन उन्होंने जम्मू-कश्मीर को इतना विवादित करने का कार्य किया कि आजादी के बाद से वह लगातार भारत को डसता रहा। देश पीएम मोदी का आभारी है, जिन्होंने धारा-370 को समाप्त कर कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए एक देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान के संकल्प को आगे बढ़ाया।

### किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें अधिकारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन और प्रशासन अन्नदाता किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें।

'जनता दर्शन' कार्यक्रम में पीएसी के सिपाही ने अपनी समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए मामले के उचित निस्तारण का निर्देश दिया। शाहजहांपुर से आए किसान ने मुख्यमंत्री से धान खरीद केंद्र की लाप. रवाही की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अन्नदाता किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### संस्कृति प्रेमियों के लिए गर्व का क्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि संस्कृति प्रेमियों के लिए गर्व का क्षण आया है, जब दुनिया के सबसे दिव्य और अलौकिक उत्सव दीपावली को यूनेस्को ने अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दी है। सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किए गए अपने संद. `श में मुख्यमंत्री योगी ने अपील की है कि वे इस गौरवशाली यात्रा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण में भाग लें। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश 'योगी की पाती' में कहा कि यूनेस्को की इस मान्यता से न केवल भारतीय सनातन संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश के लिए भी गर्व का क्षण है।

# अखिलेश ने भाजपा के चुनावी गणित पर उठाए सवाल

**शाह टाइमस ब्यूरो**



■ पीडीए प्रहरी के कारण एसआईआर में गड़बड़ी नहीं कर सकी बीजेपी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री के एक बयान का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी पर सीधा हमला बोला है।

अखिलेश यादव का कहना है कि मुख्यमंत्री स्वयं यह स्वीकार कर रहे हैं कि एसआईआर के दौरान जो लगभग चार करोड़ मतदाता वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किए गए, उनमें से 85 से 90 प्रतिशत भाजपा के मतदाता थे। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस बयान के कई राजनी. तिक और गणितीय निहितार्थ निकलते हैं। उनका कहना है कि पहला निष्कर्ष यह है कि 'पीडीए प्रहरी' की सतर्कता के चलते एसआईआर प्रक्रिया में भाजपा अपनी मनमाफिक गड़बड़ी नहीं कर सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन मतदाताओं को साक्ष्यों के अभाव में सूची से बाहर किया गया, उनमें भारी बहुमत भाजपा समर्थकों का था, जिससे यह संकेत मिलता है कि अनियमितताओं की जड़ भी भाजपा के वोट बैंक में थी। उन्होंने आंकड़ों के आधार पर कहा कि यदि चार करोड़ मतदाताओं में से न्यूनतम 85 प्रतिशत भी भाजपा समर्थक मान लिए जाएं, तो लगभग तीन करोड़ 40 लाख मतदाता कम हो गए। उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों के लिहाज से यह प्रति सीट औसतन करीब 84 हजार वोटों की कमी को दर्शाता है।



**सेंसेक्स** 85213.36
**निफ्टी** 26027.30



**सोना रु.** 133442
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 192222
प्रति किलो



# रुपये के दबाव में लुढ़के शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



रुपए में लगातार जारी गिरावट के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 54.30 अंक (0.06 प्रतिशत) फिसलकर 85,213.36 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 19.65 अंक यानी (0.08 प्रतिशत) गिरकर 26,027.30 अंक पर रहा। रुपए पर आज भारी दबाव रहा। बीच कारोबार में यह पहली बार 90.80 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इससे शेयर बाजारों में निवेश धारणा कमजोर रही। बाजार में आज शुरुआती गिरावट रही। दोपहर बाद कुछ देर के लिए सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान को छूने में कामयाब रहे, हालांकि अंत में गिरावट में लाल निशान में ही बंद हुए। बड़ी और मझौली कंपनियों पर जहां दबाव रहा, वहीं छोटी कंपनियों में निवेशकों ने लिवाली की।

निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक में 0.08 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि स्मॉलकैप-100 में 0.21 प्रतिशत की तेजी देखी गई। च्वॉइस इक्विटी ब्रोकिंग के विश्लेषक अमृता शिंदे और मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियर सर्विसेज में वेल्थ मैनेजमेंट के अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने बताया कि वृहद बाजार में निवेशकों ने चुनिंदा कंपनियों में खरीदारी की। एनएसई में कुल 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,665 के शेयर हरे निशान में और 1,468 के लाल निशान में बंद हुए। वहीं 104 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। ऑटो, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टरों में ज्यादा गिरावट रही। मीडिया, एफएमसीजी, आईटी, बैंकिंग, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 15 कंपनियों के शेयर हरे निशान में बंद हुए। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 1. 42 प्रतिशत चढ़ा। ट्रेंट में 0.79 फीसदी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 0.70, एशियन पेंट्स में 0.53 और टाटा स्टील तथा इंफोसिस दोनों में 0.52 फीसदी की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 1.94 फीसदी गिरा।

# सोना 1.33 लाख के ऑलटाइम हाई पर, चांदी का भाव गिरा

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने के दाम ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम सोने की कीमत 732 रुपए बढ़कर 1,33,442 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,32,710 रुपए पर था। चांदी के दाम में आज गिरावट देखी गई है, जो 2,958 रुपए गिरकर 1,92,222 रुपए किलो हो गई है। इससे पहले ये 1,95,180 रुपए पर थी। ये इसका ऑल टाइम हाई भी है।

अलग-अलग शहरों में रेट्स अलग क्यों होते हैं? आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। जियोपॉलिटिकल-रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं। रिजर्व बैंक -चीन जैसे देश अपने रिजर्व बैंक में सोना भर रहे हैं, ये सालभर में 900 टन से ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं, इसलिए दाम ऊपर जा रहे हैं। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और दालों में भी तेजी देखी गयी। गेहूं के दाम घट गए जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 90 रुपए बढ़कर 3,842 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी।

गेहूं 22 रुपए सस्ता हुआ और 2,853 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 36 रुपए गिर गयी। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल औसंतन 234 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। चना दाल का भाव 151 रुपए और मसूर दाल का 132 रुपए बढ़ गया। मूंग दाल 93 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 12 रिंगिट फिसलकर 4,006 रिंगिट प्रति टन रह गया। जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.02 प्रतिशत गिरकर में 50. 06 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 99 रुपए और मूंगफली 87 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। अन्य में गिरावट रही। पाम ऑयल की कीमत 87 रुपए और सूरजमुखी तेल की 57 रुपए गिर गयी। सरसों तेल 53 रुपए और सोया तेल 12 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 81 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 21 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7833. 90 रुपए, मसूर काली 8164.42 रुपए, मूंग दाल 10080.81 रुपए, उड़द दाल 10361.95 रुपए, तुअर दाल 10598.19 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2852.80 रुपए और चावल 3842.02 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**'मोदी तेरी...**

गई। राज्यसभा की कार्यवाही 12 बजे फिर शुरू हुई। हालांकि, लोकसभा की कार्यवाही 12 बजे शुरू होते ही फिर हंगामा होने लगा, जिसके चलते कार्यवाही 2 बजे तक फिर से स्थगित कर दी गई। भाजपा के आरोपों पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पलटवार किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि हमें नहीं मालूम कि ये सब किसने कहा। रैली में स्टेज से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा। फिर पता चला कि किसी ने इंटरव्यू में कहा है। भाजपा को खुद नहीं पता की किसने नारेबाजी की। पूरा विवाद दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली से जुड़ा है। सोशल मीडिया पर रैली के वीडियो वायरल हुए, जिसमें कांग्रेस की महिला नेताओं और समर्थकों ने मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाए थे। नारे लगाने वालों में कांग्रेस नेता मंजू लता मीणा भी शामिल थीं। वे जयपुर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि वोट में धांधली को लेकर जनता में बहुत गुस्सा है। वे नारेबाजी के जरिये वोट चोरी को लेकर जनता के गुस्से को दिखा रही थीं।

**मुगलों की...**

कांग्रेस का भी वही हाल होगा, जो औरंगजेब के समय मुगलों का हुआ था। भाजपा का आरोप है कि महिलाओं के इस ग्रुप ने पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस का भविष्य शायद वैसा ही होने वाला है, जैसा द लास्ट मुगल किताब में मुगल साम्राज्य के बारे में लिखा गया है। मुगल साम्राज्य में छह लोगों ने शासन किया - बाबर, हुमायूं, अकबर, जहांगीर, शाहजहां और औरंगजेब। छठी पीढ़ी के शासन के बाद मुगल साम्राज्य खत्म हो गया। इसी तरह कांग्रेस पर भी नेहरू परिवार के छह लोगों ने शासन किया है- मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी। राहुल गांधी छठे हैं, जो अभी सत्ता का आनंद ले रहे हैं। इनके बाद कांग्रेस का भी मुगलों जैसा हश्र होगा।

**अमीरों की...**

अगली सुनवाई जनवरी के पहले सप्ताह में होगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान और वकील तन्वी दुबे की दलीलों पर ध्यान दिया, जिन्होंने बांके बिहारी जी मंदिर में देवता के दर्शन के समय में बदलाव और वहां देहरी पूजा सहित कुछ आवश्यक धार्मिक प्रथाओं को रोकने का विरोध किया। दीवान ने कहा कि ये दर्शन का समय परंपरा और रीति-रिवाजों का हिस्सा हैं। जिस समय मंदिर जनता के लिए खुला रहता है, वह एक लंबी परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रूप से सख्त समय का पालन किया जाता रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मंदिर के समय में बदलाव से मंदिर के आंतरिक अनुष्ठानों में बदलाव आया है, जिसमें वह समय भी शामिल है, जब देवता सुबह जागते हैं और रात में सोते हैं। सीजेआई ने मौखिक रूप से कहा कि मंदिर दोपहर 12 बजे बंद होने के बाद भगवान को एक पल भी विश्राम नहीं दिया जाता। जो लोग मोटी रकम दे सकते हैं, उन्हें विशेष पूजा की अनुमति दे दी जाती है। यह देवता के साथ शोषण जैसा है। सीजेआई ने यह भी कहा कि इसी समय में वे लोग बुलाए जाते हैं, जो पैसे दे सकते हैं और विशेष पूजाएं कराई जाती हैं, जबकि यह भगवान के विश्राम का अत्यंत पवित्र समय होता है। वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान और अधिवक्ता तन्वी दुबे, जो मंदिर के सेवायतों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि पूजा और दर्शन के समय को पवित्र माना जाए और उसमें किसी भी तरह का बदलाव न किया जाए। याचिकाकर्ताओं ने यह भी बताया कि मंदिर में मौसम के अनुसार अलग-अलग समय-सारिणी रही है। गर्मी और सर्दी में दर्शन और पूजा के अलग नियम हैं, जो सीधे तौर पर आंतरिक अनुष्ठानों से जुड़े हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सितम्बर 2025 में जारी कार्यालय ज्ञापनों के बाद समय में जो बदलाव किए गए, उससे 'देहरी पूजा' जैसी सदियों पुरानी परंपरा बाधित हो गई। देहरी पूजा केवल गोस्वामियों द्वारा गुरु-शिष्य परंपरा के तहत की जाती है और यह मंदिर बंद होने के समय सीमित स्थान पर होती है, इसलिए भीड़ प्रबंधन के नाम पर इसे रोकना अनुचित है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी दलीलें सुनने के बाद संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

# सीएम दरबार तक पहुंची नाबालिग ध्वनि की फरियाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ न्याय के बजाय शामली जनपद के ग्राम सिलवर की निवासी लौट गई निराशा लेकर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में यह सर्वविदित है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रत्येक सोमवार को जनता दरबार लगाकर आमजन की फरियाद सुनते हैं और मंगलवार को गोरखपुर में भी पीड़ितों की समस्याओं के समाधान का प्रयास करते हैं।

इसी विश्वास और उम्मीद के सहारे सैकड़ों किलोमीटर दूर शामली जनपद के ग्राम सिलवर से ध्वनि तरार अपनी फरियाद लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री दरबार तक पहुंची थी, लेकिन वह न्याय की उम्मीद लिए जिस दरबार में आई, वहां से उसे निराशा और टूटे विश्वास के साथ लौटना पड़ा। ध्वनि तरार ने बताया कि वह अपनी मां और एक परिचित के साथ चंडीगढ़ एक्सप्रेस में लटककर लखनऊ पहुंची। रिजर्वेशन नहीं मिला, पूरी रात सर्दी में सफर किया और सुबह करीब पांच बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंच गई। वहां बताया गया कि आठ बजे मुख्यमंत्री से मुलाकात होगी। किसी तरह इंतजार के बाद केवल ध्वनि को ही अंदर जाने दिया गया, उसकी मां को बाहर ही रोक दिया गया। अंदर पहुं. चने पर अधिकारियों ने उसका प्रार्थना पत्र ले लिया और यह कहकर लौटा दिया कि कार्रवाई हो जाएगी। ध्वनि का कहना है कि वह इससे पहले भी कई बार मुख्यमंत्री दरबार में प्रार्थना पत्र भेज चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुनवाई नहीं हुई। ध्वनि की कहानी केवल जमीन विवाद की नहीं है, यह एक ऐसी बेटी की कहानी है, जिसने पैदा होते ही पिता का साया खो दिया। ध्वनि परमजीत की पोती और गोल्डी सिंह की बेटी है। गोल्डी सिंह शराब के आदी थे। परिजनों के अनुसार शादी के बाद पत्नी सोनिया उन्हें शराब छोड़ने के लिए समझाती थी। ध्वनि के जन्म के महज डेढ़ महीने बाद पारिवारिक तनाव और हालातों के बीच गोल्डी सिंह ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। यहीं से ध्वनि का संघर्ष शुरू हो गया। कुछ समय तक वह अपनी मां के साथ रही, लेकिन सामाजिक दबाव में सोनिया को दूसरे गांव में विवाह करना पड़ा। ध्वनि को बागपत जनपद के खंडेरा गांव में उसके नाना के यहां शरण मिली। उधर उसके दादा परमजीत बीमार रहते थे। उन्होंने अपनी जमीन अपनी पत्नी के नाम वसीयत कर दी थी और बाद में दो हजार ट्वीस में ध्वनि के नाम दाखिल-खारिज भी हो गया। लेकिन जैसे ही उसकी दादी का देहांत हुआ, ध्वनि के चचेरे दादाओं और चाचाओं की नीयत बदल गई। ध्वनि का आरोप है कि उसके चचेरे दादा, दो चाचा और एक चचेरा भाई उसकी करीब तीस बीघा जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। जिस मकान में वह मां के पास रह रही है, उसकी जमीन पर भी चचेरे भाई ने कब्जा कर लिया। पिछले चार-पांच वर्षों से वह तहसील, थाना और प्रशास. निक द"तरों के चक्कर काट रही है, लेकिन कहीं से राहत नहीं मिली। उलटे उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए गए, जमीन के कागजों में हेराफेरी कराई गई और दाखिल-खारिज तक रुकवा दिया गया। ध्वनि ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शामली जनपद का भाजपा जिलाध्यक्ष उसके चचेरे दादाओं का साथ दे रहा है। उसका कहना है कि कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी इस पूरे मामले में दबाव बना रहे हैं। अब तो स्थिति यह है कि उसके अस्तित्व तक पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। चचेरे परिजनों ने प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर यह तक कह दिया कि ध्वनि उनके भाई की बेटी नहीं है, बल्कि किसी और की लड़की है, जिसे विधवा बहू के जरिए लाया गया है। जबकि पूरा गांव जानता है कि ध्वनि परमजीत की पोती और गोल्डी सिंह की बेटी है।

## एक नजर

### सांसद चंदन ने किया उद्घाटन



**बिजनौर।** सांसद चंदन चौहान ने ज्योति मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। इस मौके पर अस्पताल संचालक डॉ. प्रमोद चौधरी, डॉ. अभिषेक चौधरी, डॉ. मोनम सोलंकी एवं डॉक्टर हर्ष चौधरी ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता राजेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष लोकदल नरेंद्र आचार्य, एमपी सिंह, महावीर सिंह, जयपाल सिंह, अंकुल चौधरी, शिवम राणा एवं कर्मचारी नेता राकेश शर्मा आदि मौजूद थे।

### सीओ चांदपुर ने दी जानकारी



**बिजनौर।** चांदपुर स्थित नवोदय विद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत सीओ देश दीपक सिंह ने साइबर अपराध एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकार, ऑनलाइन ठगी के नवीन तरीकों, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ओटीपी व पासवर्ड की गोपनीयता तथा डिजिटल लेन-देन में आवश्यक सावधानियों के संबंध में जानकारी दी गई। यातायात नियमों के अंतर्गत सड़क पर सुरक्षित चलने के तरीके, पैदल चलने वालों के नियम, हेलमेट व सीट बेल्ट का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से करने, नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने, ओवरस्पीडिंग व गलत दिशा में वाहन चलाने से होने वाले दुष्परिणामों तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानक. ारी दी। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में अवगत कराते हुए सभी से कानूनों का पालन कर सुरक्षित एवं अनुशासित नागरिक बनने की अपील की गई। सीओ देश दीपक सिंह ने कहा कि सभी को कानून का पालन करना चाहिए।

### पंचायत सचिवों ने जमा कराए डोंगल



**अफजलगढ़।** प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली सहित मूल विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागीय कार्य सौंपे जाने के विरोध में सत्याग्रह आंदोलन जारी रखा। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सचिवों ने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के समक्ष अपने-अपने डीएससी डोंगल सामूहिक रूप से जमा किए। ग्राम पंचायत सचिवों ने बताया कि उनकी मांगें अभी तक पूरी नहीं की गई हैं।

### अक्स का कुरान पाक मुकम्मल



**सहसपुर।** ग्राम मेवानवादा निवासी अक्स इदरीसी (छह वर्ष) पुत्री ताहिर हुसैन अर्शी ने कुरान मजीद मुकम्मल कर मिसाल कायम की है। उस्ताद कारी मौहम्मद राशिद अंसारी खादिम मदरसा तजवीदुल कुरान ने बच्ची की मेहनत और लगन की हौसला अफजाई की है। परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है।

### कोतवाली देहात में अरमान गिरफ्तार



**बिजनौर।** थाना कोतवाली देहात में 14 दिसम्बर को दूसरे सम्प्रदाय की वादिनी ने तहरीर दी थी कि सिद्धार्थ उर्फ अरमान पुत्र मौहम्मद आसिक निवासी ग्राम महमूदपुर नारायण ने अपनी पहचान छिपा कर शादी का झांसा देते हुए उसके साथ गलत काम किया। साथ ही गाली गलौच करते हुए मारपीट की। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 255/ 2025 धारा 69, 352, 115 (2), 351 (3), 319 (2) व 318 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने सिद्धार्थ उर्फ अरमान को गिरफ्तार कर लिया है।

# जिला पंचायत चुनाव लड़ने के लिए सपा में मंथन का दौर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व में जिला पंचायत चुनाव न लड़ने का निर्णय ले चुकी सपा अब अपने फैसले पर पुन: विचार कर रही है। सूत्रों का कहना है कि सपा में मंथन का दौर चल रहा है कि चुनाव लड़ने में फायदा है या न लड़ने में ही भलाई हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा प्रदेश में मुख्य विपक्षी पार्टी है। सपा के पास नेताओं व कार्यकर्ताओं की फौज मौजूद है। सपा के प्रत्येक ग्राम में कार्यकर्ता मौजूद है। ज्यादातर वरिष्ठ नेता चुनाव लड़ने की इच्छा रखते है। विधायक व पराजित प्रत्याशी भी अपने समर्थकों को जिला पंचायत चुनाव लड़ाने की इच्छा रखते है। हालांकि गुटबाजी के चलते कुछ विधायक चुनाव लड़ाने के पक्ष में नहीं दिखाई देते है। वैसे भी जिला पंचायत अध्यक्ष व क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष के चुनाव का इतिहास रहा है कि हमेशा सत्ता पक्ष ने इसका फायदा उठाया है। इन चुनावों में सत्ता का दुरुपयोग खुलेआम किया जाता है। सूत्रों का कहना है कि सन 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कोई गलत संदेश मतदाताओं में जाने से बचने के लिए सपा ने जिला पंचायत चुनाव न लड़ने का मन बनाया था। क्योंकि आम जनता को यह नहीं पता होता है कि इन चुनावों में सत्ता का दुरुपयोग होता है। वह तो यही समझती है कि हारने वाले कमजोर रहे होंगे।



### वरिष्ठ नेताओं व दावेदारों की चुनाव लड़ने की इच्छा का हो सकता है सम्मान

इस बीच सपा के कई वरिष्ठ नेता व चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार पार्टी हाईकमान तक अपनी यह बात पहुंचा चुके है कि चुनाव में उतरने से नुकसान नहीं, बल्कि फायदा होगा। इससे कार्यकर्ताओं में उत्साह बना रहेगा और पता चलेगा कि किस का कितना जनाधार है। साथ ही चुनाव लड़ने के इच्छुक दूसरी पार्टियों के नेता भी सपा में शामिल होंगे। इससे सपा को मजबूती मिलेगी। सूत्रों का कहना है कि सपा हाईकमान चुनाव लड़ने या न लड़ने को लेकर अपने सलाहकारों से विचार विमर्श कर रहे है। सूत्रों का कहना है कि आने वाले कुछ महीनों में इसे लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकती है। सूत्रों का कहना है कि पार्टी के ज्यादातर नेता व कार्यकर्ता भी चुनाव लड़ने के पक्ष में है। वैसे भी जनपद बिजनौर में सपा की स्थिति काफी मजबूत है। अगर सपा के द्वारा जिला पंचायत सदस्य पद पर अपने प्रत्याशी उतारे जाते है, तो इससे उसे फायदा होगा। गांव-गांव में टीम खड़ी हो जाएगी और आगामी विधानसभा चुनाव में इसका फायदा पहुंचेगा। लेकिन विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक सपा के दावेदारों को इस चुनाव से दूरी बनानी होगी। वरना उनके खिलाफ गुटबाजी बढ़ जाएगी। उन्हें इस चुनाव में पूरी तरह से तटस्थ रहने में ही फायदा होगा। अब देखना यह है कि सपा हाईकमान चुनाव लड़ने को लेकर क्या निर्णय लेता है। कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान किया जाता है या फिर खरीद-फरोख्त के डर से चुनाव से दूरी बनाई जाती है।

### नहटौर में चोरों का आतंक

**नहटौर।** क्षेत्र के दो गांव में चोरों के आंतक को लेकर ग्रामीण खौफजदा है। चोरों ने एक गांव में घर में घुसकर लाखों रुपए की चोरी व दूसरे गांव में घर में घुसकर चोरी के प्रयास के दौरान जाग होने पर गृह स्वामी पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

क्षेत्र के गांव लठमार मिलक निवासी नरेंद्र कुमार अपने घर का ताला लगाकर अपने पुत्र का उपचार करने के लिए ऋषिकेश एम्स अस्पताल गया था। बताया जाता है कि चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर दो तोले सोने व 900 ग्राम चांदी के जेवरात और करीब 20000 रुपए की नगदी चोरी कर ली। चोरी का पता चलने पर नरेंद्र के भाई वीरेंद्र ने पुलिस को तहरीर दी है। इसके अलावा गांव बसावनपुर में चोरों ने राजकिशोर के घर में घुसकर चोरी करने का प्रयास किया। लेकिन जाग होने पर राजकिशोर ने चोरों को पकड़ने का प्रयास किया तो चोरों ने उस पर हमला कर दिया और उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल किया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया है। चोरों द्वारा राज किशोर पर हमला करने को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण चोरों के हमले को लेकर सकते में है। उन्होंने पुलिस से चोरों को पकड़ने की मांग की है। एक ही रात में दो गांवों में चोरों के आतंक को लेकर ग्रामीण खौफजदा है।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता ने लगाई ताकत

### दिल्ली की रैली में बड़ी संख्या में गए कांग्रेसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली की रैली में शामिल होने के लिए गए। कड़ाके की ठण्ड एवं खराब मौसम के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश देखने लायक था।




प्राप्त समाचार के अनुसार लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित रैली में जनपद से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह के कुशल नेतृत्व में जनपद से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता बसों और कारों के काफिले के साथ रैली में शामिल हुए। यह भागीदारी बिजनौर कांग्रेस की संगठनात्मक शक्ति और कार्यकर्ताओं के जोश का प्रतीक थी। जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने कार्यकर्ताओं का नेतृत्व करते हुए रैली को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक जनता का हक पूरी मजबूती से सुरक्षित नहीं हो जाता है और लोकतंत्र को उसका सम्मान वापस नहीं मिल जाता है। जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश है और आम जनता भी कांग्रेस के साथ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के द्वारा विपक्ष का उत्पीड़न किया जा रहा है। लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता वोट चोरों से डरने वाले नहीं है। एसआईआर के नाम पर आम जनता का वोट बड़े पैमाने पर काटने की साजिश हो रही है। उन्होंने कहा कि आम जनता भाजपा सरकार व चुनाव आयोग को माफ नहीं करेगी।

## भाकियू का थाने पर प्रदर्शन



### लापता मुस्कान को बरामद करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** भाकियू तोमर के कार्यकर्ताओं ने लापता कक्षा आठ की छात्रा की बरामदगी के लिए नहटौर थाने पहुंचकर ज्ञापन दिया। 10 दिन के भीतर बरामदगी की मांग की गई। समयावधि में छात्रा की बरामदगी नहीं होने पर थाने में धरने की चेतावनी दी गई।

भाकियू तोमर के कार्यकर्ता थाने पहुंचे। उन्होंने कहा कि मौहल्ला जोशियान की 15 वर्षीय कक्षा आठ की छात्रा मुस्कान 19 सितंबर को ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से निकली थी। उसके बाद लापता हो गई थी। जब से उसका कोई सुराग नहीं लग सका। छात्रा की बरामदगी नहीं होना पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिह्न लगा रहा है। भाकियू तोमर ने 25 दिसंबर तक छात्रा की बरामदगी की मांग की गई। छात्रा के बरामद नही होने पर धरने की चेतावनी दी गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष बिजनौर डॉ. सचिन गुप्ता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिजनौर नीलम गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष अमरकांत शर्मा, हरिओम फौजी, पंकज शर्मा, डा. सुशील शर्मा, जमशेद आलम, सोनी शर्मा, सौम्या कंसल, तनु शर्मा, नसीम अहमद, अनुज शर्मा, सुंदर सैनी, डॉ. गोपीचंद, मौहम्मद साबिर, कासिम अंसारी, अमर कली, खुर्शीद, नसीम, शमशाद, नजाकत, इमरान, जावेद आदि मौजूद रहे।

## स्मार्ट मीटर के नाम से जनता को लूट रही भाजपा सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा के जिला मीडिया प्रभारी अखलाक पप्पू ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता से स्मार्ट मीटर के नाम पर खुली लूट की जा रही है।



### अखलाक पप्पू ने उठाई आवाज

प्रेस को जारी बयान में उन्होंने कहा कि सरकार का यह आदेश न केवल जनविरोधी है, बल्कि इलेक्ट्रीसिटी एक्ट 2003 की धारा 55 का खुला उल्लंघन भी है। जिससे उपभोक्ताओं की सहमति के बिना किसी भी घर में मीटर लगाए जाने पर रोक है। स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता को ठगा जा रहा है। 2018 में जब 2 जी मीटर लगाए गए थे, जनता ने तब भी विरोध किया था। क्योंकि यह मीटर वर्तमान मीटरों की तुलना में 15 से 20 प्रतिशत तेज चलते है। अगर उपभोक्ता का बिल 2000 हजार का आता है, तो स्मार्ट मीटर लगने के बाद बढ़ कर 2500 रुपए तक जमा करना पड़ते है। सरकार के इस तुगलकी फरमान से जनता में इस मुद्दे को लेकर नाराजगी चरम पर है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि जब भाजपा सरकार को 4 जी मीटर लगाने थे, तो 2 जी मीटर क्यों लगाए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता को लुटा जा रहा है। प्रीपेड स्मार्ट मीटर प्रणाली आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ा संकट बनने जा रही है। जैसे ही मीटर में रिचार्ज की राशि खत्म होगी, वैसे ही बिजली बंद हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता के साथ किए जा रहे भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## एक नजर

### अनमोल जिलाध्यक्ष नियुक्त



**बिजनौर।** जनता दल यूनाइटेड की बैठक एक प्रतिष्ठान में आयोजित की गई। जिसमें अनमोल चौधरी निवासी ग्राम प्रेम नगर, शादीपुर कलां को पार्टी का जिला अध्यक्ष ओबीसी नियुक्त किया गया। इस मौके मौहम्मद रिजवान खान जिलाध्यक्ष, अजरा खान जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, मौहम्मद मुनाफ खान, मनीष कुमार, मौहम्मद नईम अहमद, शमशेर, नमन, अक्षय, विशाल चौधरी, सलाम चौधरी, पुलकित शर्मा, गौरव भारद्वाज, गोविंद सिंह, श्रीमती नीतू चौधरी, अनिकेत चौहान, नीतू चौहान आदि उपस्थित रही।

### वनकर्मियों पर उत्पीड़न का आरोप



**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन की तहसील स्तरीय मासिक पंचायत किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील अध्यक्ष कमल सिंह की अध्यक्षता में सदर तहसील पर हुई। ब्लॉक अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा कि रावली खादर क्षेत्र में वनकर्मी आएदिन किसानों को परेशान कर रहें हैं। उन पर झूंठे मुकदमें दर्ज किए जा रहे है। जबकि वास्तविकता यह है कि बड़े भूमाफिया वन विभाग की जमीन को जोत कर गेंहू की बुआई कर रहे हैं। इस मामले में छोटे किसानों पर कार्रवाई की जा रही है, जो गलत है। ब्लॉक अध्यक्ष हालदार धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि तहसील में दाखिल खारिज जल्द से जल्द कराए जाए। आवारा पशुओं से निजात दिलाई जाए। इस मौके पर समस्याओं को लेकर ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। पंचायत में प्रदेश महासचिव ठाकुर राम अवतार सिंह, धर्मेंद्र राणा, अंकुर चौधरी, पंकज शेरावत, विकार अहमद, लोकेश कुमार, पंकज, मनोज कुमार, मुनिदेव, संदीप कुमार, युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत संधू, बृजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### पेंशनर ने उठाई समस्याएं



**बिजनौर।** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर फेडरेशन, सेवानिवृत कर्मचारी व शिक्षक समन्वय समिति व सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के संयुक्त प्रांतीय आह्वान पर जनपद मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट प्रांगण में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शिवध्यान सिंह जिला अध्यक्ष ने की एवं संचालन योगेश्वर जिला मंत्री तथा देशराज सिंह जिला संरक्षक राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने संयुक्त रूप से किया। धरना प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सार्थक चावला तहसीलदार को सौंपा गया। सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शिवध्यान सिंह ने कहा कि वित्त विधेयक 2025 में पेंशनरों में तिथि के आधार पर विभेद करने वाले अंश को हटाया जाए। आठवें वेतन आयोग से पूर्व के सभी वेतन आयोगों के गठन के समय हमेशा से कर्मचारी एवं पेंशनरों को साथ-साथ रखा जाता रहा है। संसद में भी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा इस आशय का बयान स्पष्ट रूप से दिया गया था कि प्रस्तावित आठवें वेतन आयोग में कर्मचारियों के साथ-साथ पेंशनर्स का भी ध्यान रखा जाएगा। किंतु आठवें वेतन आयोग के नोटिफिकेशन को देखने से स्पष्ट हो गया है कि यह विधेयक पेंशनरों को हानि पहुंचाने के लिए ही लाया गया है। केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि इसे अविलंब वापस लिया जाए। गिरिराज सिंह जिला अध्यक्ष शिक्षक महासंघ ने कहा कि केंद्रीय आठवें वेतन आयोग के गठन के बारे में जारी नोटिफिकेशन के टर्म आफ रेफरेंसेस में पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य पेंशनरी लाभों को सम्मिलित किया जाए तथा पेंशन को गैर अंशदाई और गैरवित्तपोषित बताए जाने वाले क्लोज संख्या एफ- 3 को हटाया जाए। धरने को दिग्विजय सिंह, बलवीर सिंह, एसके मिश्रा, ब्रजवीर सिंह, विजेंद्र सिंह राठी, महेंद्र सिंह मलिक, हरवीर सिंह, ओम सिंह, ओमव. ीर सिंह मलिक, प्रीतम सिंह, टीकम सिंह, बृजेश सिंह, जयपाल सिंह, इरफानुद्दीन, ओम प्रकाश शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, शिव सिंह धनगर, बलजीत सिंह, जयपाल सिंह, यशपाल सिंह, रामपाल सिंह अहलावत, रमा चौधरी, आरके वर्मा, टिकेश चौधरी आदि ने संबोधित किया।

### नूरपुर में मजदूर की मौत



**नूरपुर।** मौहल्ला इस्लाम नगर निवासी अकरम पुत्र मुस्तकीम मजदूरी करता था। आज सुबह घर से मजदूरी के लिए लकड़ी के ठेकेदार के साथ पेड़ काटने गया था। पेड़ के ऊपर हाई वोल्टेज विद्युत लाइन गुजर रही थी। इस दौरान रस्सा बांधते हुए करंट आ गया। जिससे अकरम झुलस गया और मौके पर ही मौत हो गई। शोर शराबा सुनकर भीड़ जमा हो गई। खबर सुनकर परिवार के लोग मौके पहुंच गए। अकरम के परिजन उसे अस्पताल में ले गए। जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिवार के सदस्य बिना किसी कार्यवाही के शव को घर ले गए। अकरम की मौत से बीवी व बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल था। मौहल्लेवासियों का गुस्सा लकड़ी माफियाओं के खिलाफ सातवें आसमान पर देखा गया। लकड़ी माफियाओं के खिलाफ पुलिस से कार्यवाही की मांग की गई।

### कुत्ते के हमले में बालिका घायल

**अफजलगढ़।** मौहल्ला बेगम सराय में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप कुत्ते के हमले में छह वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। समाजसेवी सलाउद्दीन अंसारी ने बताया कि उनकी छह वर्षीय भांजी हुमेरा पुत्री दिलशाद अंसारी निवासी धामपुर उनके घर आई हुई थी। इसी दौरान अचानक कुत्तों के झुंड में से एक कुत्ते ने पीछे से आकर हुमेरा पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। सलाउद्दीन अंसारी ने बताया कि मौहल्ला बेगम सराय में कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। झुंड के रूप में घूम रहे कुत्तों के कारण बच्चे भय के कारण घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। उन्होंने एसडीएम एवं नगर पालिका से आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

# विवेक यूनिवर्सिटी में स्वागत समारोह

### छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न मनमोहक नृत्य, गायन, रैंप वॉक की शानदार प्रस्तुति दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक यूनिवर्सिटी के कम्प्यूटर एप्लिकेशन एवं इंजीनियरिंग विभाग के सीनियर्स छात्र-छात्राओं द्वारा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न मनमोहक नृत्य, गायन, रैंप वॉक, प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधन तंत्र द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन द्वितीय वर्ष की छात्र कृतिका एवं काव्य द्वारा किया गया। जिसमें मि. फ्रेशर लवकुश व मिस. फ्रेशर संजना चुने गये। मि. पर्सनैलिटी आदित्य कुमार बी.सी.ए. व मिस. पर्सनैलिटी बी.टेक. अदिति रहें।






विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने कहा कि फ्रेशर समारोह नई शुरूआत की ओर पहला और बड़ा कदम होता है। प्रो. चांसलर इं. दीपक मित्तल ने प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से सभी छात्रों का सामा. जिक एवं सांस्कृतिक विकास होता है। कुलपति प्रो. नरेश गुप्ता ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को अपनी स्मृति को संजोये रखना है। डीन डॉ. हर्ष कुमार ने छात्र-छात्राओं को शुभाशीष प्रदान करते हुए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रांशु कुमार, राशि तंवर, सजल अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल, ईला सिंह, गौरव कुमार, मोहित त्यागी, अंजलि चौधरी, आयुशी, आदि का योगदान रहा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# ससुरालियों ने विवाहिता पर डीजल डाल कर आग लगाई

## जिला अस्पताल में कराया भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सोतखेड़ी में एक महिला को पारिवारिक विवाद में उसके पति व ससुरालियों द्वारा बुरी तरह पीटे जाने और डीजल डालकर आग लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। महिला की चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाई, जिससे उसकी जान बच सकी। गंभीर रूप से झुलसी महिला को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।

पीड़िता शबीना की शादी करीब सात वर्ष पूर्व गांव निवासी सद्दाम से हुई थी। सद्दाम दिल्ली में नौकरी करता है और हाल ही में गांव आया हुआ था। शबीना ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि रविवार को पति समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने पहले उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और बाद में उस पर डीजल छिड़ककर आग लगा दी।

घटना के समय शबीना के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद महिला के मायके पक्ष को सूचना दी गई, जो तत्काल पहुंचा और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार के अनुसार, पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सोलर लाइट एवं हैंड पंप का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल प्रबंधन ने अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के अंतर्गत ग्राम पंचायत मिर्जापुर पल्ला में सोलर लाइट एवं हैंड पंप का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मिल के उपाध्यक्ष (यूनिट हेड) निष्काम गुप्ता एवं ग्राम प्रधान मौ. महमूद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर लोकार्पण किया।

मिल प्रबंधन ने अपने सामाजिक दायित्वों के तहत 7 सोलर लाइट एवं 7 हैंडपंप ग्राम मिर्जापुर पल्ला में सार्वजनिक स्थलों जैसे प्राथमिक विद्यालय, ईदगाह, नई एवं पुरानी मस्जिद, मदरसा, कब्रिस्तान, जनाजा स्थल पर सोलर लाइट लगाए गए हैं एवं आवश्यकतानुसार विभिन्न स्थलों पर गांव में सात सोलर लाइट स्थापित किए गए हैं।



प्राथमिक विद्यालय ग्राम मिर्जापुर पल्ला में हुए संक्षिप्त कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कुमार एवं डॉ. दिलशाद के द्वारा बच्चों से स्वागत गीत एवं सामूहिक राष्ट्रगान आयोजित किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मौ. महमूद ने अपने भाषण में धामपुर शुगर मिल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने उनके निवेदन पर गांव में सोलर लाइट एवं हैंड पंप स्थापित करवाया है।

इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के गन्ना महाप्रबंधक ओमवीर सिंह ने ग्राम वासियों को समय-समय पर जरूरत पड़ने पर सहयोग देने के लिए आश्वासन दिया। डा. दिलशाद, मौहम्मद इब्राहिम, मौलाना आसिफ एवं मौहम्मद कयूम आदि ने अपने-अपने विचार रखें।

इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने अपने संबोधन में शीघ्र ही प्राथमिक विद्यालय में टिन शेड का निर्माण तथा बेंच बनाने के लिए आश्वासन दिया, ताकि विद्यालय के बच्चे एक जगह बैठ करके लंच कर सकें। उन्होंने ग्रामवासियों की मांग पर नि:शुल्क मेडिकल कैंप आयोजित करने के लिए आश्वासन दिया। ग्राम वासियों के द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वह ग्राम मिर्जापुर पल्ला के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

लोकार्पण कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक ललित कुमार, मोनिका, पारुल, शिखा, रचना, बबीता देवी, सईद अहमद, साजिद, कासिम, यूनुस, मौहम्मद अली, इस्लामुद्दीन, इस्लामुद्दीन, मेराज हसन, शादाब, डा. सादिक, रईस एवं धामपुर शुगर मिल प्रबंधन की ओर से अरुण चौहान, विवेक सिंह यादव, विनोद सिंह राणा, वीरेंद्र सुपरवाइजर, अजय पांडेय, सुरजन सिंह भूरे, पप्पू, राजेश आदि उपस्थित रहे। लोकार्पण कार्यक्रम का संचालन कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने किया।

## एक नजर

### भाकियू टिकैत का धरना समाप्त



**नहटौर।** नहटौर ब्लॉक परिसर में 4 दिन से चल रहा भारतीय किसान यूनियन टिकैत का धरना प्रदर्शन समस्याओं के समाधान के आश्वासन पर समाप्त हो गया। गांगन पुल के पास ट्रैफिक पुलिस द्वारा चैकिंग, सड़क किनारे सुखे पेड़ कटवाने, फर्द में अंश निर्धारण, सीसी सड़क के निर्माण, नगर पालिका की सफाई व्यवस्था, विद्युत बिल सही कराने व स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाने आदि सहित 13 बिंदुओं से संबंधित समस्याओं के अधिकारियों के समाधान का आश्वासन मिलने पर धरना समाप्त हो गया। सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय, तहसीलदार धनराज कुमार, विद्युत विभाग के एसडीओ विवेक विश्वकर्मा, बीडीओ प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, भाकियू टिकैत के नगर अध्यक्ष मुनेश अहलावत, जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, पुनीत तुषियार, रिंकु राठी, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर



**हल्दौर।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गोल्डन लायंस नवशक्ति क्लब के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के युवाओं व महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए करीब 25 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का संचालन सीएचसी प्रभारी डॉ. जितेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। जिला अस्पताल से पहुंची चिकित्सकीय टीम में डॉ. जयसमीन खान, सविता वर्मा, नरेश कुमार व मुक. श देवी ने सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से रक्त संग्रह किया। चिकित्सकों ने रक्तदान को मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए इसे सामा. जिक जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इस अवसर पर गोल्डन लायंस नवशक्ति क्लब की अध्यक्ष ईशा मारवाड़ी, सचिव वर्षा मारवाड़ी, कोषाध्यक्ष कंचन रस्तोगी सहित सरिता शर्मा, प्रतिभा शर्मा, स्वाति रस्तोगी, आयुषी मारवाड़ी, हिमांशु, छाया रस्तोगी, कविता चौहान, बबीता मारवाड़ी आदि सदस्य उपस्थित रहे। क्लब पदाधिकारियों ने रक्तदाताओं का आभार जताते हुए भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

### दहेज का सामान जल कर राख



**बिजनौर।** स्थानीय मौहल्ला कस्साबान में गुल्लू कुरैशी के पड़ोस में आग लग गई। बताया जाता है कि उनके बेटों के दहेज में आया सामान जलकर राख हो गया। लाखों नुकसान होने की बात कही जा रही है। गुल्लू कुरैशी के बेटे रिहान और इमरान की शादी में मिलने वाले दहेज का समान बारात से जाने से पहले ही आ गया था। जिसे फिलहाल पड़ोस के मकान में रखा गया था। अचानक आग लगने से दहेज का लाखों का सामान जाकर राख हो गया। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

### नूरपुर में मनमीत सिंह अरेस्ट

**बिजनौर।** ग्राम राहूनंगली निवासी गुरमीत सिंह पुत्र करतार सिंह ने आठ नवम्बर को थाना नूरपुर में तहरीर दी थी कि भूपेन्द्र सिंह भागा, मनमीत सिंह उर्फ मन्नू, हरवेन्द्र सिंह उर्फ मोटा, परवेन्द्र सिंह, आकाश व चाहत सिंह ने घर में घुस कर उसके व परिजनों के बाद गाली-गलौच एवं मारपीट की। साथ ही महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने आरोपी मनमीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

# अफजलगढ़ में खनन माफिया हावी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अफजलगढ़ क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन के विरोध में शिव सैनिकों ने डीएम को ज्ञापन सौंप कर खनन माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। शिव सैनिकों का कहना है कि इनकी वजह से कभी भी हादसा हो सकता है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शिव सैनिकों ने आज डीएम जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि मिट्टी के खनन की अनुमति की आड़ में मिट्टी माफिया ओवरलोडिंग डंपर व ट्रैक्टर-ट्रालियां चला रहे है। जिससे क्षेत्र के रास्ते बर्बाद हो रहे है और कभी भी क्षेत्र में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। दिन व रात में जेसीबी से मिट्टी उठवा कर ट्रैक्टर-ट्राली और डंपरों से भेजी जा रही है। अनुमति की आड़ में अवैध खनन किया जा रहा है। इससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। पांच से छह फिट तक मिट्टी उठाई जा रही है। जिससे आसपास के किसानों को भविष्य में भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। विलायत पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला अपने खेतों से पांच से छह फिट मिट्टी उठवा चुका है। मिट्टी उठवाने वाले और भट्टा स्वामी दबंगई दिखाते है। इन्होंने रास्ते तोड़ दिए है। इनकी वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



शिव सैनिकों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन सौंपने वालों में हरपाल राणा, शमीम अहमद, मनवीर यादव, महेंद्र सिंह सिरोही, बलराम राठी, विजयलक्ष्मी देवी, राधिका देवी, गुरमीत कौर, प्रशांत राणा, आशुतोष, अली खान एड., यादराम सिंह, डॉ. चंद्रपाल सिंह, सरदार कुलदीप सिंह आदि शामिल थे।

## दो पशु चोर गिरफ्तार



**स्योहारा।** ग्राम सतचफुल निवासी सुरेंद्र सिंह ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों द्वारा भैंस व कटिया चोरी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों इकरामुद्दीन पुत्र मुस्तकीम और सलाउद्दीन पुत्र अब्दुल रशीद निवासीगण थाना स्योहारा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई भैंस और उसकी कटिया को बरामद कर लिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पशु चोरी के मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में लोगों ने राहत की सांस ली है।

## एक नजर

### सहकारिता प्रशिक्षण कार्यक्रम



**जलालाबाद।** ग्राम पंचायत तातारपुर लालू में स्थित किसान सेवा सहकारी समिति में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख चौधरी तपराज सिंह ने कहा कि वर्तमान परिवेश में किसान सेवा सहकारी समिति संक्रमण काल से गुजर रही हैं। किसान सेवा सहकारी समितियां को प्रगति के मार्ग पर ले जाने के लिए क्षेत्र के किसानों को विशेष प्रयास करना होगा। ब्लॉक प्रमुख चौधरी ने आश्वासन दिया कि जनवरी-फरवरी में वह इस समिति की चारदीवारी का निर्माण ब्लॉक निधि से करवा देंगे। इफको कंपनी के क्षेत्राधिकारी बिजनौर शिवम तिवारी ने कहा कि किसानों को जैविक खाद का अधिक से अधिक प्रयोग खेती में करना चाहिए। सुरेश राणा की अध्यक्षता एवं समिति कर्मी पवन सैनी के संचालन में संपन्न हुए कार्यक्रम में युवा किसान नेता गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू, धीर सिंह, फहीम अहमद, चौधरी देवेंद्र सिंह सहित क्षेत्र के किसानों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया।

### ग्राम पंचायत स्तरीय किसान पाठशाला



**नहटौर।** राजकीय कृषि बीज भंडार पर कृषि विभाग द्वारा किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार ने की। जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। किसान कच्चे माल से लेकर देश के प्रत्येक नागरिक को भोजन उपलब्ध कराकर राष्ट्रीय आय में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने किसानों से आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनने का आह्वान करते हुए सहफसली खेती, प्राकृतिक खेती, कृषक उत्पादक संगठन (FPO) कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। साथ ही किसानों से आग्रह किया कि अपने घरेलू उपयोग हेतु सब्जी उत्पादन अवश्य करें, जिससे पोषण के साथ आय में भी वृद्धि हो सके। ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार ने कहा कि किसानों को नवीन तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किसान पाठशालाओं का आयोजन निरंतर किया जा रहा है, ताकि किसान आधुनिक कृषि पद्धतियों से जुड़कर अधिक लाभ अर्जित कर सकें। खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने किसानों को अधिक उत्पादन हेतु संतुलित उर्वरकों के प्रयोग की सलाह दी। वहीं भाजपा जिला महामंत्री शोभित त्यागी ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से उनका अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। किसान पाठशाला में एडीओ अमोल तोमर, सुभाष सिंह, सतीश, हरिओम, गजराज, रक्षपाल, महेश, नवनीत, रामपाल, सुरेंद्र, यादराम, हरपाल सहित बड़ी संख्या में कृषकों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### गाड़ी हटाने को लेकर विवाद

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के मौहल्ला हयातनगर में सड़क पर खड़ी गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आफताब पुत्र शहादत हुसैन निवासी मौहल्ला हयातनगर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह दोपहर अपनी गाड़ी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान नई मस्जिद के पास रास्ते में एक गाड़ी खड़ी थी, जो कासिम पुत्र शमशीद उर्फ चम्मी के यहां आए मेहमान की बताई जा रही है। आरोप है कि गाड़ी हटाने को कहने पर कासिम आग-बबूला हो गया और गाली-गलौच करने लगा। विरोध करने पर उसने आफताब के साथ लात-घूंसों से मारपीट की तथा आँख पर कई बार वार किए, जिससे उन्हें चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुँचकर बीच-बचाव किया और पीड़ित को बचाया। आरोप है कि जाते समय आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा चिकित्सकीय परीक्षण के बाद आगे की विधिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# रबी कृषि निवेश मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** विकास खंड हल्दौर परिसर में कृषि विभाग के तत्वावधान में रबी कृषि निवेश मेले का आयोजन किया गया। मेले की अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत प्रमुख बिजेंद्र सिंह ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में आईएएस कुणाल रस्तोगी एवं जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने किसानों को प्राकृतिक खेती, उसके प्रयोग तथा मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मेले का संचालन सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा) राजू सिंह द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता योगेंद्रपाल सिंह योगी ने जैविक खेती के महत्व,





जैविक खेती का महत्व बताया

उपयोगिता एवं इससे होने वाले लाभों पर किसानों को जागरूक किया। गन्ना विभाग के सचिव मुकेश राठी ने गन्ना विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराग सिंह ने पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की रोकथाम, बचाव एवं पोषण प्रबंधन पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं सहायक विकास अधिकारी (कृषि) विकास खंड हल्दौर डॉ. नरेंद्र मलिक ने गेहूं की वैज्ञानिक खेती एवं उन्नत प्रबंधन तकनीकों की जानकारी किसानों को दी। इस अवसर पर कृषि विभाग की टीम के सदस्य धर्मेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, विनीत तोमर, संजय कुमार, सागर तोमर, प्रशांत कुमार सहित रामगोपाल सिंह, हुकम सिंह, सत्यवीर सिंह, छोटे सिंह, हरपाल सिंह, जयपाल सिंह, कान्हा नगला, सुखबीर सिंह, नेपाल सिंह, महावीर सिंह, भूपेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, भूदेव सिंह, महेंद्र सिंह, मुनेश कुमार, सुरेश सिंह, मनोज कुमार शर्मा, तारा सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। मेले के माध्यम से किसानों को आधुनिक, प्राकृतिक एवं जैविक खेती के प्रति प्रेरित किया गया, जिससे उनकी आय में वृद्धि के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल सके।

## सब्जी तोड़कर लौट रही दो महिलाएं बाइक की टक्कर से घायल

**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम सादिकाबाद निवासी सोनी (31 वर्ष) व उपासना (21 वर्ष) पत्नी सुंदरलाल ग्राम बच्चेवाला से शाम सब्जी तोड़कर पैदल घर लौट रही थी। गांव बच्चेवाला के पास एक बाइक सवार ने दोनों महिलाओं को टक्कर मार दी, जिसमे दोनों घायल हो गई। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सोनी की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है।

# उसके आने पर जब से है पहरा लगा...

## शायर के आगमन पर शेरी नशिस्त का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** प्रसिद्धि शायर माजिद शाहिदी के नगीना आगमन पर उनके सम्मान में एक शेरी नशिस्त का आयोजन राकिम भवन में किया गया। नशिस्त की अध्यक्षता प्रसिद्ध समाजसेवी डा. दाऊद नूर नगीनवी ने की तथा संचालन बहार शम्सी ने किया। नशिस्त की शुरुआत शेख नगीनवी द्वारा माजिद शाहिदी पर दिए व्याख्यान से हुई।

इस मौके पर उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए उनको स्मृति चिन्ह तथा शॉल भेंट कर 'अल्लामा इरफान रूमानी' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शेरी नशिस्त की शुरूआत करते हुए हाफिज नगीनवी ने कहा - मेरे पड़ौस में फाके से मर गई बेवा, मैं घूमता रहा हाथों में रोटियां लेकर। बहार नगीनवी ने कहा- मेरे हमसाये की आंखें सवाली हैं कई दिन से, खुदा मेरे मेरी रोजी जरूरत से सिवा कर दे। माजिद देहलवी ने कहा - उसके आने पर जब से है पहरा लगा, खुशबुएं जा चुकी हैं चमन छोड़कर। अतहर शकील ने कहा - जितनी नजर की हद थी गई उसके साथ-साथ, फिर यह हुआ नजर से नजारा चला गया। डा. अहतशाम तिश्ना ने कहा - मुझपे इल्जाम न रख लब नहीं खोले मैंने, मुझसे टकरा के तेरे हाथ का पत्थर चीखा। डा. मुताहर नबील ने कहा - जमाने ने सबक ऐसा सिखाया, किताबों का सबक हम भूल बैठे।

डा. दाऊद नूर ने कहा -हम तो बढ़ेंगे उसकी जानिब जिसको अदावत हमसे है, दुश्मन को दुश्मन ही रखना अपने बस की बात नहीं।

इस अवसर पर डा. मुताहर नबील, समाजसेवी तनवीर अख्तर, सादिक अनीस, मुनीर आलम, जुबैर इकबाल जनजानी, तनवीर अंसारी, मौहम्मद तारिक एडवोकेट, दिलशाद, शफीक आदि भी मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन नगीना एजुकेशनल एंड वेल्फेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में किया गया था।

# खो नदी किनारे अजगर की दहशत

## वन विभाग ने सर्च अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** खो नदी स्थित हाईवे के समीप काफी दिनों से लगभग 15 फिट लंबे अजगर सांप के देखे जाने की सूचना से उसे देखने को लगातार लोगों की लगातार भीड़ बढ़ रही है। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन असगर सांप नहीं मिल पाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खो बैराज स्थित हाईवे के निकट कई दिनों से लगातार सड़क पार करता या सड़क पर घूमते दिख रहे असगर सांप को देखने को लेकर उमड़ रही लगातार भीड़ को देखने के साथ-साथ कुछ युवा मोबाइल द्वारा वीडियो बनाने के चक्कर में उसको पकड़ कर बाहर लाने का प्रयास करते दिखाई दे रहे है। भीड़ की सूचना पर



थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और भीड़ को तितर बितर किया। वहीं सूचना पर पहुंचे वन विभाग के स्योहारा वन रेंज के डिप्टी रेंजर विजय भारत, दरोगा तेजपाल तथा धामपुर रेंज के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर नदी किनारे, झाड़ियों और आसपास के इलाके में काफी देर तक खोजबीन की, लेकिन अजगर का कोई सुराग नहीं लग सका। वन विभाग अधिकारियों के अनुसार आशंका है कि अजगर झाड़ियों के बीच या नदी के पानी की ओर चला गया होगा। विभाग द्वारा जल्द ही दोबारा सर्च अभियान चलाकर अजगर को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी स्थिति में स्वयं अजगर को पकड़ने या उसके पास जाने का प्रयास न करें।

**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर**
वाद सं.-68/2025
**उर्मिला देवी बनाम पुखराज आदि**
श्रीमती उर्मिला देवी उम्र लगभग 61 वर्ष पत्नी स्व. यादराम सिंह निवासी ग्राम नूरअलीपुर भगवन्त, थाना कोतवाली देहात, तहसील नगीना, जिला बिजनौर। पिन कोड- 246764 मो.नं. 7017563246 (आधार कार्ड नं. 526396256036)
**बनाम**
1- पुखराज उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र स्व. यादराम सिंह
2- लोकमन उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र स्व. यादराम सिंह
निवासीगण ग्राम नूरअलीपुर भगवन्त, थाना कोतवाली देहात, तहसील नगीना, जिला बिजनौर। पिन कोड- 246764 मो. नं. 8384829474
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा-7 गार्जियन एण्ड वार्ड एक्ट 1890
हरगाह के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख माह 02.01.2026 ई बवक्त 10 बजे दिन के अलसालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिक के मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो जो कि जवाब में ऐसे सवालात को दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेह के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको समसुआ और फैसला होगा।
नियत दिनांक- 02.01.2026
**प्रबंधक**
**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश**
**परिवार न्यायालय**
**बिजनौर (उ.प्र.)**

**संबंध विच्छेद सूचना**
मेरा पुत्र परवेज आलम बुरी संगत में पड़ गया है। वह आए दिन मुझसे और मेरे परिवार के सदस्यों से मारपीट व बुरा व्यवहार करता है। इसीलिए मैं परवेज आलम को अपनी समस्त चल व अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरा और मेरा परिवार का परवेज आलम से कोई संबंध नहीं रहेगा। न ही उसके किसी लेन देन का में जिम्मेदार रहूंगा। **-शौकत अली पुत्र मोहम्मद अली निवासी ग्राम जोतहिम्मा, पोस्ट मुकरपुरी, थाना स्योहारा, जिला बिजनौर**

**संबंध विच्छेद सूचना**
मेरा बड़ा पुत्र जहीर आलम मेरा कहना नहीं मानता है। इस कारण मैंने अपने पुत्र को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी लेन-देन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **खुर्शीद अहमद पुत्र करीमुल्ला निवासी मौहम्मद विश्नोई सराय, कस्बा व थाना नगीना, जिला बिजनौर।**

**संबंध विच्छेद सूचना**
मेरी पत्नी हसीना व मेरा पुत्र अंसार मेरे कहने में नहीं है। दोनों मां व बेटे की हरकतों से मैं बहुत परेशान हो चुका हूं। इसलिए काफी सोच समझ कर मैंने अपनी पत्नी हसीना व अपने पुत्र अंसार से सभी तरह के संबंध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कार्य व लेनदेन का मैं जिम्मेदार नहीं होऊंगा। **हनीफ पुत्र गफ्फार निवासी ग्राम खेड़ी जट, थाना स्योहारा, जिला बिजनौर**

**सम्बंध विच्छेद सूचना**
मेरे दो बेटे इकरार अहमद व मौ. अन्जार व चार बेटी अफसाना, फरहाना, नूरजहां व रूहाना है। मेरी नन्द संजीदा व नंदोई हकीमुद्दीन का इंतकाल बीस साल पहले हो चुका है। उनके एक बेटे मौ. कसीम को मैं अपने साथ ले आई थी और अपनी सन्तान की तरह उसकी परवरिश की। लेकिन अब वह गलत संगत में पड़कर बिगड़ गया है। मेरे कहने में नहीं है। उसने अपनी मर्जी से शादी कर ली है। मौ. कसीम और उसकी पत्नी आयशा का आचरण व व्यवहार मेरे साथ ठीक नहीं है। इसलिए मैंने उससे व उसकी पत्नी से सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं। उसका मेरे परिवार व मेरी जायदाद से कोई मतलब वास्ता नहीं है। उसके किसी भी लेनदेन व कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **रुखसाना खातून पत्नी इसरार अहमद, ग्राम बुन्दकी, थाना नगीना देहात (बिजनौर)**

# स्कूटी सवार दम्पति को रोडवेज बस ने मारी टक्कर

## पत्नी की मौत, पति गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** तहसील क्षेत्र के थाना शिवाला कलां क्षेत्र मे नूरपुर-अमरोहा मार्ग पर गांव शिवाला कलां में एक रोडवेज बस ने एक स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई और उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने बस चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

घटना के संबंध में इकरामुद्दीन पुत्र नूरुद्दीन मौहल्ला शिकारियों थाना नई बस्ती नौगावां सादात ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र इमरान अपनी पत्नी सानिया के साथ स्कूटी संख्या यूपी23ए-7598 से



शिवाला कलां दवाई लेने जा रहा था। जैसे ही वह नूरपुर-अमरोहा मार्ग पर शिवाला कलां पहुंचे तो पीछे से एक रोडवेज बस संख्या 20 टी-7261 ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इस दौरान उसकी पत्नी सानिया (23 वर्ष) सड़क पर गिर गई और चालक बस को भगा ले गया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। सानिया की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और इमरान गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर शिवाला कलां पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नूरपुर के जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सानिया को मृत घोषित कर दिया। एसएचओ शिवाला कलां लखपत सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# संसद में मासिक धर्म अवकाश पर नीति बनाने की उठी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने संसद में एक अत्यंत महत्वपूर्ण लेकिन लंबे समय से उपेक्षित विषय मासिक धर्म अवकाश को जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया है, लेकिन इसके दौरान महिलाओं को तेज दर्द, कमजोरी और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से गुजरना पड़ता है।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि देश की करोड़ों महिलाएं-मजदूर, किसान परिवारों की बेटियां, छात्राएं, दफ्तरों में काम करने वाली कर्मचारी और असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाएं-बिना किसी विशेष सुविधा के काम करने को मजबूर हैं। उन्होंने चिंता जताई कि आज भी देश में मासिक धर्म अवकाश को लेकर कोई



**सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सरकार से किया आग्रह**

स्पष्ट और समान राष्ट्रीय नीति मौजूद नहीं है। उन्होंने बताया कि कुछ निजी संस्थानों और केवल दो-तीन राज्यों में ही इस दिशा में पहल की गई है, लेकिन यह व्यवस्था राष्ट्रीय स्तर पर लागू होना समय की मांग है। सांसद ने सरकार से आग्रह किया कि मासिक धर्म अवकाश पर स्पष्ट नीति तैयार की जाए, जिसमें असंगठित क्षेत्र की महिलाओं को भी शामिल किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि स्कूल और कॉलेज की छात्राओं के लिए भी आवश्यक प्रावधान किए जाएं, ताकि उन्हें शारीरिक और मानसिक तनाव से राहत मिल सके। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने इस विषय पर व्यापक सर्वे, चिकित्सीय अध्ययन और एक समग्र प्रक्रिया शुरू करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि किसी भी आधुनिक लोकतंत्र में महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता और मासिक धर्म अवकाश महिलाओं के सम्मान, स्वास्थ्य और समान अधिकारों से जुड़ा हुआ विषय है। सांसद की इस मांग को संसद में गंभीरता से सुने जाने की जरूरत बताई जा रही है।

## एक नजर

### मासिक पंचायत में गरजे किसान



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत डाक बंगला चांदपुर में संपन्न हुई। पंचायत में संचालन तहसील महासचिव राजीव कुमार ने किया। तहसील अध्यक्ष चौधरी हरीराज सिंह ने पंचायत में कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि किसानों को आज भी अपनी अनेक समस्याओं से दो चार होना पड़ रहा है। गन्ना भुगतान, समय पर सिंचाई का न हो पाना आदि समस्याएं परेशानी का सबब बनी हुई है। किसान पंचायत में चांदपुर से बास्टा मार्ग अति शीघ्र बनवाया जाने, बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को बिजली बिल में सरचार्ज मे छूट दिए जाने, आवारा पशुओं से किसान की फसल बर्बाद होने से बचाने, सिंचाई विभाग द्वारा दिन में सप्लाई दिए जाने की मांग भी पुरजोर से उठाई गई। जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद याकूब, तहसील उपाध्यक्ष रोहतास, प्रधान सुनील कुमार, अनिल सिद्धू, रियाजुद्दीन, मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ, इकबाल अहमद, मनोज शर्मा, मैंराजू प्रधान, विजय प्रधान, छतर सिंह, संतराम सिंह, विपिन चौधरी व काफी किसान उपस्थित रहे।

### बसपा में सभी का विकास: हाजी इलियास

**स्योहारा।** मौहल्ला मुस्लिम चौधरीयान निवासी तथा मुरादाबाद लोकसभा के पूर्व प्रभारी हाजी मौहम्मद इलियास चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में यदि किसी राजनीतिक दल ने सर्वसमाज को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देने का कार्य किया है, तो वह बहुजन समाज पार्टी है। उन्होंने कहा कि बसपा की नीतियों का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी



पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती के नेतृत्व में प्रदेश ने कानून व्यवस्था, सामाजिक समरसता और विकास के क्षेत्र में एक नई दिशा प्राप्त की। उनके शासनकाल में बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों, दलित, पिछड़े अल्पसंख्यक और सामान्य वर्ग को बराबरी का सम्मान मिला। उन्होंने कहा कि बहन कुमारी मायावती ने सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के सिद्धांत पर कार्य करते हुए प्रदेश में सड़क शिक्षा स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था को मजबूत किया। खासकर कमजोर और वंचित वर्गों को आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिला, जो बसपा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। बसपा ने हमेशा समाज को जोड़ने का काम किया है और किसी भी वर्ग के साथ अन्याय या भेदभाव की नीति नहीं अपनाई। हाजी मौहम्मद इलियास ने कहा कि आज प्रदेश को फिर से ऐसी ही सरकार की आवश्यकता है, जो सभी वर्गों को साथ लेकर चले और विकास को राजनीति का मुख्य आधार बनाए। बहुजन समाज पार्टी और बहन कुमारी मायावती जी ही प्रदेश को स्थिरता, सम्मान और समावेशी विकास की राह पर आगे ले जा सकती हैं।

### बीटीएफ की मासिक समीक्षा बैठक



**स्योहारा।** राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान एवं टीका उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से सोमवार को ब्लॉक स्योहारा सभागार में ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स बीटीएफ की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी विक्रम सिंह ने की। बैठक में टीकाकरण से वंचित बच्चों को आच्छादित करने के लिए रणनीति तय की गई और सभी संबंधित विभागों व कर्मचारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं। खंड विकास अधिकारी विक्रम सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे स्कूल मदरसे ग्राम और ईंट-भट्टों को चिन्हित किया जाए। जहां बच्चों के टीकाकरण में आपत्ति की जाती है। संबंधित अभिभावकों शिक्षकों और मुदर्रिसों से संवाद कर टीकाकरण के लाभ समझाते हुए बच्चों को अभियान से जोड़ा जाए। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर सीएचसी स्योहारा के अधीक्षक डॉ. बीके स्नेही ने बताया कि स्योहारा ब्लॉक का टीकाकरण कवरेज लगभग 92 प्रतिशत है। हालांकि फैजुलापुर रवाना शिकारपुर कृष्णा रामपुर, मंसूर सराय, हकीमपुर पित्तापुर और सहसपुर जैसे क्षेत्रों में कुछ अवरोधित परिवारों के कारण शत-प्रतिशत लक्ष्य अभी प्राप्त नहीं हो सका है। सहसपुर क्षेत्र में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता न होने के कारण एएनएम टीम के माध्यम से टीकाकरण एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि भ्रामक जानकारी और अज्ञानता के चलते कुछ लोग टीकाकरण से हिचक रहे हैं। जिन्हें बीआरटी टीम द्वारा समझाकर अभियान से जोड़ा जा रहा है। टीका उत्सव अभियान एक दिसंबर से 31 दिसंबर तक संचालित है। बैठक में एडीओ पंचायत मुकुल वशिष्ठ, बीईओ सुनील कुमार, एआरओ आलोक कुमार, सीडीपीओ हेमलता सैनी, हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर राजेश कुमार, विवेक शर्मा, शुभम कुमार शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्योहारा से सैकड़ों कांग्रेसी पहुंचे दिल्ली



**स्योहारा।** नगर के कुरी हाउस निवासी कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व महासचिव नासिर उर्फ आदिल चौधरी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ दिल्ली पहुंचकर महारैली में सक्रिय रूप से शामिल हुए। रैली का मुख्य उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना रहा। इस दौरान आदिल उर्फ नासिर चौधरी ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन में मजबूती से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आदिल उर्फ नासिर चौधरी के नेतृत्व में स्योहारा से पहुंचे कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। समर्थकों ने कांग्रेस पार्टी के झंडे और नारे के साथ रैली में भाग लेकर पार्टी की नीतियों और नेतृत्व पर विश्वास जताया। आदिल चौधरी लगातार कार्यकर्ताओं के साथ रहकर उनका उत्साह बढ़ाते नजर आए। महारैली को लेकर आदिल उर्फ नासिर चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से लोकतंत्र संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा हालात में जनता की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके खिलाफ कांग्रेस सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी। आदिल उर्फ नासिर चौधरी ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज सहित हर वर्ग को कांग्रेस पार्टी से उम्मीदें हैं और पार्टी ही देश को सही दिशा देने में सक्षम है। क्षेत्र में इस रैली को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया जोश और ऊर्जा देखने को मिली। इस महारैली में कांग्रेस आईटीआई विभाग के चेयरमैन रिफाकत चौधरी ने भी गर्म जोशी के साथ अपने समर्थकों को लेकर दिल्ली इस महा रैली में शामिल हुए।

# आसपा का जनसंपर्क तेज



## गौसपुर व लालपुर का किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गौसपुर एवं लालपुर का दौरा किया गया। इस दौरान गौसपुर में एक बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जयपाल सिंह ने की तथा संचालन सचिन कुमार ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में सभी वर्गों के लोग एकजुट होकर चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में नजीबाबाद से आजाद समाज पार्टी का विधायक बनाएंगे। वक्ताओं का कहना था कि जिस मजबूती और बेबाकी से चंद्रशेखर आजाद दलितों, मुसलमानों और पिछड़े वर्गों के मुद्दे उठा रहे हैं, वैसा आज तक किसी ने नहीं किया। इस अवसर पर ग्राम वासियों ने मुख्य अतिथि नगर पंचायत साहनपुर चेयरमैन एवं मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी के समक्ष ग्राम की विभिन्न समस्याएं भी रखीं। खुर्शीद मंसूरी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों और मंचों तक पहुंचाया जाएगा तथा जनहित की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी। दौरे के दौरान ग्रामीणों में आजाद समाज पार्टी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और 2027 में बदलाव का संकल्प दोहराया गया।

# आकार इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने समां बांधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आकार इंटरनेशनल स्कूल के परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों तक ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा 5 के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत और सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद कक्षा 6 के छात्रों ने सामाजिक बुराइयों पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें समय का सदुपयोग, अनुशासन और शिक्षा का महत्व प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। नाटक को दर्शकों से खूब तालियां मिलीं।

कक्षा 7 के बच्चों ने देशभक्ति थीम पर आधारित समूह नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें 'वंदे मातरम्' और 'ऐ मेरे वतन के लोगों' जैसे गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी गई। वहीं कक्षा 8 के विद्यार्थियों ने राजस्थान और





महाराष्ट्र की लोक संस्कृति पर आधारित लोकनृत्य प्रस्तुत कर भारत की सांस्कृतिक विविधता को मंच पर जीवंत कर दिया। नन्हे बच्चों की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही। कक्षा 1 और 2 के बच्चों ने बालगीतों पर नृत्य किया, जबकि कक्षा 3 व 4 के विद्यार्थियों ने कविता पाठ और लघु नाटिका के माध्यम से नैतिक मूल्यों का संदेश दिया। छोटे बच्चों की मासूम अदाओं ने दर्शकों को भावुक कर दिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी छिपी प्रतिभा को निखारते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की प्रशंसा की। तालियों की गूंज और बच्चों के उत्साह के बीच कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

# केएस कार्निवल-2025 का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** केएस चिल्ड्रंस एकेडमी के प्रांगण में केएस कार्निवल 2025 का अत्यंत भव्य, सुव्यवस्थित एवं उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा अतिथियों की भारी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मुख्य अतिथि कोमल स्वरूप अग्रवाल, प्रबंधक कपिल अग्रवाल, अकादमिक डायरेक्टर नम्रता अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह द्वारा संयुक्त रूप से गुब्बारे उड़ाकर किया गया, जो बच्चों की आशाओं और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक रहा। इसके उपरांत सभी गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर के.एस. कार्निवल 2025 का औपचारिक उद्घाटन किया। पूरे कार्यक्रम का सशक्त, प्रभावशाली एवं आत्मविश्वास से भरपूर संचालन एंकर मानसी अग्रवाल द्वारा किया गया, जिसने कार्यक्रम में निरंतर ऊर्जा और अनुशासन बनाए रखा।

कार्निवल के दौरान विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, संगीत और समूह प्रस्तुतियां शामिल रहीं। इन कार्यक्रमों ने बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और मंचीय कौशल को दर्शाया। दर्शकों ने तालियों की





**लक्की ड्रॉ के विजेता रहे कक्षा छह के छात्र सक्षम**

गड़गड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही कार्निवल का मुख्य आकर्षण बच्चों के लिए आयोजित शैक्षिक, कौशलवर्धक एवं मनोरंजक खेलों की लंबी श्रृंखला रही, जिन्हें विशेष रूप से विद्यार्थियों के मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था। Alphabet Arrange गेम ने बच्चों की भाषा समझ, स्मरण शक्ति और त्वरित सोच को प्रोत्साहित किया, जबकि Pyramid Game में संतुलन, धैर्य और सहयोग की भावना विकसित हुई। Pyramid Knockdown गेम ने बच्चों की लक्ष्य साधने की क्षमता और हाथ-आंख समन्वय को मजबूत किया। Ring the Object और Throw the Ball जैसे खेलों ने सटीकता, फुर्ती और शारीरिक सक्रियता को बढ़ावा दिया। वहीं Balloon Shooting Game ने बच्चों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का संचार किया। Dot and Spot गेम से बच्चों की अवलोकन क्षमता और एकाग्रता में वृद्धि हुई, Spin Game ने रोमांच के साथ निर्णय लेने की क्षमता को विकसित किया। Collecting Cup with Straw गतिविधि ने फाइन मोटर स्किल्स और सांस नियंत्रण को सुदृढ़ किया तथा Pass Bangles Through Pencil खेल ने धैर्य, संयम और सूक्ष्म समन्वय को प्रोत्साहित किया।

कार्निवल में मनोरंजन के लिए फूड स्टॉल, ऊंट की सवारी, मिकी माउस की उपस्थिति और मैजिक शो जैसे आकर्षण भी विशेष रूप से सजाए गए। जिनका बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी भरपूर आनंद लिया। वातावरण हंसी, उत्साह और उल्लास से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम के समापन पर लक्की ड्रॉ का आयोजन किया गया, जिसमें 50 ग्राम का सिक्का पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। इस लक्की ड्रॉ के विजेता कक्षा छह के छात्र सक्षम रहे। जिन्हें यह पुरस्कार विशेष अतिथि डॉ. टी.सी. अग्रवाल द्वारा प्रदान किया गया। अंत में मैनेजर कपिल अग्रवाल ने सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी तथा प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संपूर्ण कार्यक्रम एक्टिविटी इंचार्ज मानसी अग्रवाल व मीनाक्षी शर्मा की कुशल देखरेख में तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकों के पूर्ण सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और के.एस. चिल्ड्रन्स एकेडमी की शैक्षिक व सह-शैक्षिक उत्कृष्टता का सशक्त उदाहरण बना।

# सचिवों व पंचायत सहायक का दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्रोत विषय पर विकास खण्ड सभागार धामपुर में संचालित दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया।

प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम के द्वारा पंचायतों की स्वयं की आय के कर एवं गैर-कर तरीके जैसे- जन सेवा केंद्र के माध्यम से सेवा प्रदान कर, पुस्तकालयों एवं वाचनालयों की स्थापना कर, आधार केंद्रों की स्थापना कर, ओपन जिम का निर्माण कर, ग्राम समाज की भूमि पर दुकान अथवा मॉल का निर्माण कर, चार्जिंग स्टेशन लगा कर आदि उपायों से पंचायते अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है। प्रशिक्षक नरेंद्र के द्वारा बताया गया कि पंचायत कोई भी नया कर लगाने अथवा पुराने कर में बढ़ोतरी करने के लिए सर्वप्रथम ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पास करेगी। इसके पश्चात उसे प्रस्ताव को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करेगी। इसके बाद मुनादी के माध्यम से लोगों को सूचना देगी एवं उस टेक्स पर 15 दिन के अंदर ग्रामीणों की आपत्तियों एकत्रित करेगी। इसके बाद ग्राम सभा की बैठक में उन आपत्तियों पर चर्चा होगी एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। इसके पश्चात बैठक कार्रवाई को जिला पंचायत राज अधिकारी के पास भेजा जाएगा। पंचायत राज अधिकारी के हस्ताक्षर होने के बाद उक्त निर्णय पंचायत में लागू होगा। प्रशिक्षक अनीता, रेखा के द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 37 के समस्त प्रावधानों पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण में एडीओ पंचायत अनिल कुमार, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गिरीश शर्मा, प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम, अनीता, रेखा तथा पंचायत सहायक एवं सचिव आदि के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## सीनियर सिटीजन कार्ड बनाने के नाम पर दस लाख की ठगी

**नांगल सोती।** साइबर ठग आए दिन नये-नये हथकंडे अपना कर लोगों को ठगने से बाज नहीं आर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला नांगल में देखने को मिला कि नांगल के मुख्य बाजार में पंजाब नेशनल बैंक के सामने रवीन्द्र कुमार कौशिक के मोबाइल पर साइबर ठगों ने काल कर बताया कि वृद्धजनों के पीएनबी की ओर से सीनियर सिटीजन कार्ड बनायें जा रहे हैं। इसी दौरान साइबर ठगों ने बडी चालकी से सीनियर सीटीजन कार्ड का झांसा देकर सर्राफ से उनका आधार नंबर, पैन कार्ड नंबर, अकाउंट नंबर आदि की जानकारी हासिल कर ली। बैंक की डिटेल देने के साथ ही साईबर ठगों ने व्यापारी के खाते से कुछ ही समय में कई किस्तों के माध्यम से दस लाख इक्यावन हजार रुपए निकाल लिए। जब व्यापारी को रुपए निकाल जाने के मैसेज उसके मोबाइल पर मिले तो उसके होश उड़ गये। इसके बाद व्यापारी ने अपने खाते का बैलेंस चैक किया तो उसका खाता खाली हो चुका था। पीडित व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर के वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्हे बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया तथा इसके उपरान्त श्री गणेश वन्दना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदीप गुप्ता (प्रांत संगठन मंत्री, विद्या भारती-मेरठ प्रांत), विशिष्ट अतिथि चंदन चौहान (सांसद) तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार अग्रवाल (एमडी.-कामांक्षी पेपर मिल्स, गजरौला) ने की। मुख्य अतिथि प्रदीप गुप्ता ने विद्या भारती के इतिहास का वर्णन करते हुये कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में पढ़ने वाले भैया-बहिन अनुशासित, संस्कारवान व राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत होते हैं। विद्या भारती एक लक्ष्य के साथ समाज में ऐसी राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली को लेकर चल रही है जो शारीरिक,

## मनमोहक प्रस्तुति से बच्चों ने मन मोहा

प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से पूर्ण विकसित युवा पीढ़ी का निर्माण हो और जीवन की वर्तमान चुनौतियों का सामना सफलता पूर्वक कर सके और राष्ट्रजीवन को सुसंस्कृत, समरस तथा सुसम्पन्न बनाते हुये वसुधैव कुटुम्बकम के भाव से प्रेरित होकर विश्वकल्याण के लिए समर्पित हो। ऐसे बालकों का निर्माण हमारी विद्या भारती कर रही है तथा नन्हे - मुन्हें बच्चों के व्यक्तित्व व कौशल विकास का कार्य शिशु वाटिका के माध्यम से विद्या भारती कर रही है जो कि हमें इस कार्यक्रम में देखने को मिला। छोटे-छोटे बच्चों ने कितनी सुन्दर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद चंदन चौहान ने अपने वक्तव्य में कहा कि ऐसे सुन्दर कार्यक्रम, अच्छी व्यवस्था व संस्कारवान युक्त शिक्षा केवल और केवल विद्या मन्दिर के विद्यालयों में ही मिलती है। मेरा और मेरे पिताजी



का जुड़ाव इन विद्यालयों से काफी रहा है। यह विद्या भारती के विद्यालय आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी के उद्देश्यों के अनुरूप ही शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के लिए प्रत्येक सहयोग के लिए मैं विद्यालय के प्रधानाचार्य नवनीत कुमार व प्रबंध समिति को आश्वस्त करता हूँ। विद्यालय के प्रबंधक पंकज वैश्य ने विद्यालय वृत्त प्रतिवेदन सभी के समक्ष रखा और विद्यालय की उन्नति प्रगति का वर्णन किया। अध्यक्षीय आशीर्वचन में राजकुमार अग्रवाल ने सभी को धन्यवाद देते हुये विद्यालय की प्रगति हेतु सहयोग के लिए आवाह्न किया। कार्यक्रम में शिव कुमार शर्मा क्षेत्रीय शिशु वाटिका संयोजक, विद्या भारती पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र), उपेन्द्र कुमार शर्मा (संभाग निरीक्षक, मुरादाबाद संभाग विद्या भारती), दिवाकर पाण्डेय (प्रान्तीय विज्ञान संयोजक, जिला समन्वयक व प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर सैद नगली-अमरोहा), सुरेन्द्र कुमार शर्मा (जिला समन्वयक बिजनौर व प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर नहटौर), गजेन्द्र सिंह (खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड जलीलपुर), राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ से दीप्तिमान (जिला प्रचारक बिजनौर), प्रदीप (जिला कार्यवाह बिजनौर), सनद (सह जिला कार्यवाह बिजनौर), डॉ. नरेन्द्र तोमर (विभाग कुटुम्ब प्रबोधन व पूर्व प्रबन्धक - सरस्वती विद्या मन्दिर चांदपुर), अशोक (विभाग पर्यावरण संयोजक व सदस्य सरस्वती विद्या मंदिर, चांदपुर), विकास (नगर प्रचारक, चांदपुर), कृष्ण कुमार (मा-नगर संघचालक, चांदपुर), सुनील (नगर कार्यवाह चांदपुर), गौरव (खण्ड कार्यवाह हीमपुर दीपा खण्ड), संजीव ( मा- खण्ड संघचालक), डॉ. रामप्रकास ( मा-खण्डसंघ चालक), विनेश त्यागी (नगर सम्पर्क प्रमुख), प्रबंध समिति से राजकुमार अग्रवाल (अध्यक्ष, पंकज वैश्य (प्रबंधक), पंकज चौहान (उपप्रबंधक व शासकीय अधिवक्ता), नवीन माहेश्वरी (कोषाध्यक्ष), सचिन शर्मा (सदस्य), राजीव अग्रवाल (सदस्य), विकास कर्णवाल (पूर्व अध्यक्ष), उर्वशी कर्णवाल, कृष्णौतार बैंकर्स, राजेन्द्र त्यागी, अशोक नेताजी, चमन प्रकाश, देवेन्द्र सिंह, मोहित अग्रवाल (नगर अध्यक्ष बीजेपी), अंकित राणा, अंकित राणा (प्रांत संयोजक - पूर्व छात्र), शैलेन्द्र यादव (जिला संयोजक पूर्व छात्र) आदि उपस्थित रहे।



सम्भल- हाईकोर्ट बैंच की स्थापना को बंद के आह्वान का बार एसोसिएशन की बैठक में सर्मथन करते।

# हाईकोर्ट बैंच की मांग का व्यापारियों ने किया सर्मथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पश्चिमची उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच स्थापना को चल रहा आन्दोलन अब विस्तार लेने लगा है। वकीलों के आहवान पर व्यापारी भी बैंच स्थापना के सर्मथन में आ गए है। व्यापारी संगठनों और अधिवक्ताओं की संयुक्त बैठक में 17 दिसम्बर को अधिवक्ता कार्य से विरत रहेंगे जबकि व्यापारियों ने बाज़ार बंद रहने का भरोसा दिलाया।

हाईकोर्ट बैंच स्थापना संर्घष समिति ने 17 दिसम्बर को बैंच स्थापना की मांग को अधिवक्ताओं से न्यायिक कार्य से विरत रहने और बाजार बंद रखने का आहवान किया था। इसी को लेकर जिला बार एसोसिएशन की ओर ेस अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में जिला बार एसोसिएशन, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, टैक्स

## 017 को आन्दोलन में रहेंगे शामिल

बार एसोसिएधान व व्यापारी मंडल के सभी संगठन शामिल हुऐ। संयुक्त रूप से आयोजित बैठक में व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल, हाजी अहतेशाम, शोभित गुप्ता, हाजी बब्बू, जमीलुर्रहमान आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए हाईकोर्ट बैंच स्थापना की मांग का पूरी तरह से सर्मथन किया और 17 दिसम्बर को आन्दोलन में शामिल रहने का भरोसा दिलाया। जबकि सम्भल बार एसोसिएशन से शरद चंद भारद्वाज, व प्रदीप गुप्ता राजेन्द्र कुमार सैनी, जिला अैक्स आर एसोसिएशन के मौ. अकरम, गुफरान, शुएब वास्ती, ने इस आन्दोलन का पूरा सर्मथन करते हुए शामिल रहने का वादा किया। बैठक में याहिया खान, रफत अली, हिलाल मनाजिरूल इस्लाम, मौ. नवाज, अब्दुल जब्बार, हरीश रस्तोग, राकेश भारद्वाज, सरफराज हैदर, इकबाल हुसैन, रामपाल सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। अध्यक्षता मौ. इस्लाम ने व संचालन मौ. उमर एड. ने किया।

# आबकारी दुकानों पर खुलेआम लूट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने उपजिलाधिकारी गुन्नौर को अपनी मांगों को लेकर सात सूत्रीय ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएससी केन्द्र गुन्नौर व रजपुरा पर महिलाऐं प्रसव के लिये आती है उनकी सही से देखरेख भी नहीं की जाती तुरंत ही मनचाहे प्राइवेट अस्पताल के लिये भेज दिया जाता है और अगर कुछ महिला रूक भी जाये तो उसको कोई खाने-पीने व दवा आदि की कोई व्यवस्था ढंग से नही की जाती। यारा वेरा फर्टिलाइजर जोकि गुन्नौर तहसील की भूमि पर स्थित है लेकिन यहा का किसान यूरिया के एक कट्टे को परेशान रहता है। जिसका एक बड़ा गोदाम इसी उक्त फैक्ट्री के गेट पर खोला जाये, जिससे खाद की किल्लत का सामना क्षेत्रीय किसानों को न करना पड़े। बिजली घर हिरोनी ब्लाक रजपुरा पर वहां के किसानों को विजला समय से आपूर्ति नही हो पा रही है है जिसकी लिखित शिकायत कई वार अधिकारियों को गयी है लेकिन अभी तक कोई भी क्षमता वृद्वि नहीं की गई और किसान आज भी परेशान है। आबकारी दुकानों पर उनके द्वारा खुलेआम लूट की जा रही है। शराब को 10 रुपये ओवर

## 0भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी गुन्नौर को सौंपा ज्ञापन

रेट बेचा जा रहा है। इस पर रोक लगाकर दुकानों पर सरकारी रेट की लिस्ट लगवायी जाये। किसान अपने निजी कार्य के लिए वालू मिटी लेकर आते हैं तो उसे पुलिस व खनन विभाग पकड़ कर बद् कर देता है।जबकि खनन माफ़िया दिन रात खनन कर रहे।उन पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती। आम किसान की भूमि पर भू मकिया हावी है। उनको चिन्हित कर कानूनी कार्यवाही की जाये। तहसील में किसानों के अंश निर्धारण में जो राजस्व विभाग द्वारा अंश उल्टे सीधे कर दिये गये हैं वह आज तक सही नहीं हो पा रहे हैं। उन्हे सही कराया जाये।इन समस्याओ को उपजिलाधिकारी को पहले भी अवगत करा चुके हैं अगर अब समय रहते इन उक्त समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन अनिश्चत कालीन धरना व आन्दोलन करने को बाधय होगी। ज्ञापन में मण्डल महासचिव मुकेश यादव, पुरेन्द्र सिंह यादव, दिनेश यादव, अमर सिंह राजपूत, रामवीर, बीरेश यादव, तेजपाल, ओमप्रकाश, बीरू, राजू, देवेन्द्र, अफसर अली, काले, नेत्रपाल, सन्तोष, सत्यवीर आदि के हस्ताक्षर हैं।



बबराला- किसानों की समस्याओं के निराकरण व आबकारी दुकानों पर लूट के विरोध में धरना देते भाकियू कार्यकर्ता।

# जमीन पर कब्ज़ा कर जबरन फसल बोयी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** दो वर्ष पूर्व सैकड़ो बीघा खारिज हुई जमीन पर दबंगों ने गेहूं की फसल की बुवाई कर दी पूर्व में कब्जा रहा किसानों ने आरोपियों से बात की तो बदसलूकी का व्यवहार किया।

रजपुरा ब्लॉक क्षेत्र के उमेदपुर उर्फ पिताम्बरपुर गंगा तटबंध के जंगल मुबारिकपुर बेला का है। यहां प्रत्येक वर्ष गंगा अपनी जलधारा से जमीन को उथल-पुथल कर देती है और इस भी बार कई हजार बीघा जंगल भी अपनी धारा में समा लिया करीब 35 वर्ष से इस जमीन पर फसल उगा रहे लोगों ने अपनी समस्या को बयां करते हुए कहा दो वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश सरकार ने आदेश अनुसार इस जंगल को खारिज कर दिया गया था तब से यहां कोई फसल नहीं हुई परंतु दूसरी ग्राम पंचायत के लोगों ने

## 0लोगों ने प्रशासन से लगाई गुहार

दबंगई तरीके से उस जमीन पर गेहूं फसल की बुवाई कर दी। इस मामले में बातचीत की गई तो उन्होंने बदसलूकी का व्यवहार किया। जबकि हाई कोर्ट इलाहाबाद में इस जमीन को लेकर मुकदमा विचाराधीन है। दबंग लोगों ने फिर गेहूं की बुवाई कर दी पूर्व में कब्जा रहा किसानों ने प्रशासन की शरण में जाकर शिकायत की तो उनकी कोई सुनवाई नहीं की। तहसील प्रशासन ने बात को अनसुना कर दिया जबकि न्याय की गुहार के लिए प्रशासन के पास दर-दर भटक रहे हैं आरोप लगाया है कि दो वर्ष पूर्व खारिज हुई जमीन को सरकार अपने काबू में करें अन्यथा जिनकी जमीन थी उन्हें वापस करें दूसरे ग्राम पंचायत के जोत रहे दबंग लोगों पर कार्यवाही की जाए इस मौके पर मानकचंद, रामौतार,नेक्से खानचंद, विक्रम, आसेराम, डालचंद, लालमन, बाबू आदि लोग मौजूद रहे।

# एंजेल्स के बच्चों ने किया एसपी के कार्यालय का भ्रमण



सम्भल- एसपी के के विशनोई को समारोह का चित्र भेंट करते एंजेलस के बच्चे।

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** एंजेल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का शैक्षिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने एसपी को समारोह से सम्बंधित चित्र भेंट किया।

सोमवार को एंजेल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी बहजोई स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भ्रमण करने पहुंचे। भ्रमाण के दौरान एंजेल पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह में अपनी गरिमामयी उपस्थिति के लिए पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा समारोह से संबंधित स्मृति-चिह्न स्वरूप कुछ छायाचित्र भेंट किए। पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और उन्हें प्रेरणादायक विचारों से जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ाने का मार्गदर्शन दिया। जबकि अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी के महत्व को सरल शब्दों में समझाया, जिससे विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। यह प्रेरणादायक भेंट विद्यार्थियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव सिद्व हुई, जिसने उनके मन में आत्मविश्वास, उद्देश्यबोध और अध्ययन के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया।

# निशाचर शक्तियों के अंत को अवतरित होते हैं भगवान: विकासनाथ

## 0हाईटेक गुरुकलों की स्थापना पर दिया ज़ोर

**शाह टाइम्स, संवाददाता**



**बबराला।** राष्ट्रीय भगवाधारी सुरक्षा सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत विकास नाथ महाराज ने गुन्नौर आगमन पर रूमा देवी के आवास पर पत्रकार वार्ता में कहा कि हिंदू समाज को एकजुट होना पड़ेगा। सामाजिक समर सत्ता के माध्यम से सभी हिंदू जो जात-पात में बंटे हैं, सभी एकजुट हो। यही हमारा उद्देश्य है इसलिए हम हिंदुओं को एक करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि शैतानों व निशाचर शक्तियों का अंत करने के लिए भगवान राम अवतरित होकर उनका विनाश करेंगे। राम मंदिर का संकल्प बनाने का लिया गया था उसमें सभी हिंदुओं ने अपनी भागीदारी निभाई और मंदिर का निर्माण हुआ। जो राम का है वह हमारा है जो राम का नहीं तो वह हमारे किसी काम का नहीं। कोलकाता में कुछ लोगों ने मस्जिद की नींव राखी। जिसका हमने विरोध किया।राम भक्त आज जागृत हैं। वह मंदिरों पर आंच नहीं आने देंगे। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में हाईटेक गुरुकुल की स्थापना होनी चाहिए। हम भी ठाकुरद्वारा में गुरुकुल की स्थापना कर रहे हैं। अब रामराज है। हिंदू एकजुट रहे। इस दौरान रूमा देवी, लीलावती, राजेश, चंद्र किरण,कुमोद वार्ष्णेय, जुलियस सीजर आदि मौजूद रहे।



सम्भल-समस्याओं के निराकरण की मांग को तहसीलदार को ज्ञापन देते सपाई।

# समस्याओं के निराकरण को सपाइयों ने सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सपा कार्यकर्ताओं ने जन समस्याओं के निराकरण की मांग को उपजिलाधिकारी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को सपा के जिला सचिव सईद अख्तर इसराइली के नेतृत्व में सौंपे गए पांच सूत्रीय ज्ञापन में बढ़ती सर्दी के प्रकोप को देखते हुए गरीब जनता को सरकार की ओर से कम्बल व लिहाफों का वितरण कराया जाये। जबकि मुख्य चौराहों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अलाव का प्रबंध करने को आदेशित किया जाये। जिससे लोगों को राहत मिल सके। इसके अलावा मुसाफिरों के लिए रैन बसेरों का प्रबंध किया जाये। ज्ञापन में शहर में बढ़ती कुत्तों व बंदरों का आतंक पर चिंता जताते हुए नगर पालिका परिषद की ओर से कोई प्रबंध नहीं करने पर रोष जताया। इसके अलावा मलेरिया और मच्छरों से बचाव को कीटनाशक का छिड़काव आदि कराने के आदेश देने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में रमीज राजा, अरमान मियां, वसीम खां, दानियाल, डा. मुस्तफा, नदीम आदि मौजूद रहे।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-आईएफटीम में गोल्ड मेडल से सम्मानित होती सिरसी की छात्रा।

# कस्बे की बेटियां गोल्ड मेडल से सम्मानित

**सिरसी ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** । कस्बा निवासी दो बेटियों को मुरादाबाद विश्वविद्यालय में एक समारोह में सर्वाधिक अंक मिलने पर गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिस पर अनेक लोगो ने खुशी व्यक्त कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कस्बे के मौहल्ला सादक सराय निवासीर शायर खुरशी अनवर की बेटी अता जहरा को एम एस सी फूड टैक्नॉलोजी व मौहल्ला चौधरियान निवासी डा. शजी रजा की बेटी नौशीन रजा को डिप्लौमा इन कम्प्यूटर साइंस में सर्वाधिक अंक लाने पर आई एफ टी एम विश्वविद्यालय मुरादाबाद में आयोजित कार्यक्रम में गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। रिश्तेदारों, शुभचिंतकों ने दोनों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



बबराला- रा. भग्वाधारी सुरक्षा सेवा परिषद के अध्यक्ष का स्वागत करते।

# भग्वाधारी महाराज का पटका पहनाकर स्वागत

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** राष्ट्रीय भगवाधारी सुरक्षा सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत विकास नाथ भगवाधारी महाराज के आगमन पर गुन्नौर चौराहे से स्वागत यात्रा निकाली गई। जो कि पाताली शिव मंदिर गुन्नौर पर समाप्त हुई।

सोमवार को पाताली शिव मंदिर गुन्नौर पर आयोजित कार्यक्रम में महंत विकास नाथ महाराज ने अपने आशीष वचनों से आम जनमानस/भक्तों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का संकल्प दोहराया। महाराज जी ने कहा कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें ताकि वह देश व समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय, मंडल अध्यक्ष भाजपा गुन्नौर इंदीवर सिंह, बबराला मण्डल अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, जूलियस सीजर ने पटका पहनाकर महाराज जी का स्वागत किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम में राजेश कुमार महाराज, हरीराज महाराज,चंद्र किरण महाराज, राहुल महाराज, विशाल महाराज मान सिंह महाराज, उमा देवी पार्वती देवी आदि मौजूद रहे।

# जीवन में समयदान, श्रमदान और अर्थदान बहुमूल्य:योगेन्द्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण में श्रम के मूल्य पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

एमजीएम पीजी कॉलेज में आयोजित गोष्ठी का आयोजन समाज शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. मीनाक्षी गोयंका के नेतृत्व में किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह ने श्रम के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए छात्राओं को बताया कि जीवन में समय दान श्रमदान और अर्थदान बहुमूल्य है। प्रत्येक छात्र जब तक समाज की विचारधारा को तोड़कर स्वयं निर्णय नहीं लेगी तब तक वह सशक्त नहीं बन सकती। कार्यक्रम की संयोजिका डा. मीनाक्षी गोयन्का ने छात्राओं को समझाया कि यदि घर में और समाज में महिलाएं परिश्रम करेंगी तो देश में व समाज में हर ऊंचे ओहदे पर आसीन होगी और अपने श्रम के महत्व को जानेंगी व दूसरी बालिकाओं व महिलाओं के लिए एक आदर्श प्रस्तुत करेंगी। जिससे महाविद्यालय की छात्रएं भी परिश्रम करके स्वावलंबी बनेगी। इस अवसर पर रूपाली ,शीतल, महक नाज ,चमन आरा ,कुमकुम आदि 60 छात्राएं एवं डा. पूजा गुप्ता, डा. अर्चना बंसल, डा. अनुभा गुप्ता ,डा. प्रीति सिंह, डा. संजय बाबू दुबे, डा. जोहरा आदि आदि उपस्थित रही।

# टैक्टस बार की मासिक बैठक में महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला टैक्स बार एसोसिएशन की मासिक बैठक में महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा की गई।

सम्भल जिला टैक्स बार एसोसिएशन के कक्ष पर आयोजित बैठक में ऐंसी फर्मे जिनका जीएसटी रजिस्ट्रेशन निलम्बित हो जाता है और उन्हे आने वाली समस्याओं पर विचार-विर्मश किया गया। जिस पर सदस्यों ने इस मामले के समाधान के लिए आवश्यक कर्यवाही को अपने सुझाव दिए। जबकि वर्ष 2026 के कलैंडर और डायरी तैयार कराने का भी निर्णय लिया गया। इस दौरान हयातुलनबी के बार की सदस्यता के लिए दिए गए आवेदन पर विचार कर उन्हे बार का सदस्य बनाए जाने की सहमति दी। बैठक की अध्यक्षता मौ अकरम व संचालन महफूज हुसैन एड. ने किया। जबकि राजू रस्तोगी, संजीव शर्मा,मौ. हमजा, मौ. आजम,शाने आलम,गुफरान खान आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# आसरा आवास में रहने वालों का सत्यापन कराने को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** आसरा आवास में रह रहे लोगों के बाहरी व घुसपैठिया होने का संदेह जताया जा रहा है। भाजपा के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उनका सत्यापन कराने की मांग की है।

भारतीय जनता पार्टी के गुन्नौर मंडलाध्यक्ष इंदीवर सिंह ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ उपजिलाधिकारी गुन्नौर को ज्ञापन सौंपकर कहा कि सन 2018-19 में गरीब बेघर लोगो को आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आसरा आवास योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा कस्बा गुन्नौर में बदायूँ रोड रजिस्टी आफिस के पास पर आवासीय कालोनी का निर्माण कराया गया था। आवेदन कर्ताओं की पात्रता को तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी गुन्नौर द्वारा सत्यापत्त की प्रक्रिया भी करायी गयी, लेकिन उपरोक्त आवासों का आजतक विधिवत आवंटन नहीं हुआ और दबंग अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति स्वत ही इन आवासों में अवैध रूप से रहने लगे। महत्वपूर्ण विषय यह है कि इन कब्जाधारियों में से अधिकांश गुन्नौर के निवासी नहीं है, इनके पूर्व के निवास स्थान की भी जानकारी नहीं है। संदेह है कि यह लोग अवैध घुसपेटिये हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में उपरोक्त लोगों का पुलिस प्रशासन द्वारा सत्यापन करना अति आवश्यक है। इसलिए आसरा आवास कालोनी गुन्नौर के अवैध निवासियों की नागरिकता का सत्यापन कराया जाये। ज्ञापन में भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष इन्दीवर सिंह, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष जूलियस सीजर आदि मौजूद रहे।



सम्भल- आसरा आवास योजना में रहने वालों के सत्यापन की मांग को ज्ञापन देते भाजपाई।

# संस्था के प्रयासों से वैवाहिक बंधन में बंधने से बची नाबालिग

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** संस्था के प्रयासों से वैवाहिक बंधन में बंधने से बाल-बाल बच गयी। स्वयं सेवी संस्था के प्रयासों से नाबालिग का विवाह रूकवाया गया।

थाना नखासा क्षेत्र में सी. डब्लू.सी. द्वारा थाना ए.एच.टी. को बाल विवाह की सूचना दी गयी। सूचना मिलते ही थाना ए.एच.टी. की टीम उ.नि. बाबूराम सैनी, कां. अमित कुमार, म.कां.श्वेता शर्मा, कां. मयंक व थाना नखासा पुलिस टीम व एन.जी.ओ. जस्ट राइट प्रभारी गौरी शंकर चौधरी तथा चाइल्ड हेल्पलाइन टीम मौके पर पहुँची। टीम को मौक पर सत्यापन करने पर पाया कि विवाह में शामिल लड़की की आयु कानूनी आयु (18) से कम थी। अधिकारियों ने परिवारजनों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के बारे में जागरूक किया। समझाने के बाद विवाह को तत्काल रोक दिया गया। साथ ही नाबालिग लड़की को काउंसलिंग कर जानकारी प्रदान की गई और आवश्यकता अनुसार सुरक्षित संरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सी.डब्लू.सी. के आदेश पर महिला म.कां. श्वेता शर्मा ने नाबालिग को वन स्टॉप सेन्टर बहजोई में दाखिल किया। प्रशासन द्वारा बताया गया कि बाल विवाह कानूनन दंडनीय अपराध है और जिले में ऐसे किसी भी प्रयास पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होने जनता से बाल विवाह से संबंधित कोई भी सूचना तुरंत देने की अपील की।



सम्भल- वैवाहिक बंधन में बंधने से मुक्त कराई गई नाबालिग टीम के साथ।

# कड़ाके की ठंड में ठिठुर रहा गरीब

**नादिर रज़ा ज़ैदी**

**सिरसी।** कड़ाके की ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। इससे निम्न, मजदूर वर्ग अधिक प्रभावित हो रहा है। रोजगार के अवसर कम होने से घरों के चूल्हे ठंड होने की नौबात आने से यह वर्ग चिन्तित है।

कस्बे में यूँ तो धार्मिक व सामाजिक संगठनों के साथ राजनैतिक दलों के संगठन भी हैं जो अपनी ज़रूरत के मौके पर गरीब, मजदूर वर्ग से दुख दर्द से हमेशा साथ रहने के वादे करते है। नेताओं की तरह धार्मिक व सामाजिक संगठन भी अपनी नैतिक जिम्मेदारियों से दूर होते दिखाई दे रहे है। मौसमी ठंड ने धीरे-धीरे अपना असर दिखाना शुरू कर दिया हैं जिससे रोज कुआँ खोदना और रोज पानी पीना वाली तर्ज पर मजदूर वर्ग अधिक प्रभावित हो रहा हें तन पर गर्म कपड़ा नहीं है। बाजार में रोजगार नहीं। ऐंसी हालत में निम्न व मजदूर वर्ग धनपतियों की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहा है,लेकिन कथित समाज सेवक व धर्म के नाम पर भाषण देने वाले इस तरफ से बेखबार चाय कॉफी की चुस्कियां लेने में मसत हैं। जबकि सभी धर्मो में गरीब , बेसहारा व जरूरतमंद की मदद करने की धनपतियों की जिम्मेदारी बताया गया है। अपने माल में मस्त लोगों को शायद नहीं मालूम कि बीमार होने पर जब दवाइ काम नहीं आती वहां गरीब की दुआ काम आती है। किसी ने क्या खूब कहा है कि आलीशान कोठी व कारों वालों को मरने के बाद कब्रिस्तान या शमशानघाट जाने को अपने घर की चारपाई भी नसीम नहीं होती। आश्चर्य तो इस बात का है कि सबकुछ जानते हुए भी अपनी जिम्मेदारी से बचकर गरीब की मदद नहीं करते।

# योजनाओं में फैले भृष्टाचार पर पंचायत आज

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** भाकियू बीआरएसएस के कार्यकर्ता किसान व अवाम को सरकार द्वारा दिये जाने योजनाओं के लाभ में जिला स्तर पर फैले भृष्टाचार के विरोध में कल आज ब्लॉक परिसर में पंचायत का आयोजन करेगी। यह जानकारी कामेन्द्र चौधरी जिलाध्यक्ष ने देते हुए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आहवान किया।



सम्भल-राष्ट्रीय परिषद का सदस्य बनाने पर परमेश्वर लाल सैनी को मिष्ठान खिलाते।

# राष्ट्रीय परिषद का सदस्य बनाने पर स्वागत

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** भारतीय जनता पार्टी जिला मुख्यालय, एकता विहार कॉलोनी, सम्भल पर लोक सभा प्रत्याशी रहे परमेश्वर लाल सैनी को राष्ट्रीय परिषद सदस्य बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा फूल मालाओं से एवं मिठाइयां खिलाकर भव्य स्वागत किया गया परमेश्वर लाल सैनी जी ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा में हमेशा एक कार्यकर्ता के रूप में कार्य करता रहूंगा। इस अवसर पर जयप्रकाश गुप्ता, योगेन्द् त्यागी, मुकुल कुमार रस्तोगी,अजय गिल,पप्पू यादव, अंकित रस्तोगी, आलोक भारती, सजन श्री माली, उमंग अग्रवाल, आदि उपस्थित रहे।

# नगर विधायक के भाई पर हमले के विरोध में सर्राफा कमेटी ने एसपी सिटी को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के मंडी चौक क्षेत्र में नगर विधायक के छोटे भाई एवं सर्राफा कमेटी के उपाध्यक्ष अमित गुप्ता पर हुए कथित जानलेवा हमले को लेकर व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध में श्री सर्राफा कमेटी, मंडी चौक मुरादाबाद ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक नगर को एक पत्र सौंपकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।सर्राफा कमेटी के महामंत्री नितिन रस्तोगी और कोषाध्यक्ष उपेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने कहा कि अमित गुप्ता न केवल संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी हैं, बल्कि सर्राफा व्यवसाय से जुड़े एक सम्मानित सदस्य भी हैं। उन पर हुआ हमला केवल एक व्यक्ति पर



नहीं, बल्कि पूरे व्यापारी समाज के सम्मान और सुरक्षा पर सीधा प्रहार है। इस घटना से सर्राफा व्यापारियों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।ज्ञापन में कहा गया कि इस तरह की घटनाएं महानगर की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं। यदि समय रहते आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए गए तो अपराधियों के हौसले और बुलंद होंगे। सर्राफा कमेटी ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि हमले में शामिल सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर उनके खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि शहर के संभ्रांत नागरिकों और व्यापारियों में पुलिस के प्रति विश्वास बना रहे।व्यापारियों ने यह भी कहा कि मंडी चौक सर्राफा बाजार शहर का प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में व्यापारी और ग्राहक आते हैं। ऐसी घटनाओं से न केवल व्यापार प्रभावित होता है, बल्कि आम जनता की सुरक्षा पर भी खतरा बढ़ता है।इस अवसर पर संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारी और कई व्यापारी नेता भी मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी बदमाश किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार के निर्देशन मे अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को थाना बनियाठेर पुलिस ने ग्राम नेहटा के जंगल में चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद के मु0अ0सं0 422/2025 धारा 309(4) बीएनएस में वांछित 50 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त इमरान पुत्र रफीक निवासी ईदगाह अलीगंज, थाना अलीगंज जनपद बरेली को गिरफ्तार किया। अभियुक्त ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में आत्मरक्षा में की गई पुलिस फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी, वहीं पुलिस का आरक्षी नीरज भी घायल हो गया। सूचना पर क्षेत्राधिकारी चन्दौसी मनोज कुमार सहित आसपास के थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायल अभियुक्त व घायल आरक्षी को उपचार हेतु जिला अस्पताल सम्भल भेजा गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस तथा एक बिना नंबर की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई। अभियुक्त ने 24/25 सितंबर 2025 की रात अपने तीन साथियों के साथ थाना भोजपुर क्षेत्र के ग्राम पीपलसाना में एक घर में घुसकर तमंचे के बल पर महिला से कुंडल लूटे थे, जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी के लिए उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है और गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना बनियाठेर पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# समाजवादी पार्टी ने शिविर लगाकर दिया एसआईआर का प्रशिक्षण

## अपने बूथों पर एक एक वोट का एसआईआर कराएं बीएलओ: विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान, वोट नहीं होगा तो कैसे जीतेंगे चुनाव: जिलाध्यक्ष






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के मुरादाबाद रोड पर रॉयल हैरिटेज रिसोर्ट में सोमवार को समाजवादी पार्टी की ओर से बीएलए को एसआईआर का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने मौजूद सभी बीएलए को अपने अपने बूथों पर वोट का एसआईआर करवाने और नए वोटों को बनवाने की शपथ दिलाई। एसआईआर समीक्षा बैठक में पहुंचे जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने विधानसभा अध्यक्ष इश्तियाक सैफी और आंशिक विधानसभा अध्यक्ष राक. ेश धनकर से बूथों की प्रगति रिपोर्ट जानी। इसके अलावा बीएलए को सम्बोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि समा. जवादी पार्टी के बीएलए अपने अपने बूथों पर सक्रियता निभाते हुए मतदाताओं का एसआईआर करवाने में सहयोग करें। कहा कि यदि वोट ही नहीं होगा तो विधायक कैसे बनेंगे, कैसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बनेंगे, कैसे सत्ता आ पाएगी। कहा कि एक एक वोट को एसआईआर की सूची में आना जरूरी है। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि सभी बीएलए पहले अपने परिवार का एसआईआर करवा लें उसके तुरन्त बाद जो मतदाता एसआईआर करवाने से वंचित रह गए है, उनके एसआईआर करवाने में मदद करें। इस दौरान सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने सभी मौजूद बीएलए को अपने अपने बूथों पर एसआईआर करवाने और नए मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने में सहयोग कराने की शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष हाजी मौहम्मद उसमान एडवोकेट, वेदप्रकाश सैनी, नौशाद पाशा, दिव्यांशु भटनागर, लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव रेहान पाशा, नगर अध्यक्ष शाहनावाज आलम, जिला सचिव कसीम आजाद, विधायक प्रति. निधि मौहम्मद हस्सान उर्फ फैजी, प्रदेश सचिव महिला सभा अफरोज जहां, विधानसभा अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड रमाकान्त सैनी, विधानसभा अध्यक्ष छात्रसभा कलीम नूरी, विधानसभा अध्यक्ष लोहिया वाहिनी सद्दाम सैफी, सैक्टर प्रभारी शमीम अहमद, एपी यादव, शिशुपाल यादव, रफत खां, बसर मलिक, सुहैल खान, जुबैर अंसारी, मशरूर, सालिम ख्वाजा, मास्टर इरशाद, मुजीब अहमद, रिजवान, इन्द्रपाल यादव, कययूम, अमरेन्द्र चौधरी, वसीम मलिक, मनोज मौर्य, विपिन वाल्मीकि, गजराम वाल्मीकि, नन्ही देवी, राजेन्द्र लौधे, चीकू यादव, विशाल सक्सैना, सोमपाल खटीक, राजाराम यादव, लाखन सिंह सैनी, अकरम मलिक, गणेशी सिंह यादव, श्रीराम मौर्य, राजू, महावीर सिंह यादव, विजय कश्यप , भूप सिंह जाटव, शिवकुमार ठाकुर, मोबीन सलमानी, हप्पू राजा, आमिल सिद्दीकी, जरीफ अंसारी, हिमांशू यादव, रियाज अहमद, हर्षित चौधरी समेत बड़ी संख्या में बीएलए और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** 17 दिसंबर को मुरादाबाद बंद का आह्वान किया गया है। इसको लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर बिलारी तहसील में अधिवक्ताओं ने बैठक की और आगामी रूपरेखा को तय किया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संघर्ष समिति के तत्वाधान में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना को लेकर 17 दिसंबर बुधवार को मुरादाबाद बंद का आह्वान किया गया है।

अधिवक्ताओं ने कहा कि हाईकोर्ट बैंच की स्थापना पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हो जाएगी तो लोगों के समय की बचत होगी और आर्थिक बोझ में भी कमी आएगी। इसके अलावा न्याय तक सीधे पहुंच से व्यापार और आम जनता दोनों को लाभ होगा लिहाजा व्यापारियों से आवाहन किया गया कि वह अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखकर आंदोलन को सफल बनाएं। इसी को लेकर तहसील बार एसोसिएशन की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें अध्यक्ष विनय चौधरी ने कहा कि संघर्ष समिति के आह्वान पर बिलारी के अधिवक्ता भी पुरजोर तरीके से साथ हैं और हाईकोर्ट बेंच की स्थापना को लेकर संघर्षरत हैं।

इस मौके पर सचिव सुनील कुमार सिंह, रामकुमार सिंह यादव,कमाल अकबर एडवोकेट, चौधरी अजय पाल सिंह,चेतन्य पाल सिंह, प्रमोद शर्मा,जबर सिंह, बिशन सिंह आर्य,मोहित सिंह, कपिल बालियान, सुमित चौधरी आदि के अलावा भारी तादात में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### ताइक्वांडो चैंपियनशिप में मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**चन्दौसी।** नगर के सेक्रेड हार्ट स्कूल में आयोजित ताइक्वांडो चौंपियनशिप में सीता रोड चन्दौसी स्थित युद्ध कला केंद्र मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाडिघ्यों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में अकादमी के कुल 17 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें से 12 खिलाडिघ्यों ने स्वर्ण पदक और 5 खिलाडिघ्यों ने रजत पदक हासिल किए। स्वर्ण पदक विजेताओं में सोनी, आर्वी, हरमन, प्रियांशु, शोएब खान, मयंक यादव, शिवाय, आशु ठाकुर, कान्हा, मयंक शर्मा, यस और रुद्र शामिल रहे। वहीं रजत पदक अमित, निकुंज, अर्जुन, दरसील और आशिका ने प्राप्त किए। प्रतियोगिता से लौटने पर अकादमी परिसर में सभी खिलाडिघ्यों का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर कोच बादल ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि खिलाडिघ्यों की कड़ी मेहनत और अनुशासन ही इस शानदार परिणाम का कारण है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी अकादमी के खिलाड़ी इसी तरह बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे।

# पेंशनरों की समस्याओं को लेकर सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, जनपद शाखा मुरादाबाद के पदाधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सोमवार को जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से पेंशनरों से जुड़ी तीन प्रमुख और महत्वपूर्ण मांगों को सरकार के समक्ष रखा गया है।एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि वित्त विधेयक 2025 में पेंशनरों के बीच तिथि के आधार पर विभेद पैदा करने वाला जो प्रावधान किया गया है, वह पूर्णत: अन्यायपूर्ण है। इससे समान सेवा और समान पद से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बीच असमानता उत्पन्न होगी। अत: इस विभेदकारी अंश को वित्त विधेयक से हटाए जाने की मांग की गई है।दूसरी प्रमुख मांग के तहत केंद्रीय आठवें वेतन आयोग के गठन को लेकर जारी अधिसूचना में निर्धारित टर्म्स ऑफ रेफरेंस में पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य पेंशनरी लाभों को स्पष्ट रूप से




शामिल किए जाने की मांग की गई है। एसोसिएशन का कहना है कि पेंशनर भी वेतन आयोग की सिफारिशों से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होते हैं, ऐसे में उन्हें इससे अलग रखना उचित नहीं है।तीसरी मांग में पेंशन को अनफंडेड कॉस्ट और नॉन-कॉन्ट्रीब्यूटरी बताए जाने वाले क्लॉज संख्या एफ-3 को हटाने की मांग की गई है। एसोसिएशन का कहना है कि यह प्रावधान पेंशनरों के अधिकारों को कमजोर करता है और भविष्य में पेंशन व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।ज्ञापन सौंपते समय पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की है कि केंद्र सरकार पेंशनरों की इन न्यायोचित मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी और शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी।

# ब्लाक सचिवों ने विकास कार्यो की पेमेंट का किया बहिष्कार



**मूंढापांडे।** मूंढापांडे ब्लॉक में तैनात ग्राम सचिव, ग्राम विकास अधिकारियों ने विभागीय कार्यों से अतिरिक्त कार्यों को लेकर विरोध करते हुए बताया है,की शासन एव प्रशासन अपनी और से ग्राम सचिव एवं ग्राम विकास अधिकारियों को दिन में तीन समय अपनी उपस्थिति डिजिटल माध्यम से अपने कार्य क्षेत्र से जिला इस्तर पोर्टल पर अपने चहेरे को स्केन करके दर्ज करनी होगी, जब के एक ग्राम सचिव एव ग्राम विकास अधिकारी पर पाँच से अधिक ग्राम पंचायतों का काम रहता है, इस लिए ग्राम सचिव,ग्राम विकास अधिकारी अपनी उपस्थिति कैसे दर्ज कर सकेगा, इस लिए सोमवार को हम सभी ग्राम सचिवो ने एक मत होकर ग्राम पंचायतों में हमारे डिजिटल सिग्नेचर से होने वाली ग्राम पंचायतों की पेमेंट का सामूहिक रूप से वहिष्कार करते हुए, अपने डिजिटल सिग्नेचर वाले डोंगल को एडीओ पंचायत देवेश कन्हैया को सौप दिए हमारे द्वारा ग्राम पंचायतों में जो जरूरी कार्य है, जैसे जन्म,प्रमाण पत्र, मृयु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल आदि का कार्य जारी रहेगा,इस अवसर पर, सचिव, इंतजार हुसैन,मोहन सिंह रावत, प्रमेन्द्र वर्मा, रणबीर सिंह, रवि कुमार,रवि पाल सिंह, अमित कुमार,शादाब अली,स्वाति चौहान, धनेंद्र पाल,सुदिस कुमार सहित ब्लॉक के सभी सचिव आदि मौजूद रहे।

# लंबित मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपा। यूनियन ने आरोप लगाया कि वर्षों से आशा और आशा संगिनी कर्मियों की मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है।यूनियन ने ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की है कि आशा और आशा संगिनी को स्वयंसेवक की बजाय 45वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशों के अनुरूप सरकारी कर्मचारी के रूप में वर्गीकृत किया जाए तथा प्रोत्साहन राशि के स्थान पर न्यूनतम वेतन लागू किया जाए। इसके साथ ही उन्हें ईपीएफ और ईएसआई का सदस्य बनाए जाने, सेवा निवृत्ति पर ग्रेच्यूटी भुगतान सुनिश्चित करने और 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा तथा 50 लाख का जीवन बीमा देने की मांग उठाई गई। एक ही दिन में कई प्रकार के कार्यों का दबाव और जीवन निर्वाह के लिए अपर्याप्त पारिश्रमिक के कारण आशा कर्मियों का एक बड़ा वर्ग अवसाद से गुजर रहा है।

इसके अलावा जननी सुरक्षा योजना से इतर कार्यों के लिए उत्प्रेरण राशि का निर्धारण कर उसका नियमित और पारदर्शी भुगतान, आशा संगिनी को भ्रमण भत्ता और आवागमन के लिए स्कूटी उपलब्ध कराने, उच्च गुणवत्ता वाला 5जी मोबाइल व तेज इंटरनेट सिम दिए जाने की मांग भी शामिल है। डेटा ऑपरेटर के रूप में कराए जा रहे कार्यों का अलग से भुगतान तय करने पर भी जोर दिया गया।यूनियन ने गोल्डन आयुष्मान कार्ड और आभा परिचय पत्र निर्माण में किए गए योगदान के बदले बिहार की तर्ज पर 15 रुपये प्रति कार्ड की दर से सितंबर 2025 तक लंबित 225.2 करोड़ रुपये का एकमुश्त भुगतान, वर्ष 2018 से 2025 तक दुर्घटनाओं में मृत आशा कर्मियों के परिजनों को बीमा और मुआवजा देने की मांग रखी। निजी अस्पतालों से जुड़े मामलों में आशा कर्मियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने और लैंगिक उत्पीड़न रोकने के लिए सभी जिलों में जीएसकैश कमेटी गठन की भी मांग की गई।ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष निर्मला, संतोष देवी, लक्ष्मी देवी, नीतू गोयल, लता सहित बड़ी संख्या में आशा वर्कर्स शामिल रहीं।

# विद्या भारती द्वारा 'सप्त शक्ति संगम' का भव्य आयोजन, मातृशक्ति के जागरण पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** स्थानीय विद्या भारती से संबद्ध विद्यालय में 'सप्त शक्ति संगम' कार्यक्रम अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष आयोजन का मुख्य उद्देश्य मातृशक्ति और बहनों के भीतर समाहित सात दैवीय शक्तियोंख्रश्री, वाक, स्मृति, मेधा, धृति, क्षमा और कीर्ति का जागरण करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। वही कार्यक्रम में संजना सैनी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित किया। उन्होंने महिला शक्ति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज सेवा और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में महिलाओं की भूमिका सर्वोपरि है।

उन्होंने आह्वान किया कि भारतीय संस्कृति को जीवित रखने के लिए माताओं को अपने बच्चों में नैतिक मूल्यों का संचार करना चाहिए। मुख्य वक्ता के रूप में ऋचा पाठक और मोनिका अग्रवाल ने 'कुटुंब प्रबोधन' (परिवार प्रबोधन) के विषय पर गहरा प्रभाव डाला। उन्होंने भारतीय दृष्टि से परिवार और पर्यावरण के अंतर्संबंधों को समझाया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में नई पीढ़ी का सही मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे अपनी जड़ों से जुड़े



रहें और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनें। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मोनिका अग्रवाल ने समाज में महिलाओं की बदलती और सशक्त होती भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि एक शिक्षित महिला न केवल एक परिवार को, बल्कि पूरे समाज को नई दिशा देने का सामर्थ्य रखती है।

समारोह के दौरान विद्यालय परिसर भक्ति और राष्ट्रवाद के स्वर से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन ने महिलाओं को अपनी आंतरिक शक्ति पहचानने और समाज के उत्थान में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

## एक नजर

### खादी महोत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ



**मुरादाबाद।** खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा युवा केन्द्र, सांई मन्दिर रोड, दीनदयालनगर, मुरादाबाद में आयोजित ''मुरादाबाद खादी महोत्सव-2025'' का उद्घाटन श्री डॉ0 जयपाल सिंह 'व्यस्त' सदस्य विधान परिषद उ0प्र0, मुरादाबाद खण्ड स्नातक क्षेत्र के कर कमलो द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में गंगा आरोग्य धाम, मुरादाबाद के बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। देश के विभिन्न प्रदेशो, प्रदेश के विभिन्न जनपदो से आयी उत्कृष्ठ खादी ग्रामोद्योगी इकाईयो का भ्रमण किया तथा इकाईयो के उत्पाद देखकर अत्यधिक प्रभावित हुए। प्रदर्शनी में उत्तराखण्ड के बूलन रेडीमेड गारमेन्टस, सहारनपुर का बुडन हैंडीक्राफ्ट, कन्नौज का इत्र, मेरठ का आचार, सिल्क खादी, शहद, जम्मू कश्मीर के बूलन शाल एवं सूट, डाई फूट, राजस्थान की नमकीन, पंजाब की जूती, बिहार के भागलपुर की मशहूर खादी, आर्गेनिक गुड एवं शक्कर, मसाले, भदोही का कारपेट एवं अन्य आकर्षक उत्पाद उपलब्ध है। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रदर्शनी के आयोजन के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए धन्यवाद किया गया तथा मण्डल स्तरीय प्रदर्शनी को 100 स्टाल लगाकर राष्ट्रीय प्रदर्शनी का स्वरुप दिए जाने की जानकारी प्रदान कर अधिक से अधिक लोगो को प्रदर्शनी में भाग एवं उत्कृष्ठ उत्पादो को क्रय करने हेतु अनुरोध किया गया।

### एआई के जरिए ब्लैकमेलिंग और शोषण का मामला आया सामने, फाइनेंस एजेंट पर दर्ज हुआ मुकदमा

**मुरादाबाद।** नगर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के दुरुपयोग का पहला गंभीर और सनसनीखेज मामला सामने आया है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक फाइनेंस एजेंट पर महिला के खिलाफ एआई तकनीक का इस्तेमाल कर फर्जी अश्लील तस्वीरें और वीडियो तैयार करने, ब्लैकमेल करने और शारीरिक शोषण के आरोप लगे हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़िता मुगलपुरा क्षेत्र की रहने वाली है। आरोप है कि उसके पिता की मौत के बाद आरोपी फाइनेंस एजेंट किस्त वसूली के बहाने लगातार उसके घर आने लगा। इसी दौरान उसने महिला की सामान्य तस्वीरों का इस्तेमाल कर एआई तकनीक के माध्यम से फर्जी अश्लील फोटो और वीडियो तैयार कर लिए। इन तस्वीरों को वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ने महिला को ब्लैकमेल किया और उसका शारीरिक शोषण किया।पीड़िता ने बताया कि जब उसने आरोपी का विरोध किया तो उसने बदले की भावना से महिला का मोबाइल नंबर अश्लील वेबसाइटों पर वायरल कर दिया, जिससे उसे मानसिक प्रताड़ना और सामाजिक अपमान का सामना करना पड़ा। इसके अलावा आरोपी एआई से तैयार की गई तस्वीरों के जरिए जबरन वसूली का भी प्रयास कर रहा था।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि यह मामला एआई तकनीक के दुरुपयोग से जुड़ा हुआ है, जिसे गंभीरता से लिया जा रहा है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की एलुमनी तपोवन ऋषिकेश में संपन्न



**मुरादाबाद।** राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की एलुमनी तपोवन ऋषिकेश में संपन्न हुई ।जिसमें एलुमनी के डॉक्टर्स एवं उनके परिवार के सदस्यों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया ।इस प्रोग्राम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए , कार्यक्रम में एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ एसपी सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ कुलदीप शर्मा ने सक्रिय योगदान दिया। इस सम्मेलन का आयोजन डॉ एमपी सिंह व डॉ रजनी सिंह ने किया, डॉ अमित मित्तल ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया एवं अंत तक समा बांधे रखा। कार्यक्रम में वरिष्ठतम चिकित्सक डॉ एसपी सिंह एवं वरिष्ठतम महिला चिकित्सक डॉ नूतन आर्या को सम्मानित किया गया।

इस सम्मेलन में डॉ आरके शर्मा, डॉ राकेश गुप्ता, डॉ सतीश, डॉ कंचन, डॉ अंशुमन गौड़ ,डॉ पल्लवी कौशिक, डॉ दिनेश चौहान ,डॉ प्रवेश अग्रवाल ,डॉ नीलम , डॉ एलपी तिलक, डॉ विमल, डॉ लाल बहादुर, डॉ अशोक माहेश्वरी, डॉ दिनेश वर्मा सहित 40 लोग उपस्थित रहे।

### शांति कुंज की भव्य कलश यात्रा का आह्वान

**सुरजननगर।** आगामी 7 जनवरी को आयोजित होने वाली भव्य कलश यात्रा के लिए शांति कुंज हरिद्वार के स्थानीय सदस्यों ने जोर-शोर से जन-जागरण अभियान शुरू कर दिया है। इस पुनीत आयोजन में अधिकाधिक ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, सदस्यों ने पूरे गांव की दीवारों पर शांति कुंज का प्रतीक चिन्ह बनाकर ग्रामीणों को जागरूक किया और यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया।



इस जन-जागरण अभियान में प्रमुख रूप से विजयपाल सिंह, कृष्णनद, धर्मपाल सिंह, आशीष शर्मा, टिकराज सिंह, और नोबहार सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने घर-घर जाकर और सार्वजनिक स्थानों पर चिन्ह बनाकर लोगों को कलश यात्रा के महत्व और उसके उद्देश्यों से अवगत कराया। सदस्यों ने बताया कि कलश यात्रा समाज में सद्भाव, एकता और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। यह पहल दर्शाती है कि शांति कुंज के सदस्य समाज को एक सकारात्मक दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयास से सुरजननगर के ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है और वे 7 जनवरी की भव्य कलश यात्रा में हिस्सा लेने के लिए उत्सुक हैं। यह आयोजन निश्चित रूप से गांव के धार्मिक और सामाजिक जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने बड़े पुत्र शादाब मलिक को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में शादाब मलिक के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा। आज के बाद मेरा व मेरे अन्य बच्चों से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**मोहम्मद आलम पुत्र सना उल्लाह निवासी ग्राम जाहिदपुर सीकमपुर पोस्ट देवीपुर थाना भगतपुर, जिला मुरादाबाद। मोबाइल नंबर-7456009031**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र नदीम को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में नदीम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही रहेगा।

**जाफर पुत्र अल्लाह बख्श निवासी नगलिया मशकूला थाना मैनाठेर तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

# 17 दिसम्बर को मुरादाबाद बंद को लेकर अधिवक्ताओं ने व्यापारियों से की सहयोग करने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर अधिवक्ताओं द्वारा 17 दिसंबर को मुरादाबाद बंद का आह्वान किया गया है। इस बंद को सफल बनाने के उद्देश्य से सोमवार को अधिवक्ताओं ने शहर के प्रमुख बाजारों में पहुंचकर व्यापारियों से संपर्क किया और उनसे सहयोग की अपील की।अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने मंडी चौक, बुध बाजार, गंज बाजार, गुरहट्टी,स्टेशन रोड सहित अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में दुकानदारों और व्यापार मंडलों से मुलाकात की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने व्यापारियों को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को न्याय प्राप्त करने में हो रही कठिनाइयों से अवगत कराया और बताया कि इलाहाबाद में स्थित हाईकोर्ट की दूरी अधिक होने के कारण आम जनता, अधिवक्ता और वादी सभी को समय और धन की भारी परेशानी उठानी पड़ती है।



अधिवक्ताओं ने कहा कि पश्चिमी यूपी देश के सबसे अधिक मुकदमे दर्ज होने वाले क्षेत्रों में शामिल है, इसके बावजूद यहां हाईकोर्ट की बेंच न होना गंभीर अन्याय है। उन्होंने व्यापारियों से 17 दिसंबर को अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर मुरादाबाद बंद को सफल बनाने और न्यायिक अधिकारों की इस लड़ाई में साथ खड़े होने का आग्रह किया।व्यापारियों ने भी अधिवक्ताओं की बातों को गंभीरता से सुना और कई बाजारों के व्यापारियों ने बंद को समर्थन देने का आश्वासन दिया। अधिवक्ताओं ने कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता के हित में है। उन्होंने प्रशासन से भी अपील की कि बंद के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## दो माह पहले सड़क दुर्घटना में मरे व्यक्ति के भाई ने लिखाई एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** जनपद संभल के हयात नगर निवासी प्रशान्त गुप्ता का कहना था कि उसका भाई शुशान्त गुप्ता कांठ में रहकर मजदुरी करके अपना जीवन यापन करत था। 11.10.2025 को वह मजदूरी करके कस्बे की तरफ से आ रहा था जब वह कुमार ढावे के पास पेट्रोल पम्प के निकट पहुँचा तो एक सफेद रंग की आल्टो गाडी के चालक ने गाडी को तेजी व लापरवाही से चलाकर भाई को टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया आस-पास के लोग इलाज हेतु मुरादाबाद ले गए। शुशान्त गुप्ता को मृत घोषित कर दिया गया। गाड़ी को कोई नही देख पाया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

## मृतक बच्ची के पिता की तहरीर पर पुलिस ने थार चालक के खिलाफ की एफआईआर दर्ज

कांठ (शाह टाइम्स) नगर निवासी विवेक की पुत्री मिष्टी 14-12-2025 को सायं करीब 05 बजे घर के स्लैब पर खडी थी । महर्षि दयानन्द इण्टर कलिज की ओर से तेज गति से आ रही थार गाडी UP21 CX 3931 के चालक अब्दुल्ला पुत्र मुस्तकीम निवासी घोसीपुरा ने तेजी व लापरवाही से चलाकर घर के स्लैब पर खडी बच्ची को टक्कर मार कर कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। परिजन जीवन की आस में फोटोन अस्पताल ले गए जहाँ डा0 द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। वह अपनी मृत पुत्री का शव अपने परिजनो की मदद से अपने घर ले आया। थार गाडी मे दो अन्य व्यक्ति बाबू पुत्र शकील अहमद निवासी मौ0 चौक बाजार कांठ थाना तथा मौ0 आदम पुत्र मुस्तकीम निवासी मौ0 घोसीपुरा भी मौजूद थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थार चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### एक नजर

## व्यापारी सुरक्षा फोरम के पदाधिकारियों ने एसपी सिटी कार्यालय पहुंचकर पुलिस टीम को किया सम्मानित



**मुरादाबाद।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान द्वारा पुलिस प्रशासन के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान मुरादाबाद के अध्यक्ष विजय मदन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक नगर रणविजय सिंह, क्षेत्राधिकारी कुलदीप सिंह तथा इंस्पेक्टर सिविल लाइन मनीष सक्सेना और उनकी टीम को व्यापारियों द्वारा सम्मानित किया गया।इस अवसर पर फोरम के महामंत्री नितिन राज ने कहा कि हाल ही में एटीएम चोरी प्रकरण का पुलिस द्वारा सफलतापूर्वक खुलासा किया जाना सराहनीय कार्य है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत, सूझबूझ और तत्परता के साथ इस गंभीर अपराध का खुलासा कर न केवल अपराधियों को कानून के शिकंजे में लिया, बल्कि शहर के व्यापारियों और आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत किया है। ऐसे प्रयासों से पुलिस और व्यापारियों के बीच आपसी विश्वास और सहयोग की भावना और अधिक मजबूत होती है।नगर पुलिस अधीक्षक रणविजय सिंह ने सम्मान के लिए व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अपराध और असामाजिक तत्वों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी तथा व्यापारिक क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पोनी सहगल, अशोक रहेजा, आकाश रस्तोगी, अजय कक्कड़, सुनील गुलाटी, दीपक अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, संदीप बजाज सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे। सभी ने पुलिस टीम के कार्य की प्रशंसा की और भविष्य में भी इसी तरह सहयोग बनाए रखने की बात कही।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

■ **अधिकारियों को विभागीय योजनाओं में प्रगति बढ़ाने के निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अनुसार विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने छात्रवृत्ति योजना, उद्यान, कृषि, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, विद्युत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, दुग्ध विकास, पशुपालन विभाग, पेंशन योजना, मत्स्य उत्पादन, ग्रामीण स्टेडियम, सिंचाई और आइजीआरएस सहित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि वे जनपद के इंटर कॉलेज एवं परिषदीय विद्यालयों में विभिन्न किस्म के आकर्षक फूलों की पौध लगवाएं ताकि विद्यालय परिसर में एक आकर्षक माहौल बने। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी इस कार्य में जिला उद्यान अधिकारी को सहयोग प्रदान करने के लिए निर्देशित किया।



उन्होंने कहा कि प्राथमिक चरण में 50 विद्यालयों को उद्यान विभाग चिन्हित करके वहां आकर्षक और उन्नत किस्म की फूलों की पौध लगवाए। कृषि विभाग के अधिकारियों को भी जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परिषदीय विद्यालयों के आसपास अत्यधिक घास एवं झाड़ी आदि के कारण बच्चों को समस्या उत्पन्न होती है इसलिए आवश्यकतानुसार चिन्हित विद्यालयों के आसपास घास एवं झाड़ियों की रोकथाम के लिए जरूरी दवाइयों का छिड़काव कराया जाए। ताकि बारिश आदि के दौरान बच्चों के लिए कोई दिक्कत न हो। छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों को पात्रता के अनुरूप छात्रवृत्ति का लाभ दिलाने में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। विद्यालयवार आवेदन पत्रों की मॉनिटरिंग की जाए और जिन विद्यालयों में आवेदन पत्र लंबित रखा गया है उनके कारण सहित रिपोर्ट तैयार होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि बच्चों की शिक्षा में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होनी चाहिए।

जनपद में संचालित गौ आश्रय स्थलों में गोवंश की सुरक्षा के दृष्टिकोण से किए गए प्रबंध के बारे में भी जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से जानकारी प्राप्त की साथ ही कहा कि अधिकारी नियमित तौर पर गौशालाओं का भ्रमण करते रहें और कमियों को दुरुस्त करने के प्रति गंभीरता दिखाएं। पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई व्यवस्था निर्बाध रूप से बेहतर बनी रहे इसके लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। नालियों की साफ-सफाई नियमित तौर पर होती रहे ताकि स्थानीय लोगों को कोई समस्या न उत्पन्न होने पाए। अधिशासी अभियंता सिंचाई से जिलाधिकारी ने सिंचाई के लिए नहरों में पानी की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की और कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने जिले में नलकूपों के संचालन और भौतिक स्थिति के बारे में भी जाना और कहा कि जनपद के नलकूपों में यदि यांत्रिक अथवा विद्युत संबंधी दिक्कतें उत्पन्न होती हैं तो संबंधित अधिकारी की यह जिम्मेदारी है कि वह तत्काल कमियों को दुरुस्त कराएं ताकि स्थानीय किसानों को नलकूप के माध्यम से सिंचाई की सुविधा में कोई अवरोध उत्पन्न न होने पाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी गण मौजूद रहे।

## ऑनलाइन उपस्थिति के खिलाफ ग्राम सचिवों का विरोध, डोंगल सौंपे



**कुंदरकी।** विकास खंड कुंदरकी में ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था समेत अन्य लंबित समस्याओं के विरोध में ग्राम सचिवों ने सोमवार को सहायक विकास अधिकारी कार्यालय में अपने-अपने डोंगल जमा कर दिए। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप सिंह के आह्वान पर की गई। बताया गया कि प्रदेश भर में ग्राम सचिव अपनी मांगों के समर्थन में एकजुट होकर विरोध दर्ज करा रहे हैं। इसी क्रम में कुंदरकी विकास खंड में तैनात ग्राम सचिवों ने डोंगल सौंपते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। सचिवों का कहना है कि ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली में कई तकनीकी और अन्य समस्याएं हैं, जिनके कारण कार्य प्रभावित हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया है। डोंगल जमा होने से ग्राम पंचायतों के ऑनलाइन कार्यों पर भी असर पड़ सकता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक कामकाज प्रभावित हो सकता है। डोंगल सौंपने वालों में नरेश सिंह, फिरोज आलम, राम प्रकाश, विवेक चौधरी, अंकित चौधरी, रईस आलम, राशिद हुसैन, सतीश सागर, नाजिम इकबाल, फैजान राखी भारती, इरशाद हुसैन और अनुज सिंह शामिल रहे।

## छह वर्षीय बच्ची से युवक ने की अश्लीलता सामाजिक दबाव में कार्रवाई नहीं होने से रोष

**ठाकुरद्वारा ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** नगर के एक मोहल्ले में घर के बाहर खेल रही 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ एक युवक द्वारा अश्लीलता किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। घटना के बाद से नगर में आक्रोश का माहौल बना हुआ है और लोग बेटियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं। रविवार की रात्रि नगर स्थित एक धार्मिक स्थल के समीप बच्ची अपनी सहेली के साथ खेल रही थी। इसी दौरान वहां मौजूद एक युवक ने इशारा कर बच्ची को अपने पास बुलाया और उसके साथ आपत्तिजनक हरकत की। घटना से घबराई बच्ची रोते हुए घर पहुंची और परिजनों को पूरी जानकारी दी। इसके बाद मासूम के परिजन बच्ची को लेकर कोतवाली पहुंचे, तो कोतवाली गेट पर ही समाज के कुछ कथित ठेकेदारों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि बदनामी का डर दिखाकर तथा बिरादरी और रिश्तेदारी का हवाला देकर परिजनों को समझा-बुझाकर बिना किसी कानूनी कार्रवाई के ही वापस लौटा दिया गया। मामला नगर भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग घटना की कड़ी निंदा कर रहे हैं और कह रहे हैं कि इस तरह के मामलों को दबाना बेटियों की सुरक्षा के लिए घातक है। नागरिकों का कहना है कि समाज में खुले घूम रहे ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन कथित संरक्षण के चलते दोषियों के हौसले बुलंद हैं। लोगों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर आरोपित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए 30 दिसम्बर को बार सभागार में बैठक

**ठाकुरद्वारा ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** ठाकुरद्वारा बार एसोसिएश के वार्षिक चुनाव के लिए वर्तमान बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से आय व्यय का व्यौरा के लिए 30 दिसम्बर को बैठक बुलाई है। पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, हीरालाल अग्रवाल, सत्यवीर सिंह एडवोकेट, सफदर अली खान एडवोकेटे ने बताया कि वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। ऐल्डर कमेटी की ओर से तत्काल नई कार्य कारणी का चुनाव समस से सपन्न कराए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके लेकर वर्तमान पदाधिकारियों से आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करने के लिए 30 मीटिंग होगी। ताकि अग्रिम चुनाव समय से संपन्न कराया जा सके। यह जानकारी सफदर अली खान एडवोकेट ने दी।

## नगरपालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी द्वारा कर्मचारियों को सेफ्टी कीटों का वितरण

**ठाकुरद्वारा ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा के अध्यक्ष इरफान सैफी एवं अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने पालिका कर्मचारियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सेफ्टी किट वितरित की गई। इस दौरान विशेष रूप से सफाई एवं फील्ड में कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्राथमिकता दी गई। अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने बताया कि नगर पालिका के कर्मचारी प्रतिदिन नालियों की सफाई, कूड़ा उठान, सड़क व जल निकासी व्यवस्था जैसे जोखिम भरे कार्य करते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से कर्मचारियों को सेफ्टी किट उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे सुरक्षित तरीके से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। सेफ्टी किट में सुरक्षा दस्ताने, मास्क, सेफ्टी जैकेट, हेलमेट, जूते व अन्य आवश्यक उपकरण शामिल हैं। नगरपालिका अध्यक्ष इरफान सैफी ने कर्मचारियों से अपील की कि वे कार्य के दौरान सेफ्टी किट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें और अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहें। उन्होंने कहा कि नगर की स्वच्छता और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने में पालिका कर्मचारियों की भूमिका अहम है, इसलिए उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य का ध्यान रखना नगर पालिका की प्राथमिकता है। सेफ्टी किट वितरण के दौरान पालिका के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



**तलाक/समझौतानामा**

श्रीमती ममता दास पत्नी हर्ष रस्तौगी पत्नी ज्योतिष दास निवासी डिफू स्टेशन के पास, काडवी आवलो, झील पार्क के निकट, आसाम, मेरे पति हर्ष रस्तौगी पुत्र मुकेश रस्तौगी निवासी गली नं0 2. रानी किशोरी का फाटक, हाथीवाला मन्दिर, कानूनगोयान, मुरादाबाद,का विवाह दि0 28.06.2025 को हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार मन्दिर में हुआ था। यह एक प्रेम विवाह था, अब हम दोनों एक दूसरे की सहमति से अलग हो रहे हैं और मैंने इनको तलाक दे दी है जिसमें हम दोनों की सहमति है, व दोनो कभी भी एक दूसरे की जिन्दगी में किसी प्रकार का कोई दखल नही देगें। और दोनो फरीकैन को हक हासिल है कि वे अपना-अपना विवाह जहाँ चाहे वहाँ कर लें क्योकि दोनो फरीकैन आजाद हैं।

## दुर्घटना में ग्रामीण की मौत के मामले में मुकदमा

**बिलारी।** रोडवेज बस द्वारा ग्रामीण को टक्कर मारने के मामले में ग्रामीण के बेटे द्वारा दी गई तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थाना सोनकपुर क्षेत्र के गांव नगला गुजर के रहने वाले नाजिम अली पुत्र अहमद अली ने मुकदमा दर्ज कराया कि 7 दिसंबर को उसके पिता अहमद अली टांडा से घर साइकिल से आ रहे थे। इस बीच उसके पिता को सरथल गांव के पास में करीब 1:50 बजे रोडवेज बस के चालक ने लापरवाही से चलते हुए उनके पिता अहमद अली की साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

108 एंबुलेंस से नरौली के सरकारी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अब तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

# फल सब्जी विक्रेता कल्याण समिति ने डीएम कार्यालय पहुंचकर दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** फल सब्जी विक्रेता कल्याण समिति द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से कृषि उत्पादन मंडी समिति, मुरादाबाद के परिसर में प्रस्तावित 38 दुकानों एवं एक नीलामी चबूतरे के निर्माण को लेकर समाधान की मांग की गई है।समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मंडी परिसर में 38 दुकानों और एक नीलामी चबूतरे के निर्माण हेतु बजट पहले ही आवंटित किया जा चुका है। इस विकास कार्य में जिलाधिकारी के साथ-साथ नगर विधायक रितेश गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिसके लिए समस्त व्यापारी वर्ग की ओर से उनका आभार व्यक्त किया गया। बजट आवंटन के बाद मंडी उपनिदेशक



(निर्माण) द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी कर संबंधित ठेकेदार से अनुबंध भी किया जा चुका है।व्यापारियों ने बताया कि वर्तमान में मंडी परिसर में लगभग 500 दुकानों की आवश्यकता है, जबकि अभी केवल 258 दुकानें उपलब्ध हैं। इनमें से कई दुकानें जर्जर अवस्था में हैं और व्यापार योग्य नहीं हैं। वहीं मंडी समिति द्वारा लगभग 680 थोक व्यापारी लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं, जिससे मंडी परिसर में अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई है।समिति ने स्पष्ट किया कि वह 38 दुकानों के निर्माण का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन जिस स्थान पर निर्माण प्रस्तावित है, वहां करीब 90 थोक व्यापारी पिछले 30ख्35 वर्षों से व्यापार कर रहे हैं। अचानक विस्थापन से उनकी आजीविका पर संकट उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने मांग की कि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए और प्रभावित व्यापारियों के लिए मंडी परिसर के भीतर ही वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।साथ ही मंडी परिसर में सड़कों, नालियों, स्वच्छ पेयजल और प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं को और सुदृढ़ करने की भी मांग की गई। व्यापारियों ने कहा कि मंडी नियमावली के प्रावधानों के अनुसार ही निर्माण और पुनर्व्यवस्था की प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि व्यापारियों और किसानों दोनों के हित सुरक्षित रह सकें।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र फैजान और उसकी पत्नी सबिया को उनके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके किसी कृत्य से मेरा और मेरे बाकी परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।
**वकील पुत्र मकबूल निवासी बीबीपुर, तहसील कांठ, जनपद मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**

मेरा एक किता एच. आई. जी. भूखंड संख्या 171 रकवाई 216. 45 वर्ग मीटर स्थित मोहल्ला एकता विहार उत्तरी योजना शहर व जिला मुरादाबाद के डीड चौन का मूल बयनामा दिनांकित 10.1. 2007 बही संख्या-1,जिल्द संख्या-5520 पृष्ठ संख्या 1 से 16 तक क्रमांक 449 है वास्तव में खो गया है जिसका प्रयोग अवैध होगा।
**श्रीमती आसमा अदनान पत्नी श्री अदनान हुसैन निवासनी भवन संख्या 402 गलशहीद निकट चांद वाली मस्जिद थाना गलशहीद, जिला मुरादाबाद।**

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**इजरा वाद सं०:** 15/2025
**सम्बन्धित मूलवाद वांद:** 35/2001
**तारीख पेशी:** 23.12.2025
**भूपेन्द्र सिंह बनाम इसरार आदि।**
भूपेन्द्र सिंह आयु लगभग 65 वर्ष पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र कुमार निवासी ग्राम सलावा, तहसील व जिला मुरादाबाद वर्तमान निवासी कांठ हाऊस, कमल सिनेमा के पास बारादरी शहर व जिला मुरादाबाद (प्रबंधक किसान जूनियर हाईस्कूल, अगवानपुर जिला मुरादाबाद)।
**बनाम**
(6/1)-सरताज उम्र लगभग 41 वर्ष पुत्र स्व. राजना, (6/2) सरदारा उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र स्व. राजना निवासीगण ग्राम बीबीपुर तहसील कांठ व जिला मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 12 के दिवस 23 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 12 के दिवस 15 को निकाली गयी है।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

# टीएमयू में आईएसटीडी मुरादाबाद चैप्टर खुला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डवलपमेंट-आईएसटीडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल शाह ने तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के ऑडी में संगठनात्मक प्रभावशीलता के लिए प्रशिक्षण एवम् विकास पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में आईएसटीडी के मुरादाबाद चौप्टर का विधिवत उद्घाटन किया। अंत में नई कार्यकारिणी को आईएसटीडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अतुल शाह ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने वर्तमान परिवेश में प्रशिक्षण एवम् विकास की बढ़ती भूमिका पर विस्तार से विचार प्रस्तुत किए। उल्लेखनीय है, आईएसटीडी के मुरादाबाद चैप्टर की सदस्यता से टीएमयू स्टुडेंट्स के संग-संग फैकल्टी को प्रशिक्षण, मानव संसाधन विकास, नेतृत्व विकास और संगठनात्मक प्रभावशीलता से जुड़े नवीनतम ज्ञान, शोध पत्र, जर्नल, सेमिनार, कार्यशालाएं और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों से जुड़ने का अवसर मिलता है। उल्लेखनीय है, मानव संसाधन विकास-एचआरडी के क्षेत्र में इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डवलपमेंट-



आईएसटीडी 1970 में स्थापित एक पेशेवर, गैर-लाभकारी संस्था है। इसका मकसद शिक्षा, उद्योग, कृषि और सेवाओं जैसे क्षेत्रों के लिए कार्य करती है। संगोष्ठी में वीसी प्रो. वीके जैन, मैनेजमेंट के डीन प्रो. विपिन जैन के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी, डॉ. करूणा जैन आदि की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। वीसी प्रो. वीके जैन ने बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में निरंतर सीखने, कौशल विकास और उद्योग-शिक्षा समन्वय के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, प्रशिक्षण एवम् विकास संगठनात्मक प्रभावशीलता और पेशेवर उत्कृष्टता के प्रमुख आधार हैं। इनके अलावा आईसीआईसीआई बैंक के श्री अर्पित वर्मा, आसापियन होटल्स के सीईओ डॉ. सुधीर अवस्थी, श्री नितित मिश्रा, श्री पंकज सिंह, डॉ. चारुल वर्मा आदि को भी सदस्य नामित किया गया। संगोष्ठी में डेंटल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रदीप तांगडे, नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन, सीटीएलडी के डायरेक्अर प्रो. पंकज कुमार सिंह, कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. जेसलीन एम., फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आशु मित्तल, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार जैन, फिजियोथैरेपी की एचओडी डॉ. शिवानी एम. कौल, फाइन आर्ट्स के प्राचार्य श्री रविन्द्र देव आदि मौजूद रहे। संचालन एमबीए के स्टुडेंट पर्व जैन ने किया।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, सम्भल

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना:**

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

**1. 11/EDC(S) 2025-26,** विद्युत वितरण खण्ड चंदौसी के क्षेत्रान्तर्गत पूर्ण जमा योजना के अर्न्तगत कराये जाने वाले रनिंग कार्य
प्रपत्र शुल्क-3540, धरोहर राशि-रू. 24 हजारं
**2. I2/EDC(S) 2025-26,** विद्युत वितरण खण्ड सम्भल के क्षेत्रान्तर्गत पूर्ण जमा योजना के अर्न्तगत कराये जाने वाले रनिंग कार्य
प्रपत्र शुल्क-3540, धरोहर राशि-रू. 24 हजारं

**निविदा की अन्तिम तिथि : 31 दिसम्बर 2025, 12:00 बजें**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट **https://etender.up.nic.in/**पर उपलब्ध हैं अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी

पत्रांक: 8521 / वि0वि0म0सं0 / ओ0-2 / विज्ञापन दिनांक: 15.12.2025

# भारत पहली बार स्क्वॉश विश्व कप चैंपियन बना

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई के एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में खेले गए स्क्वॉश वर्ल्ड कप के फाइनल में भारतीय मिक्स्ड टीम ने हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से हराकर इतिहास रच दिया। यह मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत का पहला गोल्ड मेडल है। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में ब्रॉन्ज मेडल रहा था। इस टूर्नामेंट में 12 टीमों ने शॉर्ट और फास्ट फॉर्मेट में हिस्सा लिया।

भारत ने सेमीफाइनल में मजबूत मानी जाने वाली मिस्र की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मुक. ाबले में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा शुरू से अंत तक बना रहा। भारतीय टीम की अगुआई दिग्गज खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने की। फाइनल के पहले मुक. ाबले में जोशना ने हांगकांग की यी ली (वर्ल्ड नंबर-37) को 3-1 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद अभय सिंह ने एलेक्स लाउ को 3-0 से मात दी।

**● हांगकांग को 3-0 से हराकर, मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत का पहला गोल्ड मेडल**

निर्णायक मुकाबले में 17 साल की अनाहत सिंह ने टोमेटो हो को 3-0 से हराकर भारत की ऐतिहासिक जीत पक्की कर दी। भारतीय टीम में जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलावन सेंथिलकुमार और अनाहत सिंह शामिल थे।

मुकाबला देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में मौजूद रहे। जोशना चिनप्पा ने कहा कि हमें भरोसा था हम कर सकते हैं मैच के बाद जोशना चिनप्पा ने कहा, ह्टूर्नामेंट से पहले हम सभी को भरोसा था कि हम यह कर सकते हैं। सभी खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में थे। उन्होंने घरेलू दर्शकों के समर्थन को भी खास बताया और कहा कि उन्होंने अपने करियर में पहली बार इतने बड़े और जोशीले दर्शकों के सामने खेला। 2028 ओलिंपिक से पहले बड़ी उपलब्धि




स्क्वॉश को 2028 लॉस एंजेलिस ओ. लिंपिक में पहली बार शामिल किया जा रहा है। ऐसे में यह जीत युवा खिलाड़ियों अनाहत सिंह और अभय सिंह के साथ-साथ भारतीय स्क्वैश के लिए भी बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने स्क्वैश विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम को दी बधाई



**● खिलाड़ियों की सफलता ने पूरे देश गौरान्वित किया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एसडीएटी स्क्वैश विश्व कप 2025 में अपना पहला विश्व कप खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय स्क्वैश टीम को बधाई दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह की चौकड़ी की 'जबरदस्त लगन और दृढ़ संकल्प' के लिए तारीफ करते हुए कहा कि उनकी सफलता ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री ने भारतीय खेल पर इस ऐतिहासिक उपलब्धि के व्यापक प्रभाव पर बल देते हुए कहा कि यह जीत हमारे युवाओं के बीच स्क्वैश की लोकप्रियता को भी बढ़ाएगी।

### मेसी को जय शाह ने टी-20 वर्ल्डकप का टिकट दिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी को आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने टी-20 वर्ल्ड कप की इनविटेशनल टिकट दी। सोमवार को मेसी का दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सम्मान किया गया। इस मौके पर उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी भेंट की गई। साथ ही शाह ने मेसी को दिग्गज क्रिकेटर्स के ऑटोग्राफ वाला बैट भी गिफ्ट किया। मेसी ने सबसे पहले हाथ हिलाकर स्टेडियम में मौजूद फैंस का अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने रोड्रिगो डी पॉल और लुईस सुआरेज के साथ किक मारकर दर्शकों की ओर फुटबॉल उछाली, जिसमें से एक किक सीधे स्टेडियम के दूसरे माले तक पहुंच गई। इस दौरान मेसी ने बच्चों के साथ फुटबॉल खेलकर माहौल को और यादगार बना दिया। इससे पहले स्टेडियम के बाहर मेसी की एक झलक पाने के लिए फैंस की भारी भीड़ जुटी रही। उन्हें सुबह ही राष्ट्रीय राजधानी पहुंचना था, लेकिन दिल्ली में घने कोहरे के कारण उनकी उड़ान को रोक दिया गया, जिसके चलते मेसी को मुंबई एयरपोर्ट पर ही कुछ समय तक रुकना पड़ा। वे करीब 3 बजे दिल्ली पहुंच सके। इसके बाद मेसी ने कहा कि हम यहां से ढेर सारा प्यार लेकर जा रहे हैं।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### बांग्लादेश ने नेपाल को सात विकेट से हराया

**दुबई, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद जवाद अबरार (नाबाद 70) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत बंगलादेश ने सोमवार को अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में नेपाल को 151 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। यहां बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश के गें. दबाजी आक्रमण के आगे बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की पूरी टीम 31-1 ओवर में 130 के स्कोर पर सिमट गई। अभिषेक तिवारी ने नेपाल के लिए सर्वाधिक 30 रनों की पारी खेली।

### बोंडी बीच पर हुई गोलीबारी की घटना पर दुख व्यक्त किया

**सिडनी, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सोमवार को बोंडी बीच पर हुए दुखद हमले पर दुख और शोक व्यक्त करते हुए पीड़ितों, उनके परिवारों और यहूदी समुदाय के प्रति संवेदना व्यक्त की। सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर जारी एक एक संयुक्त बयान में दोनों क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि वे ष्कल शाम बोंडी बीच पर हुई दुखद घटनाओं से स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस बेहद दुखद समय में उनकी संवेदनाएं 'पीड़ितों, उनके दोस्तों और परिवारों, यहूदी समुदाय और ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ हैं। हमारी संवे. दनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। हम आपके साथ खड़े हैं। ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम कप्तान पैट कमिंस ने भी इस घटना पर अपना दुख व्यक्त किया। कलमस ने एक इंस्टाग्राम पर लिखा कि कल रात बोंडी में हुई भयावह घटना से मैं पूरी तरह से टूट गया हूं।

### गंभीर शिकायत' से न्यू द. वेल्स खिलाड़ी पर लगा प्रतिबंध

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** युवा खिलाड़ियों के साथ कथित दुर्व्यवहार की एक गंभीर शिकायत के बाद न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के एक क्रिकेटर पर किसी भी स्तर पर खेलने पर अनिश्चित काल के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड में छपी खबर के अनुसार, एनएसडब्ल्यू और एक टी-20 टीम के लिए खेल चुके एक खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन बोर्ड की एक आपात बैठक के बाद रद्द कर दिया गया है। यह संवेदनशील मामला है और पुलिस इसकी जांच कर रही है, लेकिन अभी तक कोई आरोप नहीं लगाया गया है। क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स के एक प्रवक्ता ने एक बयान जारी कर बताया कि खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि एक गंभीर शिकायत के बारे में पता चलने के बाद क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स बोर्ड ने तुरंत प्रभाव से एक खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन स्थायी रूप से रद्द करने का फैसला किया

## इंग्लैंड ने तीसरे एशेज टेस्ट के लिए टीम की घोषणा की

**एडिलेड, वार्ता।** इंग्लैंड ने एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले एशेज टेस्ट के तीसरे मुकाबले के लिए एक बदलाव के साथ एकादश की पुष्टि कर दी है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, मेहमान टीम ने अपनी टीम में एक बदलाव किया है, जिसमें गस एटलकसन की जगह साथी तेज गेंदबाज जॉश टोंग को एकादश में शामिल किया गया है। बेन स्टोक्स टीम की कप्तानी करना जारी रखेंगे, जबकि विल जैक्स ने दूसरे टेस्ट के लिए शामिल किए जाने के बाद एकादश में अपनी जगह बनाए रखी है। टोंग का इस वर्ष जुलाई में द ओवल में भारत के खिलाफ आखिरी टेस्ट के बाद इंग्लैंड के लिए रेड-बॉल क्रिकेट में पहला मैच होगा। 28 वर्षीय तेज गें. दबाज ने अब तक खेले गए छह टेस्ट में 31 विकेट लिए हैं, जिनमें से पांच विकेट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले है। इंग्लैंड फिलहाल एशेज सीरीज में 2-0 से पीछे है और वह बुधवार से एडिलेड में शुरू होने वाले मैच जीतकर सीरीज को जीवित रखने का लक्ष्य रखेगा।

## शेफीली विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ बनीं

**विश्व कप फाइनल में 87 रन बनाए थे, मेंस में साउथ अफ्रीका के साइमन हार्मर को अवॉर्ड**



**दुबई, वार्ता।** भारत को पहला विमेंस वर्ल्ड कप दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली शेफाली वर्मा को आईसीसी विम. ेंस प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 78 गेंदों पर 87 रन की शानदार पारी खेली थी। यह विम. ेंस वर्ल्ड कप फाइनल में किसी भी भारतीय ओपनर का सबसे बड़ा स्कोर रहा। बल्लेबाजी के साथ-साथ शेफाली ने गेंदबाजी में भी योगदान देते हुए 2 विकेट हासिल किए थे। उनकी इस ऑलराउंड परफॉर्मेंस की बदौलत भारत ने 7 विकेट पर 298 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया और फिर 52 रन से मैच जीतकर विम. ेंस वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। वहीं पुरुष वर्ग में यह सम्मान साउथ अफ्रीका के अनुभवी स्पिनर साइमन हार्मर को मिला। हार्मर ने भारत के खिलाफ हाल ही में खेली गई टेस्ट सीरीज में शानदार गेंदबाजी करते हुए सबसे ज्यादा 17 विकेट झटके थे। प्रतिका रावल की जगह टीम में आई थी शेफाली पहले वर्ल्ड कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थी। उन्हें ओपनर प्रतिका रावल के बांग्लादेश के खिलाफ फील्डिंग करते समय चोटिल होने के बाद टीम में शामिल किया गया। 21 साल की शेफाली ने फाइनल में स्मृति मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए 104 रन की अहम साझेदारी की और भारत की ऐतिहासिक जीत की नींव रखी। शेफाली ने इस अवॉर्ड की रेस में थाईलैंड की थिपाचा पुटथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पीछे छोड़ा। अंत शानदार रहा- शेफाली अवॉर्ड मिलने के बाद शेफाली ने कहा कि उनका पहला वर्ल्ड कप अनुभव उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन अंत उससे कहीं बेहतर रहा जिसकी उन्होंने कल्पना की थी।

## मैं फॉर्म से बाहर नहीं हूं, लेकिन रन नहीं बन रहे है: सूर्या



**धर्मशाला, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपनी फॉर्म को लेकर कहा कि मैं नेट्स पर बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं।

जब रन आने होंगे, तब आएंगे। मैं फॉर्म से बाहर नहीं हूं। तीसरे टी-20 में दक्षिण अफ्रीका को कल रात सात विकेट से हराने के बाद संवाददाता सम्मेलन में सूर्यकुमार यादव कि खेल आपको बहुत कुछ सिखाता है। आप कैसे वापसी करते हैं, यह अधिक महत्वपूर्ण है। पिछली मैच में हमने काफी कुछ सीखा था, और आज हमने वही किया। ( खराब फार्म के बारे में) मैं नेट्स में बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। जब रन आने होंगे, तब आएंगे। मैं फॉर्म से बाहर नहीं हूं। यह अलग बात है कि रन नहीं आ रहे हैं। हम जीत का आनंद लेंगे, कल लखनऊ पहुं. चने के बाद बैठेंगे और वहां से आगे की योजना बनाएंगे। प्लेयर ऑफ द मैच अर्शदीप सिंह ने कहा कि कुछ दिन ऐसे होते हैं जब आप सही तरह से अपनी योजना को नहीं निभा पाते हैं, वह पिछले मैच में हुआ था।

आज मैं बेसिक्स पर टिका रहा और उसी से सफलता मिली। कुछ भी नहीं बदला, मैंने बस गेंद को सही एरिया में पिच किया और विकेट की मदद का इस्तेमाल किया। ठंड में सीम और स्विंग दोनों थी। (हेंड्रिक्स का रिव्यू) सूर्या भाई थोड़ा सस्पेंस चाहते थे, इसी लिए शायद उन्होंने रिव्यू लेने में मदद की। मुझे पता था कि पैड पर लगने के तुरंत बाद ही वह आउट था। मेरी भतीजी यहां है वह दस महीने की है, मैं यह पुरस्कार उसे समर्पित करना चाहता हूं। वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि मुझे तो सच में इस मील के पत्थर (टी-20 में 50 विकेट) के बारे में पता नहीं था, मुझे बताने के लिए धन्यवाद। शुरुआत में जब तेज गें. दबाज गेंद डाल रहे थे तो थोड़ा मूवमेंट मिल रहा था, कुछ सीम मूवमेंट था। लेकिन कुल मिलाकर परिस्थितियां बहुत कठिन थीं। मैंने इतनी ठंड में कभी किसी मैदान पर नहीं खेला, इसलिए मुझे यह बेहद चुनौतीपूर्ण लगा।

हमारी एक प्रॉपर बोलिंग मीटिंग हुई और बहुत ही ईमानदारी से बातचीत हुई।

### सूर्यकुमार और गिल हमें विश्व कप में मैच जिताएंगे: अभिषेक शर्मा

**धर्मशाला, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का मानना है कि कप्तान सूर्यकुमार यादव और उपकप्तान शुभमन गिल जल्द ही फॉर्म में वापसी करेंगे और अपनी पारियों से आगे वर्ष फरवरी में होने वाले विश्वकप में भारत को जीत दिलायेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ धर्मशाला में हुए तीसरे टी-20 एक बार फिर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (11 गेंद में 12 रन) और उपकप्तान शुभमन गिल (28 गेंद में 28 रन) बल्ले के साथ असफल रहने को लेकर अभिषेक ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं एक बात सीधे कह सकता हूं कि ये दोनों भारत को विश्व कप में मैच जिताने जा रहे हैं। उससे पहले अगले आने वाले मैचों में भी ये ऐसा करते हुए दिखेंगे। मैं इन दोनों खासकर शुभमन के साथ लंबे समय से खेलते आ रहा हूं, तो मुझे पता है कि ये क्या कर सकते हैं। मुझे गिल पर शुरुआत से ही भरोसा है और मुझे उम्मीद है कि आप सब लोग जल्द ही उससे एक बड़ी पारी देखेंगे। इस मैच में जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में हर्षित राणा ने अर्शदीप सिंह के साथ मिलकर भारत को बेहतरीन शुरुआत दी और सातवें ओवर तक उनके चार बल्लेबाज़ सिर्फ़ 30 के स्कोर पर पवेलियन में थे। दोनों ने आपस में मिलकर 2-2 विकेट बांटे और इसके बाद स्पिनरों और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडरों ने मोर्चा संभाल लिया। वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट झटके तो हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे ने भी अनुशासित गेंदबाजी करते हुए 1-1 विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में मात्र 120 रन ही बना सकी। अभिषेक ने भी भारतीय तेज गेंदबाजो की तारीफ करते हुए कहा कि तेज गेंदबाजो ने शुरुआती परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया।

### बीबीएल में खतरनाक गेंदबाजी कर रहे शाहीन अफरीदी को गेंदबाजी से रोका गया

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** बिग बैश लीग (बीबीएल) में ब्रिस्बेन हीट बनाम मेलबर्न रेनेगेड्स के बीच खेले जा रहे मैच में खतरनाक गेंदबाजी कर रहे शाहीन शाह अफरीदी को गेंदबा. जी से हटा दिया गया। यह घटना रेनेगेड्स की पारी के 18वें ओवर में उस समय हुई जब ब्रिस्बेन हीट के लिए अपना पहला मैच खेल रहे अफरीदी ने दो कमर-ऊंचाई वाली फुल टॉस गेंदें फेंकीं' एक टिम सीफर्ट को और एक ओली पीक को' और इसके बाद उन्हें गें. दबाजी से हटा दिया गया। जब उन्हें बताया गया कि अब वह गें. दबाजी नहीं कर सकते, तो अफरीदी ने हल्की मुस्कान दी, क्योंकि हीट के कप्तान नाथन मैकस्वीनी को ओवर पूरा करने के लिए आखिरी दो गेंदें फेंकनी पड़ीं। 18वें ओवर की खराब गें. दबाजी से पहले, अफरीदी ने उस ओवर में 19 रन दिए।

## बीसीसीआई का सख्त फैसला: सिर्फ रोहित-कोहली ही नहीं, हर मौजूदा खिलाड़ी को खेलनी होगी विजय हजारे ट्रॉफी

BCCI

**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेटरों के लिए घरेलू क्रिकेट को लेकर सख्त रुख अपनाया है। बोर्ड ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मौजूदा राष्ट्रीय टीम के सभी खिलाड़ियों को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो मुकाबले खेलना अनिवार्य होगा। यह टूर्नामेंट 24 दिसम्बर से शुरू हो रहा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 19 दिसम्बर को अहमदाबाद में खेले जाने वाले

**● बोर्ड ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मौजूदा राष्ट्रीय टीम के सभी खिलाड़ियों को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो मैच खेलना अनिवार्य होगा**

आखिरी टी-20 मैच और 11 जनवरी 2026 से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली वनडे सीरीज के बीच करीब तीन हफ्ते का अंतर है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 6 एस.एल.आर
गाड़ी सं. 19566 (F-I), 19610 (F-I, R-I), 15006 (R-I), 12172 (F-I), 13010 (R-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 3 साल की अवधि के लिए देने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 26.12.25 (Timings : 11:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

3838/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**नोटिस**

**कर्मचारी कल्याण निधि (मुरादाबाद मंडल) उ.रे. के मुरादाबाद मंडल में संविदा के आधार पर (अंशकालिक, मानदेय आधारित) अनारक्षित आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक व्यवसायी/चिकित्सकों के नोटिफिकेशन के सम्बन्ध में**

उपरोक्त विषयान्तार्गत अवगत कराना है कि दिनांक 19.11.2025 को इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र द्वारा जारी किये गए नोटिफिकेशन जिसके अंतर्गत कर्मचारी कल्याण निधि (मुरादाबाद मंडल) उ.रे. के मुरादाबाद मंडल में संविदा के आधार पर (अंशकालिक, मानदेय आधारित) अनारक्षित 01 आयुर्वेदिक एवं 01 होम्योपैथिक चिकित्सकों हेतु वाक-इन-इंटरव्यू मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद में वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी के ऑफिस में दिनांक 23.12.2025 को 11:15 बजे प्रस्तावित था। जिसे प्रशासनिक कारणों से अग्रिम आदेश तक के लिए निरस्त किया जाता है। अधिक जानकारी के लिए **www.nr.indianrailways.gov.in** पर जा सकते हैं।

मंडल कार्मिक अधिकारी
उत्तर रेलवे, मुरादाबाद

3870/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय जिला पंचायत सम्भल (बहजोई)**

पत्रांक: 1307/जि.पं.स./ नि.अनु./पं.रा.वि./2025-26 दिनांक: 15/12/2025

**ई-निविदा/पुन: (Retender) ई-निविदा सूचना**

वर्ष 2025-26 के समस्त जिला पंचायतों में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग / 15वाँ वित्त आयोग एवं गोशाला / जिला निधि की संस्तुतियों के अन्तर्गत 10 कार्यो की पुन: दिनांक 30.12.2025 समय 05:00 बजे तक आमंत्रित व दिनांक 31.12.2025 से तकनीकी बिड खोली जायेगी तथा 09 नवीन निर्माण कार्यो की ई-निविदाएँ दिनांक 05.01.2026 तक आमंत्रित व दिनांक 06.01.2026 से तकनीकी बिड निविदा समिति द्वारा आनलाइन पोर्टल https://etender.up.nic.in से खोला जायेगा। समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत एवं बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी / मा. अध्यक्ष में निहित होगा। उक्त विज्ञप्ति एवं निविदा के साथ अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड किये जाने वाले अभिलेखों / शर्तो का सम्पूर्ण विवरण किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अथवा पोर्टल http://sambhal.nic.in, https://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

अभियन्ता
जिला पंचायत, सम्भल।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, सम्भल।

# रेलवे स्टेशन पर वाहन खड़ा करने को लेकर हुआ विवाद, मारपीट और जमकर हुआ हंगामा






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रेलवे स्टेशन पर सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब स्टेशन परिसर में वाहन खड़ा करने को लेकर हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते बड़े बवाल में बदल गया। यह विवाद रेलवे स्टेशन स्थित मजिस्ट्रेट कक्ष के बाहर गाड़ी लगाने को लेकर शुरू हुआ, जिसमें रेलवे यूनियन से जुड़े कर्मचारी, वकील और पुलिस कर्मी आमने-सामने आ गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रेलवे यूनियन से जुड़े कर्मचारी एवं यूनियन नेता संजय माथुर अपने माता-पिता को ट्रेन में बैठाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। इसी दौरान मजिस्ट्रेट कक्ष के बाहर वाहन खड़ा करने को लेकर पुलिस कर्मियों और वकीलों से उनकी कहा. सुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर पुलिस कर्मियों और कुछ वकीलों ने संजय माथुर और उनके बेटे के साथ मारपीट की तथा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया।घटना के बाद रेलवे यूनियन से जुड़े कर्मचारी बड़ी संख्या में एकत्र हो गए और जीआरपी थाने पहुंचकर जमकर हंगामा किया। यूनियन नेताओं ने पुलिस पर पक्षपात और मनमानी का आरोप लगाते हुए दोषी पुलिसकर्मियों व वकीलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। थाने परिसर में काफी देर तक नारेबाजी और हंगामा चलता रहा, जिससे स्टेशन क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया।सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात को संभालने का प्रयास किया। अधिकारियों ने दोनों पक्षों से बातचीत कर मामला शांत कराने की कोशिश की। पुलिस का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तथ्य सामने आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, लेकिन घटना ने रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था और आमजन के साथ व्यवहार को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। रेलवे यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि निष्पक्ष जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# खनन कार्य रुकवाने पहुंचे किसानों के हंगामें के बाद पहुंची पुलिस ने दी चेतावनी, कहा कानून हाथ में न ले कोई पक्ष



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मान नगर क्षेत्र में चल रहे खनन कार्य को रोकने पहुंचे किसानों के बाद हंगामा होने लगा सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से साफ कहा कि कोई भी पक्ष कानून को हाथ में ना ले अगर कुछ गलत हो रहा है तो इसकी विधिवत कार्रवाई वह संबंधित विभाग में करने को स्वतंत्र हैं। बतादे की रसूलपुर निवासी रवींद्र ने अपने खेत को गहरा करने के लिए विभाग में प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर हर्ष के नाम से विभाग ने मिट्टी उठाने की परमिशन दे दी वहां पर खनन कार्य शुरू हुआ तो आसपास के किसानों ने इसे गलत बताते हुए इसका विरोध शुरू कर दिया। किसानों का कहना था कि करीब ही स्थित सरकारी ट्यूवेल की पाइपलाइन को इससे नुकसान होगा और किसानों का सिंचाई कार्य प्रभावित होगा।

इस मामले को लेकर किसान अधिकारियों के पास पहुंचे अधिकारी मौके पर गए और जांच की इस बीच खनन कार्य रुका भी रहा लेकिन इसके बाद जब खनन शुरू हुआ तो किसानों ने फिर इसका विरोध करना शुरू कर दिया। कुछ किसान इस जगह किए जा रहे खनन को गलत बता रहे हैं जबकि खनन करने वालों का कहना है कि संबंधित विभाग से उन्हें नियमानुसार परमिशन मिली है खेत मालिक को कोई एतराज नहीं है और यदि यह कार्य गलत है तो कानून उन्हें इस काम को करने से रोक भी सकता है। लेकिन किसी अन्य आदमी को यहां आकर हंगामा करने या रोकने कोई अधिकार नहीं है दोनों पक्षो में बात बढ़ी तो एक पक्ष ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन इससे पहले कुछ किसान तो वहां से नौ दो ग्यारह हो गए मौके पर मिले एक किसान को पुलिस ने साफ समझा दिया कि यहां आकर हंगामा किया तो कार्रवाई होगी कानून के दायरे में रहकर दोनों पक्ष अपनी अपनी कार्यवाही कर सकते हैं।

इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर रंगदारी आदि मांगने के आरोप भी लगाए।

# सालाना जश्ने सिद्दीके अकबर कान्फ्रेंस का हुआ आयोजन

## बादे नबी हैं जो सबसे अफजल सिद्दीके अकबर सिद्दीके अकबर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** नगर के मोहल्ला नूरउल्लाह बहेरा स्थित मस्जिद सिद्दीके अकबर में रविवार रात बाद नमाजे इशा नबी ए पाक के पहले खच्लीफा हजरत सिद्दीके अकबर रदीअल्लाहो अनहो का जश्ने सिद्दीके अकबर मनाया गया जिसमें उल्मा किराम ने हजरत सिद्दीके अकबर की सीरत बयान की कान्फ्रेंस का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से कारी मुगीस रजा किया।

इसके बाद गुलाम नबी अत्तारी ने हम्दो नात के बाद सिद्दीके अकबर की शान में कलाम पेश करते हुए कहा, रसूलों और सारे अम्बिया के बाद में बेशक है सबसे मर्तबा आला मेरे सिद्दीके अकबर का इसके बाद मुफ्ती मुजफ्फर हुसैन मिस्बाही ने हजरत सिद्दीके अकबर की सीरत बयान की और मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी ने इल्म हासिल करने पर जोर दिया और बताया अगर आप तरक्की चाहते हैं तो अपने बच्चों को इल्म सिखाओ इल्म वो नूर है जिस की रोशनी से जिन्दगी सवंर जाती है इल्म हासिल करके देश की तरक्की का जरिया बने हमारे नबी ने इरशाद फरमाया इल्म हासिल करो चाहें चीन जाना पड़े लिहाजा हमें अपने बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। आखिर में सलाम के बाद देश और मिल्लत की खुशहाली के लिए डॉ सय्यद नासिर मियां मोअज्जमी ने दुआ कराई और लगंर भी तकसीम हुआ इस अवसर पर कघरी अनीस रजा अजहरी मोलाना गय्यूर अहमद अफाकी मोलाना शब्बीर अहमद कारी मुनाजिर मुफ्ती राशिद अफाकी मुफ्ती बिलाल अत्तारी मुफ्ती साजिद रजा मुफ्ती सुब्हान रजा इन्तजार रजवी आदि मौजूद रहे।

# बैग में भरकर नाले में फेंकी युवक की लाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** हत्यारों ने जिस तरीके से हत्या कर शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई, उससे साफ प्रतीत होता है कि वे बेहद शातिर थे। शव को फेंकने के लिए उन्होंने पतरौआ रोड जैसा इलाका चुना, जहां रात्रि के समय आवागमन न के बराबर रहता है। इसी सुनसान का फायदा उठाकर हत्यारों ने अंधेरे में शव को नाले में फेंका। पहचान छिपाने के उद्देश्य से हत्यारों ने सिर को धड़ से अलग कर दिया। इसके बाद कपड़े के लंबे बैग का इस्तेमाल किया गया। बैग के अंदर पन्नी बिछाकर लाश को पैक किया गया, ताकि खून बाहर न निकले और रास्ते में किसी को शक न हो। आशंका जताई जा रही है कि शव को इस सोच के साथ नाले में फेंका गया कि कुछ दिनों में पानी में सड़कर वह पूरी तरह नष्ट हो जाएगा और जंगली जानवर अवशेषों को खा जाएंगे। हालांकि माना जा रहा है कि रात्रि के समय जंगली जानवरों ने बैग सहित शव को नाले से बाहर खींच लिया। लगातार पानी में पड़े रहने के कारण शव पूरी तरह फूल गया। यदि सोमवार को लोगों की नजर शव पर न पड़ती, तो संभवत: शेष हिस्सा भी जंगली जानवर खा जाते।

# बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में कांठ के दो युवकों ने जीता गोल्ड और सिल्वर



कांठ( शाह टाइम्स ) रविवार को मेरठ में उत्तर प्रदेश स्तर की आयोजित बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में कांठ से दो युवकों ने गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। मेडल लेकर लौटे युवकों का फिटनेस सेंटर पर स्वागत किया गया।

दा रॉयल फिटनेस जिम के संच. ालक फुरकान खान ने बताया कि उनके जिम में करीब चार दर्जन के करीब युवक फिटनेस के लिए आते हैं जिनमें आधा दर्जन युवक बॉडी बिल्डिंग की ओर काम कर रहे हैं। 14 दिसंबर को मेरठ में यूपी स्तर की प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। जिसमें करीब 100 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया उनमें से एक वह स्वयं और एक उनका शिष्य था। इसमें फुरकान खान को गोल्ड मेडल प्रथम प्लेस प्राप्त हुआ और नरेंद्र प्रजापति को तीसरा स्थान लाने पर सिल्वर यानी तीसरी प्लेस का खिताब हासिल हुआ। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं का उनके जिम में स्वागत है।

## एक नजर

### कुंदरकी बाइपास पर बाइक सवार को बचाने में ट्रक पलटा



**कुंदरकी।** मुरादाबाद-अलीगढ़ हाईवे पर जलालपुर मार्ग चौराहे के पास रविवार देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल उपचार के लिए कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। देर रात तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी, बाद में घायल की पहचान बिलारी के मिलक खघ्बरिया निवासी साजिम के रूप में हुई। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और यातायात सुचारु कराया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम का आयोजन



**कांठ( शाह टाइम्स )** सरस्वती शिशु मंदिर कांठ में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वल कर किया गया। कार्यक्रम में आई बहनों ने मां दुर्गा रानी लक्ष्मीबाई अहिल्याबाई का स्वरूप रचकर अपनी प्रस्तुति दी। विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम में शामिल हुई करीब 155 मात्र शक्तियों का अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया। अध्यक्षता श्रीमती मनीषा माहेश्वरी एवं मुख्य अतिथि आदर्श बिहारी कन्या इंटर कॉलेज कांठ की प्रधानाचार्य अंजना शर्मा रही। मुख्य वक्ता की भूमिका में अर्चना बिश्नोई ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया विशिष्ट अतिथि मधु चौहान ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की संयोजक मुकेश बिश्नोई रही।

### मास्टर धर्मपाल सिंह बने आदर्श इंटर कॉलेज कुटी दौलतपुर के उप प्रबंधक

**कांठ( शाह टाइम्स )** मुख्तियारपुर नवादा निवासी मास्टर धर्मपाल सिंह को जनपद अमरोहा की तहसील हसनपुर के आदर्श इंटर कॉलेज कुटी दौलतपुर का निर्विरोध प्रबंधक चुना गया है।



उन्होंने बताया कि वह अन्य पदों पर अलग-अलग समय रहते हुए क्षेत्र की सेवा करते रहे हैं इससे पहले सन 2005 में उन्हें सहकारी विकास गन्ना समिति कांठ का निर्विरोध अध्यक्ष भी चुना गया था। सन 2015-16 से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जिला मुरादाबाद में भी निर्विरोध अध्यक्ष रहे। इसके अतिरिक्त वह अन्य महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए समाज, क्षेत्र और देश की सेवा कर चुके हैं। वर्तमान में मास्टर धर्मपाल सिंह सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में उपाध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में वह अपना भाग्य आजमाएंगे और कामयाबी मिलने पर क्षेत्र को विकास की ओर ले जाने का काम करेंगे। आदर्श इंटर कॉलेज का उप प्रबंधक चुने जाने पर क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### साक्षी सेवा समिति की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

**चन्दौसी।** साक्षी सेवा समिति के द्वारा कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम वरिष्ठ सदस्य उर्मिला शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर साक्षी प्रार्थना का पाठ किया गया। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा सहित उपस्थित समस्त सम्मानित सदस्यों की सहमित से वर्ष 2026 की कार्यकारणी के अध्यक्ष पद हेतु बबिता बिंदल को अध्यक्ष चुना गया। ई कार्यकारणी सदस्यों द्वारा अध्यक्ष बबिता बिंदल को फूलमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर उर्मिला शर्मा, रानी शर्मा, सुधा शर्मा, मनी पोरवाल, दमयंती सिंह, बबिता बिंदल, श्रेया आदि सदस्यों की उपस्थित रही।

# मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में यौन उत्पीड़न रोकथाम पर गोष्ठी आयोजित

**चन्दौसी।** सोमवार को मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज, चन्दौसी में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत यौन उत्पीड़न रोकथाम विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी शर्मिल उपाध्याय एवं डॉ. जयप्रकाश के नेतृत्व में किया गया। गोष्ठी में एस.डी. शर्मा ने स्वयंसे. विकाओं को यौन उत्पीड़न के विभिन्न रूपों की विस्तृत जानकारी दी और इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. कविता चौधरी ने यौन उत्पीड़न से जुड़ी प्रमुख धाराओं की जानकारी देते हुए उनसे बचाव के उपाय भी बताए। मधु राठौर एवं शर्मिल उपाध्याय ने स्वयंसेविकाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा शिवी ने भी अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अध्यापिका पुष्पांजलि शर्मा, निधि राघव सहित अन्य शिक्षिकाएं एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं। गोष्ठी का उद्देश्य छात्राओं को जागरूक करना एवं सुरक्षित वातावरण के प्रति उन्हें सजग बनाना रहा।

# अग्रसेन महाराज की 5149वीं जयंती पर अग्रवाल सभा का भव्य महोत्सव




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के रोडवेज बस स्टैण्ड के निकट स्थित संजीवनी पैलेस में अग्रवाल सभा द्वारा अग्रकुल प्रवर्तक अग्रसेन महाराज की 5149 वॉ जयंती महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सलिल अग्रवाल कोठीवाल (चेयरमैन-आर.आर.के. स्कूल चंदौसी) एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रवीन कुमार एवं डॉ. तरुण अग्रवाल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराज अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलित एवं पूजन मंत्र सहित अक्षत द्वारा करके किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना पर बच्चों द्वारा प्रस्तुति से हुई। सभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल गोगी ने मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल (अध्यक्ष, अग्रवाल सभा बिसौली), हरि अग्रवाल (अध्यक्ष, अग्रवाल सभा बदायूं) एवं सौरभ मित्तल (अग्रवाल सभा, मुरादाबाद) को पटका पहनाकर बैच लगाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। मुख्य अतिथियों के परिचय से कार्यक्रम संयोजक पवन अग्रवाल ने सभी को अवगत कराया।

महोत्सव में शतरंज प्रतियोगिता में अग्रकुल के 26 नोनिहाल ने प्रतिभाग किया, जिनके निर्णायक मंडल में गोविंद अग्रवाल व शुभम अग्रवाल, मेहंदी प्रतियोगिता में अग्रकुल के 55 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसके निर्णायक मंडल में शिल्पी अग्रवाल, जूली अग्रवाल एवं इशिका अग्रवाल रही। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में अग्रकुल के 25 प्रतिभागिओं ने प्रतिभाग किया, जिसके निर्णायक मंडल में नेहा अग्रवाल, खुशबू गोयल रहीं। महोत्सव में शिशु फैंसी ड्रेस व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अग्रकुल के लगभग 140 नोनिहाल ने प्रतिभाग किया जिसके निर्णायक मंडल में खुशबू अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, सुप्रिया अग्रवाल, निष्ठा अग्रवाल, हिमानी अग्रवाल रहीं। दोनों प्रतियोगिता के प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार तथा शेष सभी को सांत्वना पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर उत्सवर्धन किया गया। प्रतियोगिताओं के बीच में नितिन अग्रवाल, शिखर गोयल, मुदित गर्ग, शुभम अग्रवाल और भरत अग्रवाल द्वारा 50 प्रश्न मंच और 100 लकी ड्रॉ निकालकर उपहार दिए गए। कार्यक्रम में विशेष रूप से समाज के वृद्धजनों का पटका पहनाकर तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संचालि. का अपूर्वा अग्रवाल, तृप्ति जिंदल ने संयुक्त रूप से किया।

इस दौरान अग्रवाल सभा के मंत्री प्रदीप अग्रवाल, पवन अग्रवाल, चिराग गोयल, गोविन्द अग्रवाल, मुदित गर्ग, शुभम अग्रवाल, विनय अग्रवाल, शिखर गोयल, अर्चित अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, भरत अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, संगीता गोयल, अंकुश किराना, गौरव बंसल, दीपक अग्रवाल, गौरव गोयल, सोनू अग्रवाल राज कैटर्स, प्रथम गोयल, विनय रिलैक्सो, जिवेन्द्र जीवो आदि मौजूद रहे।

# नाले में मिला क्षत-विक्षत शव

## हत्या कर सिर-पैर काटकर बैग में भरकर डाल दिया नाले में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शहर के पतरौआ रोड स्थित बड़ी ईदगाह के पास बह रहे नाले में सोमवार को एक अत्यंत क्षत-विक्षत लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हत्यारों ने बेहद निर्दयता से हत्या कर शव को एक बैग में भरकर नाले में फेंक दिया। शव की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह करीब 10 दिन पुराना है, क्योंकि शरीर पूरी तरह से फूल चुका था। शव के दोनों हाथों को आगे के हिस्से से काट दिया गया था, ताकि पहचान न हो सके। वहीं पैरों को भी आधा फुट नीचे से काटकर अलग कर दिया गया था। इतना ही नहीं, हत्या के बाद सबूत मिटाने के उद्देश्य से सिर को धड़ से अलग कर दिया गया था। हाथों की पहचान छिपाने के लिए हथेलियों को भी एस्ट्रागेलस हड्डी के पास से काट दिया गया था।

राहगीरों का कहना है कि एक दिन पहले भी नाले में कुछ पड़ा हुआ दिखाई दिया था, लेकिन अत्यधिक क्षत-विक्षत होने के कारण लोगों को वह किसी जानवर का शव प्रतीत हुआ। सोमवार को सुबह कोहरा छाया हुआ था, लेकिन स्कूल खुलने के बाद रास्ते पर आवाजाही बढ़ी तो लोगों की नजर नाले की ओर गई। नजदीक जाकर देखने पर कुत्ते भी वहां मंडराते दिखे, जिसके बाद मानव शव होने की पुष्टि हुई।अज्ञात शव मिलने की सूचना तत्काल इंस्पेक्टर चन्दौसी अनुज तोमर को दी गई। सूचना मिलते ही वे पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। करीब दस मिनट बाद सीओ चन्दौसी मनोज कुमार सिंह भी अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया, जिसने शव के पास मिले कपड़े और बैग को कब्जे में लिया तथा नाले की गहराई भी मापी। अज्ञात शव मिलने की खबर से आसपास के क्षेत्र में भारी भीड़ जुट गई। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

# मिशन के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत सोमवार को पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।

साथ ही 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 16 दिसम्बर 2025

# निंदनीय कृत्य

सोमवार जोकि संसद के शीतकालीन सत्र का 11वां दिन था, पूरी तरह बाधित रहा। बाधित भी इसलिए रहा, क्योंकि भाजपा का आरोप है कि रविवार को जो दिल्ली के रामल. ीला मैदान में कांग्रेस की रैली आयोजित की थी, उसमें भाग लेते हुए कुछ महिलाओं ने मोदी तेरी कब्र खुदेगी का नारा लगाया था। कांग्रेस इससे इन्कार कर रही है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भाजपा के इन आरोपों पर कहा भी कि हमें नहीं मालूम यह सब किसने कहा। उनका कहना था कि रैली में स्टेज से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा। जाहिर है, भाजपा के पास भी इससे संबंधित कोई ठोस सबूत नहीं हैं, क्योंकि उसकी तरफ से भी अलग-अलग स्टेटमेंट सामने आ रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि कांग्रेस के नेता ने एक इंटरव्यू में इस तरह की बात कही। वह इंटरव्यू किस नेता ने दिया, इस बात का भी कोई अता पता नहीं। हां सोशल मीडिया पर रैली के वीडियो कुछ वायरल हुए, जिसमें कांग्रेस की महिला नेताओं और समर्थकों ने मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाए। इसमें कांग्रेस नेता मंजू लता मीणा भी शामिल थीं, जो जयपुर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि इस तरह की बयानबाजी या नारे लगाना बेहद निंदनीय कृत्य है। यह हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को भी कमजोर करता है। साथ ही हमारे विचारों को भी प्रभावित करता है और यह बताता है कि आज की राजनीति कितने घटिया स्तर तक पहुंच गई है। वैसे यह कोई पहली बार नहीं है कि अगर सच कहें, तो अब भारतीय राजनीति इस तरह की बातों से ही जानी जाती है। कारण साफ है, इससे बचने के कोई तौर-तरीके ढूंढे नहीं जा रहे हैं। बचने की बात दूर है, उलूल जुलूल बातें कर आज हमारे राजनेताओं ने सुर्खियों में रहने का एक आसान जरिया तलाश कर लिया है। यहां देखने वाली बात यह भी है कि इस तरह की भद्दी भाषाएं जिसके लिए बोली जाती हैं वह भी अपने तरीके से इसका राजनीतिक लाभ तलाशने की कोशिश करता है। इस संदर्भ में भी ऐसा ही दिखाई दे रहा है। बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा भी है कि जो लोग मोदी जी की मौत की कामना कर रहे हैं, उनकी मुस्लिम लीग और माओवादी सोच सबके सामने आ गई है। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह की बातों का मुस्लिम लीग व माओवादी सोच से क्या मतलब। इस तरह की बातें कोई भी कहे, वह गलत ही कही जाएंगी और उसका समर्थन जरा भी कोई नहीं कर सकता। इतना ही नहीं सुधांशु त्रिवेदी पीएम मोदी के इस नारे को लेकर मुगलों तक पहुंच गए और कह डाला कि राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस का भविष्य शायद वैसा ही होने वाला है जैसा द लास्ट मुगल किताब में मुगल साम्राज्य के बारे में लिखा गया है। कांग्रेस का यह भी आरोप है कि बिना कारण के ही तमाशा खड़ा कर सत्ता पक्ष ही संसद को चलने नहीं दे रहा है।

## योगी स्वीकार कर रहे सच



उप्र के मुख्यमंत्री योगी स्वयं यह स्वीकार कर रहे हैं कि एसआईआर के दौरान जो लगभग चार करोड़ मतदाता वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किए गए, उनमें से 85 से 90 प्रतिशत भाजपा के मतदाता थे, इसके कई राजनीतिक और गणितीय निहितार्थ निकलते हैं, पहला निष्कर्ष यह है कि पीडीए प्रहरी की सतर्कता के चलते एसआईआर प्रक्रिया में भाजपा अपनी मनमाफिक गड़बड़ी नहीं कर सकी, जिन मतदाताओं को साक्ष्यों के अभाव में सूची से बाहर किया गया, उनमें भारी बहुमत भाजपा समर्थकों का था, जिससे यह संकेत मिलता है कि अनियमितताओं की जड़ भी भाजपा के वोट बैंक में थी, यदि चार करोड़ मतदाताओं में से न्यूनतम 85 प्रतिशत भी भाजपा समर्थक मान लिए जाएं, तो लगभग तीन करोड़ 40 लाख मतदाता कम हो गए। **–अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# नई खोज के लिए यादगार रहेगा 2025



हर वर्ष वैज्ञानिक पृथ्वी की अनछुई, अनदेखी और अनजानी जगहों पर शोध करते हैं, जिनका उद्देश्य प्रकृति की जैव विविधता को समझना और संरक्षित करना होता है। वर्ष 2025 इस दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रहा क्योंकि इस वर्ष विभिन्न महाद्वीपों, महासागरों और पर्वतीय इलाकों में वैज्ञानिकों ने कई नई पशु प्रजातियों की खोज की, जिनमें से कुछ अपने व्यवहार, आकार, रंग या जीवनशैली के लिए विलक्षण हैं। इन खोजों ने न केवल वैज्ञानिक समुदाय को रोमांचित किया, बल्कि आम लोगों की प्रकृति के प्रति जिज्ञासा और जागरूकता भी बढ़ाई।

इन नई प्रजातियों की खोज से यह स्पष्ट हो जाता है कि पृथ्वी पर अभी भी लाखों ऐसे जीव मौजूद हैं जिन्हें हमने देखा तक नहीं है। विश्व भर में पर्यावरणीय परिवर्तन, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के कारण कई प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, वहीं कुछ अब जाकर हमारे ज्ञान में शामिल हो रही हैं। 2025 में खोजी गई नई पशु प्रजातियां इसी तथ्य की पुष्टि करती हैं कि प्रकृति में रहस्य अब भी बहुत बचे हुए हैं।

## मगरमच्छ न्यूट

हाल ही में चीन में मगरमच्छ न्यूट की एक नई प्रजाति गाओवांगजी मगरमच्छ न्यूट खोजी गई है, जो अपनी काली त्वचा, नारंगी निशानों और खुरदरी बनावट के लिए जानी जाती है और यह केवल चीन के हुनान प्रांत के गाओवांगजी राष्ट्रीय प्रकृति अभ्यारण्य में पाई जाती है, जिसे डीएनए विश्लेषण के जरिए एक अलग प्रजाति के रूप में पहचाना गया है, जिससे पता चलता है कि जैव विविधता अभी भी खोजी जा रही है, लेकिन आवास विनाश से खतरा है। मध्यम आकार द्धलगभग 5 इंचन्न्, मोटी त्वचा, गांठदार शरीर। पूरी तरह काली त्वचा, उंगलियों और पैरों पर चमकीले नारंगी निशान। पेट गहरा भूरा और पूंछ के बीच में एक नारंगी पट्टी होती है। मगरमच्छ से मिलता-जुलता नाम, लेकिन यह वास्तव में एक न्यूट उभयचर है, मगरमच्छ सरीसृप नहीं। यह खोज दर्शाती है कि पृथ्वी पर अभी भी कई अनदेखी प्रजातियां मौजूद हैं। हालांकि, आवास विनाश और जलवायु परिवर्तन जैसी मानवीय गतिविधियों के कारण लाखों प्रजातियां खतरे में हैं। इसलिए इन खोजों का दस्तावेजीकरण महत्वपूर्ण है ताकि उनकी रक्षा की जा सके।

## खोज की पृष्ठभूमि और स्थान

2025 में खोजे गए अधिकांश जानवर घने वर्षावनों, गहरे समुद्रों और दूरस्थ पहाड़ी इलाकों से संबंधित हैं। अमेजन के वर्षावनों, कांगो बेसिन, इंडोनेशिया के द्वीपों, ऑस्ट्रेलिया के दूरस्थ क्षेत्रों और भारत के पूर्वोत्तर पर्वतीय अंचलों में कई नई प्रजातियां दर्ज की गईं। इन क्षेत्रों में जैव विविधता अधिक होती है और मनुष्यों की पहुंच अपेक्षाकृत कम, जिसके कारण यहां नई प्रजातियों की संभावना अधिक होती है।

**उल्लेखनीय स्थान जहां से महत्वपूर्ण खोजें हुई–**

ब्राजील का अंधकारमय अमेजन जंगल
इंडोनेशिया का सुलावेसी द्वीप
भारत का अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड क्षेत्र
मेडागास्कर का पश्चिमी भाग
ऑस्ट्रेलिया की किम्बरली रेंज
गहरे समुद्र के तल पर स्थित थर्मल वेंट्स

इन स्थानों से खोजे गए जीवों में स्तनधारी, उभयचर, सरीसृप, कीट, मछलियां और समुद्री अकशेरुकी प्रजातियां शामिल हैं।

## नीली आंखों वाला जंगल बिलाव

**(Blue-eyed Forest Cat)**

इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर खोजा गया यह बिलाव अपनी चमकीली नीली आंखों और घने भूरे फर के लिए जाना जा रहा है। यह मुख्य रूप से रात्रिचर है और घने जंगलों में अकेला घूमता है। इसकी शारीरिक संरचना पारंपरिक बिल्ली से थोड़ी बड़ी है।

## गूंजती आवाज वाला मेढक

**(Echo Tree Frog)**

अमेजन वर्षावन में खोजा गया यह उभयचर प्राणी बेहद छोटी काया वाला है लेकिन इसकी आवाज कई मीटर दूर तक सुनाई देती है। इसका रंग चमकीला हरा और पीला होता है, जो इसे वन में छिपने में मदद करता है। इसकी खोज उस समय हुई जब शोधकर्ता पेड़ों की ऊंचाई पर लगे साउंड सेंसर की जांच कर रहे थे।

## दूधिया रंग की गुफा मछली

**(Milky Cavefish)**

भारत के मेघालय राज्य की एक गुफा में पाई गई यह मछली पूरी तरह से सफेद और पारदर्शी है। इसकी आंखें विकसित नहीं हैं क्योंकि यह अंधेरी गुफाओं में रहती है। यह जलस्त्रोत की सतह पर तैरने की बजाय गहराई में रहकर बायोफ्लोरसेंस तकनीक से दिशा का निर्धारण करती है।

## कठोर कवच वाली समुद्री मकड़ी

**(Armored Sea Spider)**

अंटार्कटिक महासागर की गहराइयों में वैज्ञानिकों को एक ऐसी समुद्री मकड़ी मिली है, जिसका शरीर धातु जैसे कठोर कवच से ढका हुआ है। यह प्रजाति अत्यंत ठंडे पानी में जीवित रहने के लिए विकसित हुई है और इसकी चाल अत्यंत धीमी होती है। इसकी लंबाई लगभग 15 सेंटीमीटर होती है।

## गायन करने वाला चमगादड़

**(Singing Bat)**

ऑस्ट्रेलिया के किम्बरली क्षेत्र में पाया गया यह चमगादड़ रात के समय एक विशेष प्रकार की ध्वनि उत्पन्न करता है जो पक्षियों की चहचहाहट जैसी लगती है। यह ध्वनि मुख्य रूप से साथी को आकर्षित करने और क्षेत्र की सीमा तय करने के लिए होती है। इस प्रजाति का नाम वैज्ञानिकों ने Vespertilio sonatus रखा है।

## बर्फीले खरगोश जैसा स्तनधारी

**(Ice Rabbit Mole)**

साइबेरिया के एक जमी हुई सुरंग में पाए गए इस छोटे स्तनधारी का शरीर खरगोश जैसा और पैर तिलचट्टे जैसे हैं। यह अत्यधिक ठंड में जमीन के नीचे रहने वाला प्राणी है जो बर्फ के नीचे कीट और छोटे पौधों की जड़ों पर निर्भर करता है।

## रंग बदलने वाला पंखहीन पक्षी

**(Featherless Chameleon Bird)**

मेडागास्कर से खोजा गया यह पक्षी वैज्ञानिकों के लिए आश्चर्य का विषय बना हुआ है क्योंकि इसमें पंख नहीं होते, लेकिन इसकी त्वचा में रंग बदलने की क्षमता है जैसे गिरगिट में होती है। यह जमीन पर रहने वाला पक्षी है जो मुख्यत: फल और छोटे कीड़ों का भक्षण करता है।

## सुनहरी आंखों वाला अजगर

**(Golden&eyed Python)**

भारत के अरुणाचल प्रदेश में खोजा गया यह अजगर अत्यंत दुर्लभ और शांत प्रकृति का है। इसकी त्वचा हल्के पीले रंग की होती है और आंखें सुनहरी चमक लिए होती हैं। यह पेड़ों पर रहने वाला अजगर है जो छोटे स्तनधारियों और पक्षियों को अपना आहार बनाता है।

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण और खोज का महत्व**

इन सभी खोजों का वैज्ञानिक महत्त्व अत्यधिक है। एक नई प्रजाति की पहचान करने के लिए मात्र दिखने में भिन्नता पर्याप्त नहीं होती, बल्कि डीएनए विश्लेषण, व्यवहार अध्ययन, भोजन प्रणाली, प्रजनन प्रक्रिया आदि का सूक्ष्म विश्लेषण किया जाता है। इन सभी प्रजातियों को अंतर्राष्ट्रीय जीव विज्ञान संस्थानों द्वारा सत्यापित किया गया और उन्हें संबंधित जीव वर्गों में स्थान दिया गया। इन खोजों से यह भी पता चलता है कि पृथ्वी की जैव विविधता का केवल एक छोटा हिस्सा ही अब तक वैज्ञानिकों के ज्ञान में है। अनुमानत: लगभग 80 % जीव-जंतु अभी तक अज्ञात हैं और वे पृथ्वी के किसी न किसी छोर पर छिपे हुए हैं। नई प्रजातियां हमारी पारिस्थितिकी को समझने, दवाओं की खोज करने, और भविष्य की जलवायु रणनीतियों में मददगार हो सकती हैं।

**पर्यावरणीय चेतावनी और संरक्षण की आवश्यकता**

नव खोजी गई प्रजातियां अक्सर बेहद नाजुक होती हैं और उनके आवास में थोड़े से भी बदलाव से वे खतरे में पड़ सकती हैं। जैसे ही कोई प्रजाति खोजी जाती है, उस पर मानव गतिविधियां बढ़ जाती हैं . जैसे पर्यटन, शोध, और मीडिया का ध्यान। इसका दुष्प्रभाव यह होता है कि कभी-कभी नई प्रजातियां खोजे जाने के कुछ वर्षों में ही संकटग्रस्त श्रेणी में आ जाती हैं। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि इन नई प्रजातियों को खोजने के साथ-साथ उनके आवास का संरक्षण भी प्राथमिकता पर हो। अंतर्राष्ट्रीय संरक्षण संगठन जैसे **IUCN** को इन प्रजातियों की निगरानी करनी चाहिए और सरकारों को उनके पर्यावरण की रक्षा के लिए उचित नीतियां अपनानी चाहिए। 2025 में खोजी गई नई पशु प्रजातियां यह दिखाती हैं कि पृथ्वी अभी भी रहस्यों से भरी हुई है। इन खोजों ने वैज्ञानिक समुदाय के लिए नई चुनौतियां और अवसर दोनों प्रदान किए हैं। साथ ही यह हम सबके लिए एक चेतावनी भी है कि जैव विविधता को संरक्षित रखने की जिम्मेदारी सिर्फ वैज्ञानिकों की नहीं, बल्कि हम सभी की है। यदि हम इस विविधता की रक्षा करने में असफल रहे, तो हम ऐसे अनगिनत रहस्यों को खो देंगे।

# विजय दिवस: गर्व का उत्सव, जिम्मेदारी का संकल्प

**नौसेना की साहसिक कार्रवाईयों ने पाकिस्तान की समुद्री रीढ़ तोड़ दी, वहीं वायुसेना के सटीक हमलों ने दुश्मन के मनोबल को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। अंतत: 13 दिनों के भीतर वह क्षण आ गया, जब इतिहास ने करवट बदली। 16 दिसम्बर 1971 को ढ़ाका में पाकिस्तानी सेना ने बिना शर्त आत्मसमर्पण किया। लगभग 93,000 सैनिकों का एक साथ हथियार डालना द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की सबसे बड़ी सैन्य पराजयों में से एक था। यह केवल युद्ध की समाप्ति नहीं थी बल्कि अत्याचार, दमन और अन्याय के एक लंबे अध्याय का अंत था। उसी क्षण बांग्लादेश एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में दुनिया के मानचित्र पर उभरा।**



श्वेता गोयल

इतिहास में कुछ तिथियां केवल कैलेंडर पर अंकित दिन नहीं होती, वे स्मृति, स्वाभिमान और चेतना में स्थाई रूप से दर्ज हो जाती हैं। 16 दिसंबर भारत के लिए ऐसी ही एक तिथि है। यह वह दिन है, जब युद्ध केवल रणभूमि तक सीमित नहीं रहा था बल्कि मानवीय मूल्यों, नैतिक साहस और ऐतिहासिक न्याय की निर्णायक विजय के रूप में स्थापित हुआ था। 1971 का भारत-पाक युद्ध, जो मात्र 13 दिनों में समाप्त हो गया था, दक्षिण एशिया के राजनीतिक मानचित्र को पुनर्गठित करने वाला एक ऐसा घटनाक्रम था, जिसने न केवल एक नए राष्ट्र 'बांग्लादेश' को जन्म दिया बल्कि भारत की वैश्विक छवि को भी एक जिम्मेदार और नैतिक शक्ति के रूप में स्थापित किया।

1947 के विभाजन ने जिस पाकिस्तान को जन्म दिया, वह अपने भीतर ही असंतुलन और असमानता की नींव लेकर अस्तित्व में आया था। एक ही राष्ट्र के नाम पर बने दो हिस्से पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान भौगोलिक रूप से ही नहीं, भाषा, संस्कृति, आर्थिक प्राथमिकताओं और राजनीतिक अधिकारों के स्तर पर भी एक-दूसरे से बिल्कुल भिन्न थे। पूर्वी पाकिस्तान की जनसंख्या अधिक थी, संसाधन भी प्रचुर थे लेकिन सत्ता का केंद्र पश्चिमी पाकिस्तान में सिमटा हुआ था। वर्षों तक बंगाली अस्मिता को हाशिए पर रखा गया, भाषा आंदोलन को कुचला गया और आर्थिक दोहन को शासन की नीति बना लिया गया। यह असंतोष समय के साथ आक्रोश में बदला और अंतत: विद्रोह में परिवर्तित हो गया। 1970 के आम चुनाव इस टकराव का निर्णायक मोड़ साबित हुए। शेख मुजीबुर रहमान के नेतृत्व में अवामी लीग को स्पष्ट जनादेश मिला लेकिन सत्ता हस्तांतरण से इन्कार कर दिया गया। लोकतांत्रिक निर्णय को नकारने का यह कदम केवल राजनीतिक नहीं था बल्कि पूरे एक समाज की आकांक्षाओं पर प्रहार था। इसके बाद जो हुआ, वह इतिहास के सबसे भीषण अध्यायों में दर्ज है। मार्च 1971 में शुरू हुए सैन्य दमन ने पूर्वी पाकिस्तान को रक्त और आंसुओं से भर दिया। निर्दोष नागरिक, बुद्धिजीवी, छात्र और महिलाएं हिंसा का शिकार बने। लाखों लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए और शरणार्थियों का सैलाब भारत की सीमाओं तक आ पहुंचा। यह संकट केवल सीमावर्ती नहीं था बल्कि मानवता की अंतरात्मा को झकझोरने वाला था। भारत के सामने उस समय एक कठिन विकल्प था कि या तो वह तटस्थ बना रहे और एक भयावह मानवीय त्रासदी को मूक दर्शक बनकर देखे या फिर हस्तक्षेप कर इतिहास की जिम्मेदारी उठाए। भारत ने दूसरा मार्ग चुना। यह निर्णय किसी भू-राजनीतिक विस्तार की लालसा से प्रेरित नहीं था बल्कि उन लाखों पीड़ितों की पुकार से उपजा था, जिनकी आवाज दुनिया के शक्ति केंद्रों तक नहीं पहुंच पा रही थी। भारत ने न केवल शरणार्थियों को आश्रय दिया बल्कि बांग्लादेश की मुक्ति संग्राम को नैतिक, कूटनीतिक और अंतत: सैन्य समर्थन भी प्रदान किया। दिसंबर 1971 में जब पाकिस्तान ने भारतीय ठिकानों पर हवाई हमले किए, तब संघर्ष पूर्ण युद्ध में बदल गया। भारतीय नेतृत्व पूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ा। सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ का आत्मविश्वास केवल शब्दों में नहीं बल्कि रणनीति और अनुशासन में भी झलकता था। भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के बीच ऐसा तालमेल देखने को मिला, जो आधुनिक सैन्य इतिहास में मिसाल बन गया। पूर्वी मोर्चे पर भारतीय सैनिकों ने तेज, सटीक और निर्णायक अभियानों के जरिए पाकिस्तानी सेना को संभलने का अवसर तक नहीं दिया। युद्ध के दौरान अनेक ऐसे क्षण आए, जिन्होंने भारतीय सैन्य परंपरा को गौरव से भर दिया। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों में लड़े गए संघर्षों ने यह सिद्ध कर दिया कि युद्ध केवल संख्या और हथियारों से नहीं जीते जाते बल्कि संकल्प और नेतृत्व से जीते जाते हैं। रेगिस्तान से लेकर समुद्र तक, आकाश से लेकर नदी घाटियों तक, भारतीय सेनाओं ने अपनी क्षमता का अद्वितीय प्रदर्शन किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हवा-हवाई हुए हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा के सपने



भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के अकुशल संचालन के चलते पिछले दिनों देशभर में भारी उड़ान संकट पैदा हो गया। हालांकि यह संकट मुख्य रूप से 2 दिसम्बर 2025 से शुरू हुआ और 5 दिसम्बर को अपने चरम पर जा पहुंचा था जब इंडिगो ने देश भर की अपनी लगभग एक हजार से अधिक उड़ानें रद्द कर दी थीं। जिससे देश भर में हजारों यात्री विभिन्न शहरों में अकारण ही फंस गए थे । इस घटना ने केवल यात्रियों को ही परेशान नहीं किया, बल्कि एविएशन सेक्टर की कार्यकुशलता पर भी कई सवाल खड़े कर दिए। अभी तक पूरे देश में उड़ानों की स्थिति सामान्य नहीं हो सकी है। मुंबई, इंदौर, दिल्ली हैदराबाद व बेंगलुरु जैसे कुछ महत्वपूर्ण नगरों की इंडिगो उड़ान सेवाएं अभी भी प्रभावित होने के समाचार हैं। हवाई अड्डों पर जहां सामान्य दिनों में पहले ही भारी भीड़ इकट्ठा हो रही थी पिछले दिनों की अफरा-तफरी के दौरान इन्हीं उड़ान प्रभावित हवाई अड्डों पर तो भीड़ का कुछ ऐसा दृश्य दिखाई दिया जैसा कि छठ-दिवाली व दशहरा जैसे त्योहारों के दौरान रेलवे स्टेशन पर नजर आता है।

हवाई संचालन में आए इस तरह के असामान्य व्यवधान के कई कारण बताए जा रहे हैं। इनमें नए पायलट और क्रू रेस्ट नियमों का प्रभाव, तकनीकी खराबी और ऑपरेशनल लापरवाही, मौसम, भीड़भाड़ और उड़ान शेड्यूल में बदलाव जैसी वजहें मुख्य रूप से शामिल हैं। इस अव्यवस्था के चलते देश भर में विमान यात्रियों को जिस शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना को सहन करना पड़ा वह तो अपनी जगह पर परन्तु दुर्भाग्यपूर्ण बात यह कि इस कई एयरलाइंस कंपनियों ने इसी अव्यवस्था का फायदा उठाकर देश के कई प्रमुख हवाई रूट्स पर किराए 2 से 10 गुना तक महंगे कर दिए। उदाहरण स्वरूप दिल्ली-बेंगलुरु का सामान्य किराया जो 10,000 से 15,000 के मध्य होता था वह बढ़कर 70,000 तक और कुछ मामलों में तो 1 लाख से ज्यादा और एयर इंडिया पर नॉन स्टॉप फ्लाइट का 1।02 लाख तक पहुंच गया था। इसी तरह दिल्ली-मुंबई का किराया 25,000से 60,000 तक और कुछ विमानों में 93,000 से भी अधिक हो गया था। जबकि एयरलाइंस कंपनियों द्वारा दिल्ली-चेन्नई के 40,000 से लेकर 80,000 तक वसूल किए गए। दिल्ली-पुणे, गोवा, लखनऊ पर भी 20,000 से 50,000 से भी अधिक की टिकट बेची गई। डिमांड-सप्लाई गैप के कारण खासकर इंडिगो की 60: मार्केट शेयर वाली फ्लाट्स कैंसिल होने के कारण यात्रियों को दूसरी एयरलाइंस में शिफ्ट होना ही था। इसी का लाभ एयर इण्डिया, एयर इण्डिया एक्सप्रैस, इस्पाईस जेट व अकासा एयर जैसी कई विमानन कंपनियों ने उठाया। हालांकि बाद में सरकार ने किराए की इस बेतहाशा बढ़ोतरी पर अस्थाई कैप लगाई ताकि अनुचित किराया बढ़ोतरी रोकी जा सके।

अब विमानन क्षेत्र में मची इसी अफरातफरी के सन्दर्भ में जरा नरेंद्र मोदी का वह कथन याद कीजिए जब मार्च 2014 में सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि मैं चाहता हूं कि हमारे गांव के गरीब, जो हवाई चप्पल पहनते हैं, वो हवाई जहाज में बैठें। मैं यह सपना देखता हूं कि जिस गरीब की झोली में कभी दो जून की रोटी भी मुश्किल से आती थी, वो हवाई जहाज में सफर करे। क्या यह सपना देखना गुनाह है? मोदी ने यह भावनात्मक जुमले कई रैलियों में अलग-अलग शब्दों में दोहराए। यह भी सच है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत में हवाई अड्डों के विकास और संचालन में काफी प्रगति हुई है। मुख्य रूप से क्षेत्रीय संपर्क योजना (उड़ान) के तहत कई नए हवाई अड्डे शुरू किए गए हैं, साथ ही पुराने बंद पड़े या कम उपयोग वाले हवाई अड्डों को पुनर्जीवित भी किया गया है। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में जहां इसी वर्ष मुंबई का दूसरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा शुरू किया गया है वहीं महर्षि बाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नाम से अयोध्या इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दोनी पोलो एयरपोर्ट, ईटानगर अरुणाचल प्रदेश, मोपाह एयरपोर्ट, गोवा गोवा का दूसरा एयरपोर्ट, देवघर एयरपोर्ट, झारखंड, कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, उत्तर प्रदेश, पाक्योंग एयरपोर्ट, सिक्किम (सिक्किम का पहला एयरपोर्ट),पसीघाट, जीरो, होलोंगी, तेजू (अरुणाचल प्रदेश) आगत्ती (लक्षद्वीप), रीवा (मध्य प्रदेश), अंबिकापुर (छत्तीसगढ़), सहारनपुर (उत्तर प्रदेश), सतना और दतिया (मध्य प्रदेश), अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, मुरादाबाद, श्रावस्ती (उत्तर प्रदेश) आदि अनेक नए एयर पोर्ट विकसित किए गए हैं तो दिल्ली, लखनऊ, पुणे, ग्वालियर, जबलपुर जैसे कई हवाई अड्डों पर नए टर्मिनल का भी निर्माण किया गया है। अब सवाल यह है कि विमानन क्षेत्र में होने वाले इस विकास से गरीबों को फायदा हुआ या विमानन कंपनियों को ? क्या आज इस बात की कल्पना की जा सकती है कि पैरों में हवाई चप्पल धारण करने वाली यानी देश की गरीब जनता या दूसरे शब्दों में वे 80 करोड़ लोग जिन्हें सरकार ने 5 किलो मुफ्त राशन पर आश्रित बना दिया है ऐसे लोग जो दस हजार रूपये की हवाई यात्रा की टिकट भी नहीं खरीद सकते वे लोग वही टिकट विमानन संचालन संकट के समय भला सत्तर हजार की कैसे खरीद सकते हैं? यदि नहीं तो मोदी के उन जुमलों की क्या हकीकत जिसमें वे दो जून की रोटी भी मुश्किल से खाने वाले गरीब की हवाई यात्रा की जुमलेबाजी करते हैं? हां विमानन क्षेत्र में हो रहे विस्तार से स्पष्ट रूप से विमानन कंपनियों को फायदे जरूर हुए हैं। इंडिगो जैसी कंपनियां ही 66 प्रतिशत से अधिक बाजार पर कब्जा कर चुकी हैं।



तनवीर जाफरी

इंडिगो ने तो अपनी स्थापना के तीन वर्षों में ही लाभ कमाना शुरू कर दिया और लागत नियंत्रण जैसे ईंधन दक्षता से सालाना 850 करोड़ रुपये की बचत की। देश के अनेक छोटे बड़े हवाई अड्डों का संचालन व रख-रखाव अडानी की कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। जिसका फायदा अडानी को पहुंच रहा है। इस बीच में हवाई चप्पलों वाला या 2 वक्त की रोटी भी न खाने पाने वाले किसी व्यक्ति की हवाई यात्रा की गुंजाईश ही कहां नजर आती है? इस तरह की जुमलेबाजियां आकर्षक, लोक लुभावन व भावनाओं को छूने वाली तो जरूर हो सकती हैं परन्तु इनका वास्तविकता से कोई वास्ता नहीं। सच्चाई तो यह है कि गत दिनों आए विमान संकट ने हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा जैसे जुमले ही हवा हवाई कर दिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### कोलंबिया में बस दुर्घटना में 17 लोगों की मौत, 20 घायल

**मेक्सिको सिटी।** कोलंबिया के उत्तर-पश्चिमी प्रांत एंटीओक्विया में रविवार को एक बस के खड्ड में गिर जाने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, यह बस कैरिबियन क्षेत्र के पर्यटक शहर टोलू से चली थी और भ्रमण पर गए बच्चों को लेकर लौट रही थी। एंटीओक्विया के गवर्नर आंद्रेस जूलियन रेंडन ने कहा कि यह दुर्घटना एंटीओक्विया के रेमेडियोस नगर पालिका में हुई।

### चीन की पोयांग झील 90 प्रतिशत तक सिकुड़ी

**नानचांग।** चीन की सबसे बड़ी ताज़े पानी की पोयांग झील 90 प्रतिशत तक सिकुड़ गई है। अधिकारियों ने बताया कि चीन के जियांग्शी प्रांत में शिग्जी हाइड्रोलॉजिकल स्टेशन पर रविवार की सुबह झील का जल स्तर केवल 8 मीटर दर्ज किया गया। इस वर्ष, पोयांग झील का जल स्तर पहली बार 8 अगस्त को 12 मीटर की सूखा चेतावनी रेखा से नीचे चला गया, जो पिछले वर्षों के औसत समय से 87 दिन पहले था। इस वर्ष अब तक झील 217 दिनों तक सूखा चेतावनी रेखा से नीचे रही है, जिसका अर्थ है कि वर्ष का लगभग दो-तिहाई हिस्सा निम्न-जल स्थितियों में रहा।

### म्यांमार ने ऑनलाइन धोखाधड़ी में इस्तेमाल 237 इमारतों को गिराया

**यंगून।** म्यांमार की राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा परिषद की सूचना टीम के नेता ज़ाव मिन टुन ने दूरसंचार धोखाधड़ी और ऑनलाइन जुए को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया। टुन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये अपराध सार्वजनिक विश्वास, आर्थिक सुरक्षा, राष्ट्रीय स्थिरता और देश की गरिमा को कमघेर करते हैं। उन्होंने कहा कि म्यांमार दूरसंचार धोखाधड़ी और ऑनलाइन जुए की गतिविधियों को स्वीकार नहीं करता है और इन्हें खत्म करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है।

# नेतन्याहू ने अल्बनीज को दी थी चेतावनी

## पहले से थी ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमला करने की आशंका




■ इजरायल को ओर से ऑस्ट्रेलिया को हमले लेकर किया गया था आगाह
■ आतंकी हमले के बाद समुद्र तट पर अफरा-तफरी मच गई लोग इधर-उधर भागने लगे

**तेल अवीव।** ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले को लेकर अब एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही है। ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समुदाय के खिलाफ हमले की आशंका पहले से ही थी। इजरायल को ओर से ऑस्ट्रेलिया को इससे लेकर चेतावनी दी गई थी।

ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समुदाय के खिलाफ हमले की आशंका पहले से ही थी। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यहूदी विरोधी भावना के बारे में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंटोनी अल्बनीज को चेताया भी था। सिडनी हमले से यह आशंका सच साबित हुई। आतंकी हमले के बाद समुद्र तट पर अफरा-तफरी मच गई। उत्सव मनाने के लिए जुटे लोगों को जहां-तहां भागकर जान बचानी पड़ी। इजरायली पीएम नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उन्होंने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष को चेतावनी दी थी कि देश की नीतियां यहूदी-विरोधी भावना को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने गोलीबारी को क्रूर हत्या बताया और कहा कि जब नेता चुप रहते हैं तो यहूदी-विरोधी भावना फैलती है। उन्होंने कहा, आपको कमजोरी की जगह कार्रवाई करनी होगी।

दरअसल, ऑस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी यह कोई पहले घटना नहीं है। यहूदियों के खिलाफ आक्रामकता की शुरुआत अक्टूबर 2023 में ही हो गई थी, हमास ने इजरायल पर हमला किया था, जिसमें 1200 से अधिक लोग मारे गए थे। इसके कुछ ही दिनों बाद सिडनी में एक यहूदी बेकरी के सामने लाल रंग का उल्टा त्रिकोण स्प्रे से बनाया गया। हमास के खिलाफ इजरायल ने जबावी सैन्य कार्रवाई शुरू की तो यहूदी विरोधी घटनाओं में और तेजी आई। उसके बाद फिर यह सिलसिला चलता रहा। यहूदियों से जुड़े स्थलों पर हमले किए गए, दीवारों पर आपत्तिजनक नारे लिखे गए। इन घटनाओं के बाद से यहूदी माता पिता अपने बच्चों को डे केयर भेजने से डरने लगे थे। कई यहूदी स्कूलों ने अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की है। हालात को देखते हुए ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने पिछले वर्ष यहूदी विरोध से निपटने के लिए अपना पहला विशेष दूत नियुक्त किया था। ऑस्ट्रेलिया की कुल 2.70 करोड़ आबादी में करीब 1.50 लाख यहूदी समुदाय के लोग हैं। यह समुदाय संख्या में छोटा है, लेकिन समाज में गहराई से जुड़ा हुआ है। अनुमान के मुताबिक, इनमें से करीब एक तिहाई लोग सिडनी के पूर्वी उपनगरों में रहते हैं, जिनमें बोंडाई क्षेत्र भी शामिल है। रविवार को हुए हमले के पास मौजूद एक व्यक्ति ने कहा कि यहूदी होना पिछले कुछ वर्षों में बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है। शायद एक दिन उन्हें इजरायल जाना पड़े। इजरायल यहूदियों के लिए अब वही दुनिया में एकमात्र सुरक्षित जगह नजर आने लगी है।

### सिडनी गोलीकांड में मृतकों की संख्या बढ़कर 16 हुई, मरने वालों में 12 साल का बच्चा भी शामिल

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बॉन्डी बीच पर यहूदी समुदाय के हनुक्का उत्सव के दौरान हुए भीषण गोलीकांड ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। इस आतंकी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। मृतकों में एक 12 साल का बच्चा भी शामिल है। रविवार शाम बॉन्डी बीच पर हनुक्का के पहले दिन के आयोजन के लिए सैकड़ों लोग जमा हुए थे। इसी दौरान हथियारबंद हमलावरों ने भीड़ पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। अधिकारियों के मुताबिक यह हमला खास तौर पर यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया। इस हमले में 38 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर बनी हुई है। न्यू साउथ वेल्स के स्वास्थ्य मंत्री रयान पार्क ने बताया कि रात भर में मृतकों की संख्या 12 से बढ़कर 16 हो गई। इस हमले की सबसे दर्दनाक बात यह रही कि इसमें एक 12 साल के बच्चे की भी जान चली गई। स्वास्थ्य मंत्री रयान पार्क के अनुसार, तीन अन्य बच्चों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों की टीमें घायलों को बचाने की हरसंभव कोशिश कर रही हैं। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों के घायल होने से यह हमला और भी ज्यादा अमानवीय और भयावह हो जाता है।

# ऑस्ट्रेलिया का हीरो अहमद आतंकी साजिद से निहत्था भिड़ा



■ राइफल छीनी, भाई से कहा: कुछ हुआ तो परिवार को बताना कि लोगों को बचाते हुए मरा

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में रविवार को बॉन्डी बीच पर जश्न मना रहे लोगों पर दो आतंकियों ने हमला किया। इस दौरान 44 साल के अहमद अल-अहमद ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की जान बचाई। अहमद अंधाधुंध फायरिंग कर रहे आतंकी साजिद अकरम से निहत्थे भिड़ गए। उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए पीछे से आतंकी पर झपटा मारा और उससे बंदूक छीन ली, जिससे कई लोगों को सुरक्षित निकलने का मौका मिल गया। लोग उन्हें 'ऑस्ट्रेलिया का नया हीरो' कह रहे हैं।

अहमद जब आतंकी साजिद से मुठभेड़ करने जा रहे थे, तब उनके भाई ने उन्हें रोका था। तब अहमद ने कहा था कि अगर मुझे कुछ हुआ तो परिवार को बताना कि मैं लोगों की जान बचाते हुए गया। अहमद अल अहमद बॉन्डी बीच पर अपने चचेरे भाई जोजाय अलकंज के साथ हनुक्का उत्सव में शामिल होने आए थे। दोनों कॉफी पीने बाहर निकले थे। कुछ ही मिनटों बाद ताबड़तोड़ गोलीबारी की आवाजें सुनाई दी। अहमद ने देखा की दो लोग भीड़ पर अंधाधुंध फायरिंग कर रहे हैं। लोग चीखते-चिल्लाते भाग रहे थे। अहमद और जोजाय कारों के पीछे छिप गए। जोजाय डर से कांप रहे थे, अहमद ने उन्हें शांत करते हुए हमलावरों से निपटने की बात कही। जोजाय ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन अहमद ने उनकी बात नहीं सुनी। वे कारों के पीछे से हमलावरों की गतिविधियों पर नजर रखने लगे। अहमद निहत्थे थे, लेकिन अपनी जान की परवाह किए बिना मौका मिलते ही सीधे हमलावर की ओर दौड़े। उन्होंने पीछे से झपटा मारकर 50 साल के आतंकी साजिद अकरम की राइफल छीन ली और उसे धक्का मारकर दूर गिरा दिया। अहमद ने राइफल आतंकी पर तान दी, जिससे डरकर वो पीछे की ओर भागने लगा। उन्होंने आतंकी से गन छीनकर कई लोगों की जान बचाई।

# आतंकी हमला: ऑस्ट्रेलियाई अखबार ने लिखा: यू बास्टर्ड्स

### द डेली टेलीग्राफ ने बेहद कड़ा रुख अपनाया, पुलिस को शक आतंकी पाकिस्तानी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में रविवार को बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में नाराजगी है। इसमें 16 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, 45 लोग घायल हैं। इस हमले को लेकर ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख अखबार द डेली टेलीग्राफ ने बेहद कड़ा रुख अपनाया है।

अखबार ने आतंकी की तस्वीर के साथ फ्रंट पेज पर बड़ी और आक्रामक हेडलाइन दी है-यू बास्टर्ड्स। अखबार लिखता है कि आतंकवादियों ने कल सिडनी के बॉन्डी बीच पर लोगों का नरसंहार किया। यह सिडनी के इतिहास के सबसे काले दिनों में से एक है। आतंकियों के पाकिस्तानी मूल के होने का शक इस घटना में शामिल दोनों आतंकियों की पहचान हो गई है। ये बाप-बेटे हैं। पुलिस को इनके पाकिस्तानी मूल के होने का शक है। ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने खुलासा किया है कि साजिद अकरम 1998 में छात्र वीजा पर ऑस्ट्रेलिया आया था। उसने वेरेना नामक ऑस्ट्रेलियाई महिला से शादी की और अपना वीजा पार्टनर वीजा में बदल लिया। तब से वह रेजिडेंट रिटर्न वीजा पर था। यानी साजिद अकरम के पास ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता नहीं थी। बर्क ने यह नहीं बताया कि अकरम ऑस्ट्रेलिया में कहां से आकर बसा था। हालांकि उन्होंने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि वह पाकिस्तान से आया था। अकरम के बेटे नवीद का जन्म 2001 में ऑस्ट्रेलिया में हुआ था। वह एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक है। नवीद अक्टूबर 2019 में ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा खुफिया संगठन (एएसआईओ) के जांच के घेरे में आया था। हालांकि, उस समय उनके खिलाफ हिंसा में शामिल होने या किसी भी प्रकार के खतरे का कोई संकेत नहीं मिला था। हमले को लेकर वेरेना ने मीडिया को बताया कि मुझे यकीन नहीं हो रहा है कि उसने कोई आतंकी हमला किया है। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा बहुत अच्छा है।

# पीएम मोदी 7 साल बाद जॉर्डन पहुंचे

## एयरपोर्ट पर पीएम जाफर ने स्वागत किया, किंग अब्दुल्लाह से द्विपक्षीय बातचीत करेंगे



■ यह यात्रा भारत और जॉर्डन के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर हो रही है

**अम्मान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दो दिन के दौरे पर जॉर्डन पहुंच गए हैं। जॉर्डन के पीएम जाफर हसन ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। मोदी का यह दौरा किंग अब्दुल्ला के निमंत्रण पर हो रहा है। पीएम मोदी उनसे द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। यह यात्रा भारत और जॉर्डन के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर हो रही है।

वे 7 साल बाद जॉर्डन पहुंचे हैं। इससे पहले वे 2018 में एक ट्रांजिट विजिट के दौरान जॉर्डन में रुके थे। पीएम मोदी के होटल पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम ने भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात और बातचीत की। जॉर्डन के अम्मान पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया। जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। भारत और जॉर्डन ने 1950 में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे, जिसके 2025 में 75 साल पूरे हो गए हैं। मोदी इसी मौके पर जॉर्डन जा रहे हैं। भारत, जॉर्डन का चौथा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 26033 करोड़ रुपये का व्यापार हुआ। इसमें भारत का निर्यात करीब 13266 करोड़ रुपए था। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 5 अरब डॉलर यानी 45275 करोड़ करने का लक्ष्य रखा है। भारत, जॉर्डन से बड़ी मात्रा में रॉक फॉस्फेट और फर्टिलाइजर का कच्चा माल खरीदता है। भारत के कुल रॉक फॉस्फेट आयात में जॉर्डन की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत है। दूसरी तरफ जॉर्डन भारत से मशीनरी, पेट्रोलियम, अनाज, रसायन, मीट, ऑटो पार्ट्स और उद्योगों से जुड़े उत्पादों का आयात करता है। भारतीय कंपनियों ने जॉर्डन के फॉस्फेट और टेक्सटाइल सेक्टर में 1.5 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। भारत में साल 2023 में जी-20 समिट के दौरान पहली बार इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर (आईएमईसी) का ऐलान हुआ। यह एक इंटरनेशनल ट्रेड रूट का प्लान है, जिसके जरिए भारत का सामान मिडिल ईस्ट से होते हुए यूरोप तक पहुंचाया जाएगा। आईएमईसी को चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का विकल्प बताया जा रहा है। बीआरआई भी एक इंटरनेशनल रूट है जिसमें एशिया, अफ्रीका और यूरोप को जोड़ने का प्लान है। इसकी शुरुआत 2013 में हो चुकी है। आईएमईसी कॉरिडोर में भारत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, जॉर्डन, इजराइल, ग्रीस, इटली, फ्रांस, अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और जर्मनी शामिल हैं।

# लथूरा बंधुओं का केस अब थाईलैंड के अफसरों के पास

## कानूनी मानवाधिकार के पहलुओं पर भी होगा विचार, कम है तुरंत भारत लौटने की संभावना



**बैंकॉक।** उत्तर गोवा के अर्पोरा में स्थित नाइटक्लब 'बिर्च बाय रोमियो लेन' में छह दिसम्बर को हुए अग्निकांड मामले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया।

इस हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई थी। ऐसे में अब मामले में बड़ी कानूनी कार्रवाई थाईलैंड में होने जा रही है। इस नाइटक्लब के सह-मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा के खिलाफ मामला अब बैंकॉक की एक अदालत में सुना जा सकता है, जहां आगे की कार्रवाई पर फैसला होगा। बता दें कि आग की घटना के तुरंत बाद लूथरा बंधु थाईलैंड के फुकेत चले गए थे। इसके बाद उनके खिलाफ इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया। भारतीय दूतावास के हस्तक्षेप के बाद 11 दिसम्बर को थाई अधिकारियों ने दोनों को हिरासत में लिया। मामले में अब बताया जा रहा है कि लूथरा बंधु वैध दस्तावेजों पर थाईलैंड पहुंचे थे, लेकिन बाद में भारत द्वारा पासपोर्ट रद्द किए जाने से वे वहां बिना वैध दस्तावेजों के रह गए। इस वजह से थाई अधिकारी इस मामले को मानवाधिकार और कानून दोनों नजरिए से देख रहे हैं। भारतीय दूतावास के सूत्रों के मुताबिक, दोनों भाइयों से जुड़े सभी जरूरी दस्तावेज कानूनी प्रक्रिया के तहत थाईलैंड को सौंप दिए गए हैं। अब मामला बैंकॉक कोर्ट में जाएगा, हालांकि सुनवाई कब शुरू होगी, इसका समय अभी तय नहीं है। वहीं दूसरी ओर बीते दिनों भारत सरकार ने दोनों भाइयों के पासपोर्ट रद्द कर दिए हैं और थाईलैंड को एक डोजियर सौंपा है, जिसमें 25 लोगों की मौत में उनकी भूमिका का आरोप लगाया गया है। सूत्रों के अनुसार, ये आरोप साधारण लापरवाही से आगे के हैं। भारत ने थाई सरकार से लूथरा बंधुओं को भारत भेजने (डिपोर्ट करने) की औपचारिक मांग भी की है। हालांकि थाई अधिकारी इस मामले के कानूनी पहलुओं की गहराई से जांच कर रहे हैं। हालांकि दूसरी ओर भारतीय दूतावास के सूत्रों का कहना है कि कानूनी और कूटनीतिक प्रक्रियाओं के चलते लूथरा बंधुओं की तुरंत भारत वापसी संभव नहीं है। ऐसे में बैंकॉक की अदालत में सभी पक्षों की दलीलें सुनी जाएंगी, इसके बाद ही कोई अंतिम फैसला होगा।

### पाक नौसेना ने लंबी दूरी की मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी नौसेना ने सोमवार को उत्तरी अरब सागर में लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया। पाक सेना ने बयान जारी कर इसकी सूचना दी। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के मीडिया विभाग ने बयान में कहा कि पाकिस्तानी नौसेना के जहाज ने फायरपावर प्रदर्शन के दौरान हवाई गतिशील लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से निशाना बनाया। इससे नौसेना की युद्ध क्षमता और युद्ध की तैयारी की पुष्टि हुई। पाकिस्तानी बेड़े के कमांडर रियर एडमिरल अब्दुल मुनीब ने पाकिस्तान नौसेना की एक बेड़ा इकाई में सवार होकर समुद्र में लाइव फायरिग देखी।



**गुरुग्राम।** सर्दी के मौसम में छाई धुंध के बीच साइकिल लेकर रेलवे ट्रैक पार करते लोग।

### हॉलीवुड निर्देशक रॉब रेनर और पत्नी की हत्या, बेटा मुख्य संदिग्ध

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के जाने-माने फिल्म निर्माता और अभिनेता रॉब रेनर और उनकी पत्नी, मिशेल सिगर रेनर, लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर में मृत पाए गए हैं। 'पीपल' पत्रिका ने कई सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। लॉस एंजिल्स अग्निशमन विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। दमकलर्मियों ने रेनर के घर से दो व्यक्तियों के शव मिलने की सूचना दी। टीएमजेड पोर्टल के अनुसार कि दोनों पीड़ितों के शरीर पर छुरा घोपने के निशान मिले जो गहरे कटे हुए थे। पत्रिका के सूत्रों के अनुसार, इस हत्या के मामले में दंपति के बेटे निक रेनर मुख्य संदिग्ध हैं, जिसका नशीली दवाओं के दुरुपयोग का एक लंबा इतिहास रहा है।







# चिली: जोस एंटोनियो कास्ट ने राष्ट्रपति चुनाव जीता



■ कास्ट ने अपनी जीत के बाद 'एक्स' पर पोस्ट किया कि धन्यवाद, चिली

**सैंटियागो।** दक्षिण अमेरिकी देश चिली में जोस एंटोनियो कास्ट देश के नए राष्ट्रपति होंगे। वह अगले साल 26 मार्च को कार्यभार संभालेंगे। कास्ट दक्षिणपंथी रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार थे। वह राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर में विजई रहे। चिली की निर्वाचन सेवा के अनुसार, कास्ट ने दूसरे दौर में 99.33 प्रतिशत वोटों की गिनती पूरी होने पर 58.18 प्रतिशत मत हासिल किए, जबकि सत्तारूढ़ वामपंथी गठबंधन की उम्मीदवार जीननेट जारा को 41.82 प्रतिशत मत मिले।

कास्ट ने अपनी जीत के बाद 'एक्स' पर पोस्ट किया कि धन्यवाद, चिली। अब काम पर लगने का समय है! उन्होंने पोस्ट के साथ जीत समारोह की एक तस्वीर भी साझा की। जीत का जश्न मनाने के लिए जमा हुई भीड़ को संबोधित करते हुए कास्ट ने कहा कि यह न तो कोई व्यक्तिगत उपलब्धि है और न ही यह किसी पार्टी की उपलब्धि है। यहां चिली जीता है, इस आशा के साथ कि अब डर में नहीं जीना पड़ेगा। एक ऐसे चिली की आशा के साथ जो काम करता है। सुजारा ने कास्ट से अपनी हार स्वीकार करते हुए रविवार को सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दी। वर्तमान राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने भी उन्हें उनकी जीत पर बधाई दी। सुजारा ने सोशल मीडिया पर लिखा कि लोकतंत्र ने जोर-शोर से अपनी बात कही है। मैंने अभी-अभी कास्ट से बात करके चिली की भलाई के लिए उन्हें सफलता की शुभकामना दी है। गौरतलब है कि 59 वर्षीय कास्ट 11 मार्च, 2026 को पदभार संभालेंगे। चुनाव प्रचार के दौरान, उन्होंने जन सुरक्षा, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए उच्च-सुरक्षा जेलों के निर्माण और आपराधिक समूहों के लिए सजा बढ़ाने की वकालत की। कास्ट ने बड़े पैमाने पर अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करने और सीमावर्ती क्षेत्रों पर नियंत्रण मजबूत करने की भी वकालत की। 16 नवम्बर को हुए पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से अधिक मत नहीं मिले थे, जिसके कारण सुजारा और कास्ट को दूसरे दौर में प्रतिस्पर्धा करनी पड़ी।

### हांगकांग में चीन विरोधी दंगों को उकसाने के दोषी पाए गए लाई

**हांगकांग।** हांगकांग में चीन विरोधी दंगों को उकसाने, बाहरी ताकतों के साथ मिलकर साजिश रचने और राजद्रोह से संबंधित सामग्री प्रकाशित करने के आरोपों में जिमी लाई को सोमवार को दोषी पाया गया। हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र के उच्च न्यायालय ने लाई और अब बंद हो चुके अखबार एप्पल डेली एवं तीन कंपनियों के खिलाफ यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सुनाया। प्रतिवादियों में लाई, एप्पल डेली लिमिटेड, एप्पल डेली प्रिंटिंग लिमिटेड और एप्पल डेली इंटरनेट लिमिटेड शामिल हैं। इन सभी पर राजद्रोह संबंधी सामग्री प्रकाशित करने और बाहरी ताकतों के साथ मिलीभगत की साजिश रचने के आरोप थे। लाई पर बाहरी ताकतों के साथ मिलीभगत की साजिश रचने का एक अलग आरोप भी था। यह मुकदमा आधिकारिक तौर पर 18 दिसम्बर, 2023 को शुरू हुआ और इसकी अध्यक्षता हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत नियुक्त तीन न्यायाधीशों द्वारा की गई। अभियोजन पक्ष ने 11 जून, 2024 को अंतिम तौर पर अपने साक्ष्य प्रस्तुत किए और 25 जुलाई को अदालत ने फैसला सुनाया कि सभी आरोप सत्य पाए गए हैं। लाई की गवाही 20 नवम्बर, 2024 को शुरू हुई और मार्च 2025 में समाप्त हुई।